शनिवार, 13 दिसम्बर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 16 – 26 |
| आर्द्रता | 62% |
| सूर्योदय: 06:07 | सूर्यास्त: 16:53 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष नवमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : ज्ञानी और अज्ञानी को समझा सकते हैं, लेकिन अभिमानी को वक्त समझाता है।



प्रत्येक व्यक्ति महत्वपूर्ण, यह समय देश के लिए मरने का नहीं बल्कि जीने का : भागवत पृष्ठ 7

## भारत में रूसी कच्चे तेल का आयात नवंबर में पांच माह के उच्च स्तर पर

**नयी दिल्ली :** भारत का रूस से कच्चा तेल आयात नवंबर में चार प्रतिशत बढ़कर पांच महीनों में सबसे अधिक 2.6 अरब यूरो तक पहुंच गया। इस तेल से परिष्कृत ईंधन की बड़ी मात्रा ऑस्ट्रेलिया को निर्यात की गई। यूरोप के एक शोध संस्थान ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (सीआरईए) ने एक रिपोर्ट में कहा कि रूसी कच्चे तेल के मामले में भारत नवंबर में चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा खरीदार रहा। इसके पहले अक्टूबर में भारत ने रूस से 2.5 अरब यूरो का कच्चा तेल खरीदा था। नवंबर में रूस के कुल कच्चे तेल निर्यात का 47 प्रतिशत चीन, 38 प्रतिशत भारत, छह प्रतिशत तुर्किये और छह प्रतिशत यूरोपीय संघ के हिस्से गया। सीआरईए ने कहा कि भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात अक्टूबर की तुलना में चार प्रतिशत बढ़ गया जबकि कुल आयात मात्रा लगभग स्थिर रही।

# मंत्रिमंडल ने 2027 की जनगणना के लिए मंजूरी दी

## 11,718 करोड़ रुपये स्वीकृत

- पहली बार जाति गणना को भी शामिल किया गया
- एक व्यक्ति की जनगणना पर 97 रुपए खर्च आएगा



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कैबिनेट फैसलों के बारे में जानकारी दी

**जनगणना के नतीजे विकास के लिए दिशा-निर्देशक साबित होंगे : अमित शाह**

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनगणना 2027 करवाने के लिए 11,718 करोड़ रुपये की मंजूरी दी, जिसमें पहली बार जाति गणना को भी शामिल किया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को बताया कि शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में जनगणना कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है, जो अपनी तरह की पहली डिजिटल जनगणना होगी। लगभग 30 लाख कर्मचारी राष्ट्रीय महत्व के इस वृहद कार्य को पूरा करेंगे। स्वतंत्रता के बाद से जनगणना का 16वां संस्करण नागरिकों को स्वयं गणना करने का विकल्प भी प्रदान करेगा। देश भर में कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण 2021 में होने वाली यह दशकीय कवायद स्थगित कर दी गई थी। मंत्री ने कहा कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। इसके तहत अप्रैल से सितंबर 2026 तक मकानों की सूची बनाने और आवास जनगणना का काम होगा; और फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना की जाएगी। उन्होंने कहा कि लद्दाख और जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फ से ढके दूर दराज के क्षेत्रों के लिए जनगणना कवायद सितंबर 2026 में होगी। वैष्णव ने पत्रकारों से कहा, यह पहली डिजिटल जनगणना होगी। मंत्री ने बताया कि लगभग 30 लाख जनगणनाकर्मी प्रत्येक घर का दौरा करेंगे और घर-परिवार सूचीकरण, आवास गणना और जनसंख्या गणना के लिए अलग-अलग प्रश्नावली के माध्यम से सर्वेक्षण करेंगे। इससे 1.02 करोड़ मानव दिवस का रोजगार सृजित होगा। वैष्णव ने कहा कि संपूर्ण डिजिटल जनगणना प्रणाली को एक अत्यंत सुदृढ़ प्रणाली के रूप में तैयार किया गया है और इस पर व्यक्तिगत डेटा संरक्षण से संबंधित सभी कानून लागू होंगे। उन्होंने कहा कि जनगणना प्रत्येक व्यक्ति और परिवार का सूक्ष्म स्तर का और व्यापक स्तर का डेटा प्रस्तुत करेगी। मंत्री ने कहा, प्रत्येक परिवार से सूक्ष्म स्तर के आंकड़े एकत्र किए जाएंगे और एक व्यापक तस्वीर प्रस्तुत की जाएगी। व्यक्तिगत आंकड़े गोपनीय रखे जाएंगे जबकि जनगणना के व्यापक स्तर के आंकड़े प्रकाशित किए जाएंगे।

# अब तक ममता के विधानसभा क्षेत्र में 45 हजार और शुभेंदु के नंदीग्राम में 10,500 नाम हटने के आसार

- राज्य में सबसे अधिक दक्षिण 24 परगना जिले में 8.16 लाख से अधिक मतदाताओं को हटने के आंकड़े आए हैं सामने

**कोलकाता :** बंगाल में गुरुवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआइआर) प्रक्रिया के तहत गणना फार्म स्वीकार करने की समय सीमा समाप्त होने के 24 घंटे के भीतर, चुनाव आयोग ने विधानसभा-वार मतदाता सूची से हटाए गए नामों के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इन आंकड़ों के अनुसार, अब तक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विधानसभा क्षेत्र भवानीपुर में जितने नाम हटाए गए हैं, वह संख्या नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के विधानसभा क्षेत्र नंदीग्राम से लगभग चार गुना अधिक है। चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, भवानीपुर में मतदाताओं की संख्या (जनवरी 2025 में प्रकाशित सूची के अनुसार) 1,61,509 थी, जिसमें से 44,787 नाम हटाए गए हैं, जो लगभग 45,000 है। वहीं, शुभेंदु अधिकारी के नंदीग्राम में मतदाताओं की संख्या 2,78,212 थी, जहां 10,599 नाम मतदाता सूची से बाहर हुए हैं। इस संख्या को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है। गौरतलब है कि 2021 के विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी को नंदीग्राम में शुभेंदु अधिकारी से 1,956 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। बाद में ममता बनर्जी भवानीपुर उपचुनाव जीतकर विधान सभा पहुंची थीं। हटाए गए नामों को विभिन्न श्रेणियों में बांटा गया है, जैसे- मृतक, स्थानांतरित या एक से अधिक जगहों पर नाम होना। भवानीपुर से भी अधिक नाम कोलकाता के मेयर और मंत्री फिरहाद हाकिम के विधानसभा क्षेत्र कोलकाता पोर्ट में हटाए गए हैं, जिसकी संख्या 63,730 है। मंत्री अरूप विश्वास के टालीगंज में 35,309 नाम सूची से बाहर हुए हैं। भाजपा के अग्निमित्रा पाल के आसनसोल दक्षिण में 39,202 और शंकर घोष के सिलीगुड़ी में 31,181 नाम हटने के आकंड़े सामने आए हैं। जिला-वार सबसे ज्यादा नाम दक्षिण 24 परगना में हटाए गए हैं, जहां यह संख्या 8,16,047 है। वहीं, राज्य की 294 विधानसभाओं में सबसे ज्यादा नाम उत्तर कोलकाता के चौरंगी में हटाए गए हैं, जहां 74,553 नाम बाहर हुए हैं। सबसे कम 5,678 नाम बांकुड़ा के कोतुलपुर विधानसभा में हटाए गए हैं। एसआइआर के पहले चरण में कुल 58 लाख से अधिक नाम सूची से हटाए गए हैं। चुनाव आयोग अगले मंगलवार को मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित करेगा। इसके बाद काफी हद तक पता चल जाएगा कि राज्य में कितने नाम मतदाता सूची से हट सकते हैं।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अनुपयोगी हो चुके 71 कानूनों को निरस्त करने की मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को उन 71 कानूनों को निरस्त करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी, जिनकी उपयोगिता कानून की किताबों में समाप्त हो चुकी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इन 71 कानूनों में से 65 प्रमुख अधिनियमों में संशोधन हैं और छह प्रमुख कानून हैं। अधिकारियों ने बताया कि निरस्त किए जाने वाले प्रस्तावित कानूनों में से कम से कम एक कानून ब्रिटिश काल का है। एक अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित निरसन और संशोधन विधेयक का उद्देश्य औपनिवेशिक कानूनों को रद्द करना नहीं है, बल्कि उन अधिनियमों को हटाना है, जिनकी उपयोगिता समाप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया, ''संसद द्वारा संशोधन पारित हो जाने के बाद वह मूल कानून में समाहित हो जाता है। फिर वह केवल कानूनों की किताबों में अनावश्यक बोझ डालता है। इसका इस्तेमाल अब समाप्त हो चुका है, लेकिन यह अब भी मौजूद है, जिससे भ्रम पैदा होता है।'' अब तक 1,562 पुराने अप्रचलित कानूनों को निरस्त किया जा चुका है। एक बार प्रस्तावित विधेयक को संसद की मंजूरी मिल जाने के बाद, निरस्त किए जाने वाले कानूनों की कुल संख्या 1,633 हो जाएगी।

## निर्वाचन आयोग ने आठ राज्यों में एसआईआर पर्यवेक्षकों को तैनात किया

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से आठ राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की निगरानी के लिए 'विशेष मतदाता सूची पर्यवेक्षकों' (एसआरओ) को तैनात किया है। आयोग ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। बयान में कहा गया कि एसआरओ ने अपना काम शुरू कर दिया है और उम्मीद है कि वे फरवरी 2026 में अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होने तक इन राज्यों में सप्ताह में दो दिन उपस्थित रहेंगे। इसमें कहा गया कि पर्यवेक्षक सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय नेतृत्व के साथ बैठकें करेंगे। एसआरओ राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठकों में प्रत्यक्ष या ऑनलाइन माध्यम से भाग लेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एसआईआर की संपूर्ण प्रक्रिया सुचारू, पारदर्शी और सहभागी तरीके से पूरी हो। वे एसआईआर प्रक्रिया का निरीक्षण करेंगे, ताकि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए और कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो जाए।

# न्यायमूर्ति स्वामीनाथन को पद से हटाने के प्रयासों की 56 पूर्व न्यायाधीशों ने निंदा की

- जस्टिस स्वामीनाथन ने मदुरै के तिरुप-परनकुंद्रम मंदिर में दीप स्तंभ पर दीप जलाने की अनुमति दी थी
- रिटायर्ड जज जस्टिस सुधीर सक-सेना ने इस मुद्दे पर सियासत को न्यायिक स्वतंत्रता के लिए खतरनाक बताया हैं



**नयी दिल्ली :** द्रमुक द्वारा मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जी आर स्वामीनाथन को पद से हटाने के प्रयास की निंदा करते हुए शुक्रवार को 56 पूर्व न्यायाधीशों ने एक बयान जारी किया और इसे ''न्यायाधीशों को डराने-धमकाने का एक निर्लज्ज प्रयास'' बताया। एक दिसंबर को न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने फैसला सुनाया कि अरुलमिघु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर, उची पिल्लैयार मंडपम के पास प्रथागत दीपक जलाने के अतिरिक्त, दीपाथून में भी दीपक जलाने के लिए कर्तव्यबद्ध है। एकल न्यायाधीश की पीठ ने कहा कि ऐसा करने से निकटवर्ती दरगाह या मुस्लिम समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन नहीं होगा। इस आदेश से विवाद खड़ा हो गया और नौ दिसंबर को द्रमुक के नेतृत्व में कई विपक्षी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को न्यायाधीश को हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने का नोटिस सौंपा। बयान में कहा गया, ''यह समाज के एक विशेष वर्ग की वैचारिक और राजनीतिक अपेक्षाओं के अनुरूप न चलने वाले न्यायाधीशों को धमकाने का एक निर्लज्ज प्रयास है। यदि ऐसे प्रयास को जारी रहने दिया गया, तो यह हमारे लोकतंत्र और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की जड़ों को ही नष्ट कर देगा।'' इसमें कहा गया है कि यदि हस्ताक्षरकर्ता सांसदों द्वारा बताए गए कारणों को अक्षरशः मान भी लिया जाए, तो भी ये पद से हटाने जैसे दुर्लभ, असाधारण और गंभीर संवैधानिक उपाय का सहारा लेने के लिए अपर्याप्त हैं। बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में उच्चतम न्यायालय के दो पूर्व न्यायाधीश, विभिन्न उच्च न्यायालयों के पांच पूर्व मुख्य न्यायाधीश और 49 सेवानिवृत्त न्यायाधीश शामिल हैं।

# बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई को मंत्रिमंडल की मंजूरी, संसद में होगा पेश

- पॉलिसीधारकों और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा
- 2047 तक हर नागरिक को इंश्योरेंस का लक्ष्य

**नयी दिल्ली:** देश में बीमा कवरेज बढ़ाने और इस क्षेत्र में अधिक पूंजी आकर्षित करने के लक्ष्य के तहत केंद्र सरकार ने शुक्रवार को बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह विधेयक संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र में ही पेश किया जा सकता है। यह सत्र 19 दिसंबर को समाप्त होने वाला है। लोकसभा के एक बुलेटिन के मुताबिक, बीमा कानून (संशोधन) विधेयक, 2025 को संसद के मौजूदा सत्र की कार्यसूची में शामिल किया गया है। इस विधेयक का उद्देश्य बीमा क्षेत्र में प्रसार बढ़ाना, वृद्धि की रफ्तार बढ़ाना और कारोबारी सुगमता में सुधार लाना है। सूत्रों ने कहा कि सरकार इस विधेयक को सोमवार को संसद में पेश कर सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 का आम बजट पेश करते समय बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश सीमा को 100 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा था। अब तक बीमा क्षेत्र में 82,000 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश आ चुका है। वित्त मंत्रालय ने बीमा अधिनियम, 1938 के कई प्रावधानों में बदलाव का प्रस्ताव रखा है। इनमें बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा को बढ़ाकर 100 प्रतिशत करना, न्यूनतम चुकता पूंजी को घटाना और संयुक्त बीमा लाइसेंस की व्यवस्था शुरू करना शामिल है। सूत्रों के मुताबिक, विधेयक में यह प्रावधान रखा गया है कि बीमा कंपनियों के शीर्ष प्रबंधन- चेयरमैन, प्रबंध निदेशक (एमडी) या मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) में से कम-से-कम एक व्यक्ति का भारतीय नागरिक होना अनिवार्य होगा। समग्र विधायी प्रक्रिया के तहत बीमा अधिनियम, 1938 के साथ एलआईसी अधिनियम, 1956 और इरडा अधिनियम, 1999 में भी संशोधन किए जाएंगे। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन इसके निदेशक मंडल को शाखा विस्तार और भर्ती जैसे संचालन संबंधी निर्णय स्वतंत्र रूप से लेने का अधिकार देगा। इससे पॉलिसीधारकों की सुरक्षा बढ़ेगी, नई कंपनियों का प्रवेश आसान होगा और बीमा क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा एवं नवाचार बढ़ेगा।

## मंत्रिमंडल ने मनरेगा का नाम बदलकर 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' करने वाले विधेयक को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का नाम बदलने और कार्यदिवसों की संख्या बढ़ाने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, इस योजना का नाम बदलकर अब 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' कर दिया जाएगा और इसके तहत कार्यदिवसों की संख्या वर्तमान में 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, जिसे मनरेगा या नरेगा के नाम से जाना जाता है, सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाना है। इस योजना के तहत प्रत्येक परिवार को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों का गारंटीकृत रोजगार प्रदान किया जाता है। इसे 2005 में लागू किया गया था।

# ममता बनर्जी ने अंतिम दिन भरा एसआईआर फॉर्म, भाजपा ने घेरा

**कोलकाता :** भाजपा नेता अमित मालवीय ने शुक्रवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला है। मालवीय ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने एक बार फिर भ्रामक बयानबाजी का सहारा लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अंतिम दिन अपना एन्यूमरेशन फॉर्म भरा, जबकि कुछ घंटे पहले ही कृष्णानगर की रैली में उन्होंने दावा किया था कि वे फॉर्म नहीं भरेंगी। अमित मालवीय ने अपने पोस्ट में लिखा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर गुमराह करने की अपनी प्रवृत्ति दिखाई है। उन्होंने अंतिम दिन अपना विधिवत भरा और हस्ताक्षरित एन्यूमरेशन फॉर्म जमा किया, लेकिन कुछ घंटे पहले ही कृष्णानगर की रैली से उन्होंने झूठा दावा किया था कि वे इसे बिल्कुल नहीं भरेंगी। मालवीय ने आगे कहा, महीनों तक गलत सूचना फैलाने और पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को भ्रमित करने के प्रयासों के बाद, ममता बनर्जी ने आखिरकार 11 दिसंबर 2025 को अपना एसआईआर एन्यूमरेशन फॉर्म जमा कर दिया, ताकि पश्चिम बंगाल की वैध मतदाता बनी रह सकें। भाजपा नेता ने दावा किया कि बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी के नाटक पर ध्यान नहीं दिया और लगभग सौ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने फॉर्म पूरे करके जमा कर दिए। उन्होंने कहा, इस जबरदस्त भागीदारी के कारण चुनाव आयोग को राज्य में इस प्रक्रिया के समय को बढ़ाने की जरूरत नहीं पड़ी। मालवीय ने कहा, यह पूरा प्रकरण एक बात साफ तौर पर साबित करता है कि बंगाल के मतदाता अब ममता बनर्जी द्वारा फैलाए गए झूठ पर भरोसा नहीं करते हैं। टीएमसी सरकार की समाप्ति की तारीख तेजी से नजदीक आ रही है।




# इंडिगो सीसीआई की जांच के घेरे में, प्रतिस्पर्धा मानदंडों के उल्लंघन की आशंका की जांच जारी

## इंडिगो ने शुक्रवार को दिल्ली औंर बेंगलुरु में 160 उड़ानें रद्द कीं



### डीजीसीए ने चार उड़ान परिचालन निरीक्षकों को किया निलंबित

**मुंबई :** विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने इंडिगो के परिचालन में भारी व्यवधान उत्पन्न करने के आरोप में चार उड़ान परिचालन निरीक्षकों (एफओआई) को निलंबित कर दिया है। विमानन कंपनी ने शुक्रवार को बेंगलुरु हवाई अड्डे से 50 से अधिक उड़ानें रद्द की हैं। उड़ान परिचालन निरीक्षक (एफओआई), नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के वरिष्ठ अधिकारी होते हैं जो इसके नियामक एवं सुरक्षा निरीक्षण कार्यों को अंजाम देते हैं और अकसर विमानन कंपनी के परिचालन की निगरानी के लिए तैनात किए जाते हैं।

**नयी दिल्ली :** निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई इस बात की जांच कर रहा है कि क्या देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो ने प्रतिस्पर्धा मानदंडों का उल्लंघन किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह जानकारी विमानन कंपनी के उड़ान व्यवधानों को लेकर नियामक जांच का सामना करने के बीच सामने आई है। घरेलू बाजार में 65 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रखने वाली इंडिगो ने दो दिसंबर से सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दीं जिससे हजारों यात्रियों को परेशानी हुई है। अब स्थिति स्थिर हो रही है। विमानन सुरक्षा नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) उड़ान व्यवधानों की जांच करने के साथ-साथ इंडिगो के परिचालन की निगरानी भी बढ़ा रहा है। वहीं कुछ हलकों में इस बात को लेकर चिंताएं हैं कि क्या विमानन कंपनी की प्रमुख स्थिति भी इसका एक कारण हो सकती है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सी-सीआई) आंतरिक रूप से इस बात की जांच कर रहा है कि क्या इंडिगो ने प्रतिस्पर्धा मानदंडों का उल्लंघन किया है। अधिकारी ने बताया कि समग्र प्रभुत्व की स्थिति, विशेष मार्गों पर प्रभुत्व और क्या प्रभुत्व का दुरुपयोग हो रहा है जैसे विभिन्न पहलुओं की जांच की जाएगी।

**इंडिगो के उड़ान व्यवधान की जांच के लिए बाहरी विमानन विशेषज्ञ नियुक्त**

इंडिगो के निदेशक मंडल ने उड़ानों के परिचालन में हाल में आए व्यापक व्यवधानों के मूल कारणों का विश्लेषण करने के लिए शुक्रवार को एक बाहरी विमानन विशेषज्ञ की नियुक्ति की घोषणा की। इंडिगो ने एक बयान में कहा कि स्वतंत्र विमानन विशेषज्ञ जल्द से जल्द समीक्षा शुरू करेंगे और निदेशक मंडल को एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

**इंडिगो 'कम किये गये' उड़ान कार्यक्रम के तहत 2000 से अधिक उड़ानों का परिचालन कर रही**

मुंबई : इंडिगो ने कहा है कि उसने संशोधन के बाद 'कम किये गये' उड़ान कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को 2,000 से अधिक उड़ानों का परिचालन कर रही है। शीतकालीन कार्यक्रम के तहत इंडिगो को घरेलू मार्गों पर प्रति सप्ताह 15,014 उड़ानें, या प्रति दिन 2,144 उड़ानें संचालित करने की अनुमति दी गई थी। शीतकालीन उड़ान कार्यक्रम अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में शुरू हुआ जो अगले वर्ष मार्च के अंतिम सप्ताह तक चलेगा। एयरलाइन ने कहा, ''इंडिगो की संशोधन के बाद कम किये गये अपने कार्यक्रम के अनुसार 2,000 से अधिक उड़ानें परिचालित करने की तैयारी है।''

## सरकार ऐसा कार्यक्रम शुरू कर रही है, जिससे भारत में ही हवाई जहाज बनेंगे : नायडू



**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि विमानों की उपलब्धता और आपूर्ति विमानन क्षेत्र की सबसे गंभीर समस्या है तथा वह एक ऐसा कार्यक्रम शुरू कर रही है, जिससे भविष्य में अपने देश में ही हवाई जहाज बन सकेंगे। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने लोकसभा में कांग्रेस सदस्य शफी परम्बिल के निजी संकल्प पर हुई चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विमानन क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या निर्माण क्षेत्र में गिनी-चुनी कंपनियों का मौजूद होना और बढ़ती मांगों के अनुरूप इनकी आपूर्ति संभव नहीं हो पाना है। नायडू ने कहा कि सरकार ऐसे कार्यक्रम पर विचार कर रही है, जिससे भारत में ही विमान बनाये जा सकेंगे। उन्होंने कहा, ''हमारे पास भारत निर्मित विमान भी होंगे।'' उन्होंने कहा, ''रूसी सुखोई एसजे-100 एक यथोचित कंपनी है, और हम इससे बातचीत कर रहे हैं। एचएएल (हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक लिमिटेड) के जरिये इसके साथ सहमति ज्ञापन पर बातचीत चल रही है, ताकि हम टेक्नॉलोजी यहां ला सकें और विमान यहीं बन सके।'' उन्होंने विमान निर्माता कंपनी एम्ब्रेयर का भी जिक्र करते हुए कहा कि सरकार इससे भी बातचीत कर रही है। उन्होंने कहा, ''हम इम्ब्रेयर से बात कर रहे हैं और उसे यहां अपनी निर्माण इकाई लगाने का अनुरोध कर रहे हैं, ताकि हवाई जहाज का निर्माण भारत में ही हो सके।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विमानन क्षेत्र में लीज पर हवाई जहाज लेने की परंपरा है और भारत को आयरलैंड, अरब और सिंगापुर की तरह एक लीज हब बनाने पर विचार किया जा रहा है।



## सोशल मीडिया प्रतिबंध की आस्ट्रेलियाई पहल

पश्चिमी देश, जिस सोशल मीडिया के गुणगान करते नहीं अघाते थे, अब उन्हें इससे बच्चों में पनपती विकृतियों की हकीकत समझ में आने लगी है। सुगबुगाहट तो ब्रिटेन से लेकर अमेरिका तक प्रतिबंधों को लेकर हो रही है, लेकिन इस दिशा में पहल करने का साहस आस्ट्रेलिया ने सुधारवादियों के दबाव में उठाया है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने कहा है कि वे बड़ी तकनीकी कंपनियों के अधिकार इसलिए वापस ले रहे हैं ताकि बच्चों के बच्चे होने के अधिकार और माता-पिता की मानसिक शांति के अधिकार की रक्षा हो सके। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया है कि यह सुधार जिंदगियां बदल देगा। साथ ही आस्ट्रेलिया के बच्चों को बचपन जीने का मौका देगा। आज दुनिया के तमाम देश मंथन कर रहे हैं यदि आस्ट्रेलिया यह पहल कर सकता है तो वे क्यों नहीं कर सकते। इनमें वे तमाम अभिभावक भी शामिल हैं जो अपने बच्चों की आत्महत्या के लिये सोशल मीडिया को जिम्मेदार मानते हैं। उल्लेखनीय है कि आस्ट्रेलिया में यदि सोशल मीडिया मंच 16 साल से कम उम्र के बच्चों के अकाउंट हटाने में असफल रहते हैं, तो उन्हें करीबन पांच करोड़ आस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना चुकाने के लिये बाध्य होना पड़ सकता है। आस्ट्रेलियाई सरकार क्रिसमस तक मूल्यांकन करेगी कि ये प्रतिबंध कितने कारगर साबित हुए हैं। निस्संदेह, आस्ट्रेलिया की पहल ने पूरी दुनिया में सोशल मीडिया से बच्चों को दूर रखने की मुहिम को नई ऊर्जा दे दी है। कमोवेश, भारत जैसे देश भी सोशल मीडिया की असामाजिकता का दंश झेल रहे हैं। इसमें बच्चों के साथ ऑनलाइन बुलिंग से लेकर ऑनलाइन ठगी तक के तमाम मामले गाहे-बगाहे सामने आते रहते हैं। विडंबना है कि आज सोशल मीडिया पर प्रसारित वयस्कों की सामग्री से बच्चे जाने-अनजाने में परिचित हो रहे हैं। वे समय से पहले वयस्क हो रहे हैं। जिससे समाज में तमाम तरह की सामाजिक विकृतियां पैदा हो रही हैं। निस्संदेह, इससे आने वाले समय में घातक सामाजिक विद्रूपताएं पैदा हो सकती हैं।

दरअसल, बच्चों के लगातार घंटों कथित सोशल मीडिया में सक्रिय रहने से उनमें तमाम शारीरिक व मानसिक विसंगतियां पैदा हो रही हैं। उन्हें संस्कार अब माता-पिता व शिक्षक नहीं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का दोहन करने वाले निहित स्वार्थी तत्व दे रहे हैं। जो कि भारतीय जीवन-मूल्यों व संस्कारों से मेल नहीं खाते। आज सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर इतनी अश्लील व द्विअर्थी सामग्री का प्रवाह है कि हमारे किशोर आपराधिक प्रवृत्तियों की ओर उन्मुख हो रहे हैं। सोशल मीडिया के घातक प्रभाव के चलते आज बच्चों के नायक बदल गए हैं। उनके आदर्श बदल गए हैं। उनका नजरिया बदल रहा है। सोशल मीडिया के कतिपय मंचों पर अश्लील सामग्री की उपलब्धता ने किशोरों में ब्रह्मचर्य के भारतीय मूल्यों को ताक पर रख दिया है। विडंबना यह है कि घंटों सोशल मीडिया पर बैठे रहने वाले बच्चे शारीरिक सक्रियता से दूर हो रहे हैं। जिससे उनमें मोटापा व अनेक गैर संक्रामक रोग पनप रहे हैं। वे किशोर अवस्था में मधुमेह आदि उन रोगों के शिकार बन रहे हैं जो कभी बड़ी उम्र के लोगों को हुआ करते थे। इस संकट का एक घातक पहलू यह भी है कि मोबाइल पर लगातार सोशल मीडिया के कार्यक्रम स्क्रॉल करने वाले बच्चों की मानसिक एकाग्रता बाधित हो रही है। जाहिर है इसका प्रभाव उनके शैक्षिक प्रदर्शन पर पड़ेगा। एक समय दुनिया के तमाम देशों में जिन भारतीय प्रतिभाओं का डंका बजता था, शायद भविष्य में ऐसा न हो। घंटों सोशल मीडिया पर बिताने वाले छात्रों से उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे अपनी पढ़ाई के लिये पूरी तरह एकाग्र हो सकेंगे। निरंतर कल्पना लोक में विचरण करने वाले बच्चे जब जीवन की हकीकत से जूझते हैं तो टूटने-बिखरने लगते हैं। गाहे-बगाहे आत्महत्या करने वाले किशोरों के डेटा का यदि गंभीरता से विश्लेषण किया जाए तो निश्चित रूप से हम सोशल मीडिया के घातक प्रभाव की हकीकत से रूबरू हो सकते हैं। आस्ट्रेलियाई पहल से सबक लेकर भारत के नीति-नियंताओं को भी इस दिशा में गंभीरता से पहल करनी चाहिए। इस दिशा में थोड़ी भी देरी की देश को भविष्य में बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

## संरक्षा, दायित्व और जन विश्वास - नए अधिनियम से क्या हासिल होगा



डा. रतन कुमार सिन्हा

जनता का विश्वास हमेशा से भारत के परमाणु कार्यक्रम की आधारशिला रहा है। देश के सतत, समतापूर्ण और ऊर्जा-सुरक्षित विकास के दृष्टिकोण में यह आधार निहित है कि परमाणु ऊर्जा का उपयोग अत्यधिक संरक्षा, निर्विवाद उत्तरदायित्व और पारदर्शी संचार के साथ किया जाए। संरक्षा, दायित्व और जन विश्वास के स्तंभ केवल अमूर्त आदर्श नहीं हैं; ये भारत के परमाणु उद्योग के व्यावहारिक आधार हैं।

जैसे-जैसे हम परमाणु ऊर्जा के लिए एक नए विधायी ढाँचे पर विचार कर रहे हैं, यह पूछना ज़रूरी है कि यह नए अधिनियम से क्या हासिल होगा? मेरे विचार से, इसका उत्तर इन्हीं आधारों को मज़बूत करने में निहित है। इस कानून से अपेक्षा है कि यह जनता के विश्वास से समझौता किए बिना संरक्षा और सशक्तिकरण प्रदान करे, सरलीकरण और सुरक्षा प्रदान करे, नवाचार को प्रोत्साहित करे।

**संरक्षा - पूर्णता की संस्कृति को संस्थागत बनाना**

परमाणु प्रौद्योगिकी में संरक्षा डिज़ाइन का एक अनिवार्य अंग ही नहीं, बल्कि यह इसका मूल दर्शन होना चाहिए। ट्रॉम्बे में भारत के पहले अनुसंधान रिएक्टरों से लेकर स्वदेशी 700 मेगावाट दाबित भारी पानी रिएक्टरों और अगली पीढ़ी के प्रगत रिएक्टरों तक, डिज़ाइन हमेशा गहन संरक्षा और निश्चेष्ट संरक्षा विशेषताओं द्वारा निर्देशित रही हैं।

जब हमने प्रगत भारी पानी रिएक्टर (AHWR) की कल्पना की थी, तो हमारा लक्ष्य न केवल थोरियम के उपयोग को प्रदर्शित करना था, बल्कि यह भी प्रदर्शित करना था कि एक रिएक्टर इसके ऑपरेटर के हस्तक्षेप के बिना भी सुरक्षित रह सकता है - एक ऐसी डिजाइन जो स्वतः सुरक्षित (walk-away safe) हो। वास्तव में, संरक्षा परमाणु ऊर्जा परिनियोजन का एक अभिन्न अंग है।

नए अधिनियम को, निश्चित रूप से, यह गारंटी देनी चाहिए कि संरक्षा-संस्कृति जारी रहे। इसे उच्चतम संरक्षा मानकों के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करनी चाहिए और नियामक संस्थानों की स्वायत्तता, अधिकार और जवाबदेही को मजबूत करना चाहिए। इसे आवश्यकतानुसार प्रौद्योगिकी उन्नयन और पारदर्शी संरक्षा समीक्षाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए। इसे प्रचालन प्रदर्शन पर सूचना के आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देना चाहिए।

किसी भी उद्योग में विशेषकर परमाणु ऊर्जा के मामले में तो और भी ज़्यादा, संरक्षा एक स्थिर लक्ष्य नहीं है। इसे एक ऐसी संस्कृति के रूप में देखा जाना चाहिए जिसका निरंतर पोषण किया जाना चाहिए। ख़ास तौर पर परमाणु पारिस्थितिकी तंत्र के मामले में, इस संस्कृति को एक संस्थागत फ्रेमवर्क के ज़रिए मज़बूत किया जाना चाहिए।

**दायित्व - स्पष्टता के साथ उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना**

नाभिकीय क्षति के लिए असैन्य दायित्व अधिनियम (सीएलएनडी अधिनियम) एक अग्रणी कदम रहा है जिसने तीन महत्वपूर्ण हितों को संतुलित किया है: जनता की संरक्षा, आपूर्तिकर्ताओं को आश्वासन और ऑपरेटरों का विश्वास। इसने दोष-रहित दायित्व सिद्धांत को प्रतिपादित किया और यह सुनिश्चित किया कि ऑपरेटर की ज़िम्मेदारी स्पष्ट और निर्देशित रहे।

ऊर्जा परिदृश्य और औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के विकास ने संबंधित संस्थाओं की देनदारियों पर अधिक स्पष्टता को आवश्यक बना दिया है। इस तरह के संशोधन किसी भी परिपक्व क्षेत्र की स्वाभाविक प्रगति का हिस्सा हैं, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि शासन का फ्रेमवर्क वैज्ञानिक प्रगति और सामाजिक अपेक्षाओं के साथ तालमेल बनाए रखे।

नए अधिनियम को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शासन का फ्रेमवर्क निष्पक्ष, स्पष्ट हो और संदेह रहित बना रहे, साथ ही जवाबदेही की एक सुपरिभाषित श्रृंखला भी बनाए रखे। इसे यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि दायित्व का मूल्यांकन करने की व्यवस्था देश में परमाणु तैनाती की सीमा और पैमाने के अनुरूप हो। एक आधुनिक दायित्व व्यवस्था को इस बात की पुष्टि करनी चाहिए कि संरक्षा और ज़िम्मेदारी विकास के साथ-साथ चलती हैं।

**जन विश्वास - प्रगति की आधारशिला**

दुनिया भर में परमाणु उद्योग के उत्कृष्ट संरक्षा रिकॉर्ड के बावजूद, परमाणु ऊर्जा के प्रति जनता का दृष्टिकोण अक्सर वैज्ञानिक तथ्यों की तुलना में धारणाओं से अधिक प्रभावित होता रहा है। कुछ साल पहले मैंने जिस पुस्तक का सह-लेखन किया था, द अनरीज़न्ड फियर ऑफ़ रेडिएशन, ऐसी ही भ्रांतियों को दूर करने का एक प्रयास था। यह पुस्तक बताती है कि नियंत्रित और सुव्यवस्थित वातावरण में विकिरण, किसी भी अन्य तकनीक जितना ही सुरक्षित है जिसका उपयोग हम अपने दैनिक जीवन में नियमित रूप से आत्मविश्वास से करते हैं।

जनता का विश्वास केवल पारदर्शिता और जनता के साथ संवाद के माध्यम से ही अर्जित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, जब नागरिक देखते हैं कि परमाणु विज्ञान रेडियोथेरेपी के माध्यम से जीवन बचा रहा है, उत्परिवर्तन प्रजनन के माध्यम से फसलों को बढ़ा रहा है या विकिरण शुद्धिकरण के माध्यम से सुरक्षित जल उपलब्ध करा रहा है, तो वे परमाणु ऊर्जा के मानवीय पहलू से जुड़ने लगते हैं। परमाणु ऊर्जा विभाग में अपने कार्यकाल के दौरान, हमने नई आउटरीच रणनीतियों की शुरुआत करके इस दिशा में कई प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप 2015 की गणतंत्र दिवस परेड में परमाणु ऊर्जा विभाग की झांकी प्रदर्शित की गई और प्रसारण व सोशल मीडिया पर उपस्थिति दर्ज कराई गई। ये कदम दिखावटी नहीं थे; इनका उद्देश्य विज्ञान और समाज के बीच की दीवार को हटाना था।

यदि नया अधिनियम नागरिकों के साथ खुले संवाद को बढ़ावा दे पाता है, तो यह समाज के साथ विज्ञान के सामाजिक संबंधों को पुनर्परिभाषित करेगा। ऐसा करके, यह हमारे चिरस्थायी आदर्श वाक्य: राष्ट्र की सेवा में परमाणु, की भावना को साकार करेगा।

नए अधिनियम से यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इस प्रकार के संदेश सार्वजनिक प्रकटीकरण को अनिवार्य बनाएं, शैक्षिक जागरूकता को प्रोत्साहित करें तथा नागरिकों के साथ संवाद को संस्थागत कार्य प्रणाली का अभिन्न अंग बनाएं।

**नए अधिनियम में क्या गारंटी होनी चाहिए**

यदि 1962 के प्रथम परमाणु ऊर्जा अधिनियम ने क्षमता निर्माण के मूल मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया था, तो नए अधिनियम का उद्देश्य आत्मविश्वास बढ़ाना और परमाणु प्रौद्योगिकी की बड़े पैमाने पर तैनाती करना होना चाहिए। इसमें उस राष्ट्र की परिपक्वता प्रतिबिंबित होनी चाहिए जिसने जटिल तकनीकों में महारत हासिल की है और जिम्मेदार आचरण के माध्यम से वैश्विक सम्मान अर्जित किया है। नए अधिनियम को विज्ञान और समाज के बीच पारस्परिक आश्वासन की यह गारंटी देनी चाहिए कि:

संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी, दायित्व (देनदारियां) हमेशा न्यायसंगत और पारदर्शी रहेगा, और जनता का विश्वास हर निर्णय के केंद्र में रहेगा।

जब ये गारंटियां न केवल कानून में, बल्कि संस्थागत व्यवहार में भी निहित होंगी, तो भारत का परमाणु भविष्य सुदृढ़ आधार पर खड़ा होगा।

**विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम**

भारत के परमाणु कार्यक्रम के लिए यह एक परिवर्तन का दौर है। बड़े विद्युत संयंत्रों के अलावा, छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर और प्रगत थोरियम प्रणालियाँ परमाणु ऊर्जा की पहुँच का विस्तार करेंगी। इसलिए नए अधिनियम को एक ऐसे फ्रेमवर्क की गारंटी देनी चाहिए जो प्रौद्योगिकियों के तेज़ उपयोग को सुगम बनाए और साथ ही स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास तथा विनिर्माण को प्रोत्साहित करे। इसमें नियामकों, प्रचालकों और उद्योग के बीच निर्बाध समन्वय और भविष्य के नवाचारों को शामिल करने के लिए लचीलापन सुनिश्चित करना चाहिए।

संक्षेप में, नए अधिनियम को परमाणु पुनर्जागरण के लिए एक अनुकूल पृष्ठभूमि तैयार करनी चाहिए जो भारत में जलवायु लक्ष्यों और विकसित भारत @2047 बनने की राह में स्वच्छ-ऊर्जा के क्षेत्र में भारत को विश्व का अग्रणी देश बनने की आकांक्षाओं के अनुरूप हो।

**पूर्व सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं पूर्व अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग**

## जामताड़ा अब इतिहास: साइबर ठगी का नया अड्डा आपके आसपास



प्रो. आरके जैन

साइबर अपराध अब किसी शहर या जिले तक सीमित नहीं रहा। कभी झारखंड का जामताड़ा साइबर ठगी का पर्याय बन चुका था। वहां से निकलने वाली फिशिंग कॉल्स, फर्जी निवेश योजनाओं और बैंक डिटेल्स चुराने के मामलों की खबरें पूरे देश में चर्चा का विषय बनती थीं। लेकिन आज यह खतरा केवल बड़े शहरों या साइबर हब तक सीमित नहीं रहा। ग्रामीण भारत में भी इसका दायरा तेजी से बढ़ गया है। हाल ही में मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के छोटे से घटवा गांव से दो युवकों की गिरफ्तारी ने यह सच फिर साबित कर दिया कि साइबर ठगी अब शहरों और बड़े कस्बों तक सीमित नहीं है। दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए ये युवक कथित रूप से बड़े साइबर फ्रॉड नेटवर्क का हिस्सा थे। यह घटना न केवल स्थानीय स्तर पर चिंता का विषय है, बल्कि पूरे देश में साइबर अपराध के विकेंद्रीकरण का भी संकेत देती है।

जामताड़ा, जो कभी साइबर फ्रॉड का हब माना जाता था, अब पांचवें स्थान पर खिसक चुका है। पहले यहां युवा लोगों को लुभाकर बैंक डिटेल्स मांगते, फर्जी निवेश योजनाओं या लॉटरी जीत का झांसा देकर ठगते थे। लेकिन अब यह प्रवृत्ति बदल गई है। उत्तरी भारत के छोटे कस्बे और जिले, जैसे हरियाणा का मेवात, राजस्थान के भारतपुर और मथुरा, बिहार के गोपालगंज, झारखंड के देवघर और धनबाद, अब साइबर ठगी के नए हब बन गए हैं। यहां तक कि आईटी और कॉरपोरेट हब गुरुग्राम में भी यह अपराध तेजी से फैल रहा है।

ये नए हब जामताड़ा मॉडल की तरह काम करते हैं। युवा समूह बनाकर, फर्जी ऐप्स, व्हाट्सएप और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को लुभाते हैं। कई बार वे गरीबी और बेरोजगारी का फायदा उठाकर युवाओं को ठगी के नेटवर्क में शामिल कर लेते हैं। देवघर जिले में फर्जी कॉल सेंटर्स की संख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है और यह जामताड़ा को पीछे छोड़ चुका है। अब ग्रामीण क्षेत्र भी इस जाल में फंस रहे हैं, जहां कई लोग अपने स्मार्टफोन और इंटरनेट का उपयोग करके आसानी से अपराध में शामिल हो जाते हैं।

ग्रामीण भारत में साइबर ठगी का चेहरा अब पूरी तरह बदल चुका है। मप्र के बड़वानी जिले के घटवा गांव की हालिया घटना ग्रामीण भारत में साइबर ठगी के बदलते चेहरे का

- **साइबर अपराध का विकेंद्रीकरण: शहरों से गांव तक**
- **डिजिटल इंडिया और साइबर अपराध: ग्रामीण क्षेत्र में फैलता संकट**

ताजा उदाहरण है। यह गांव ठीकरी तहसील में स्थित है, जो सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में आता है। यहां के दो युवकों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया, जो कथित रूप से साइबर फ्रॉड नेटवर्क में शामिल थे। इनके अपराध केवल स्थानीय नहीं थे; इनके झांसे में आए पीड़ितों का प्रभाव दिल्ली और अन्य बड़े शहरों तक फैला था। मध्यप्रदेश में 2021 से 2025 तक साइबर ठगी के मामलों का आंकड़ा 1,000 करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है, जबकि रिकवरी रेट केवल 0.2% है। बड़वानी जिले में हाल ही में 82,000 रुपये की ठगी का मामला सामने आया था, जिसमें ठग ने खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताकर पीड़ित को डराया।

साइबर ठगी अब शहरों से बाहर निकलकर गांवों में भी फैल चुकी है। ग्रामीण युवा स्मार्टफोन और इंटरनेट के जरिए इसमें आसानी से शामिल हो रहे हैं, लेकिन कानूनी जागरूकता की कमी उन्हें गंभीर जोखिम में डाल रही है। दिल्ली पुलिस की कार्रवाई में यह भी सामने आया कि कई नेटवर्क विदेशों तक फैले हुए हैं, जैसे म्यांमार, जहां युवाओं को फ्रॉड नेटवर्क में ट्रैफिक किया जा रहा है। डिजिटल इंडिया की सफलता ने इंटरनेट को हर कोने तक पहुंचा दिया, लेकिन साइबर सुरक्षा शिक्षा पीछे रह गई। ई-कॉमर्स, डिजिटल वॉलेट्स और क्रिप्टो जैसी नई तकनीक ने ठगों को नए अवसर दिए। एन-सीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में साइबर क्राइम में 31.2% की वृद्धि हुई। बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में 17,000 से अधिक मामले दर्ज हुए, लेकिन छोटे कस्बे जैसे भरतपुर और नूह अब शीर्ष स्थान पर हैं।

साइबर ठगी के प्रभाव अब केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं रहे। लाखों लोग अपनी मेहनत की कमाई खो रहे हैं, उनके सपने, भविष्य और आर्थिक सुरक्षा खतरे में हैं। नए स्कैम्स, जैसे 'डिजिटल अरेस्ट', अब लोगों को घर पर 'अरेस्ट' दिखाकर डराने की तकनीक इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे मानसिक तनाव और सामाजिक कलंक बढ़ रहा है। यह केवल व्यक्तिगत पीड़ा नहीं है, बल्कि समाज और देश की आर्थिक और सामाजिक संरचना पर भी गंभीर असर डाल रहा है।

समाधान की दिशा में पुलिस सक्रिय हो रही है। दिल्ली पुलिस ने हाल ही में 800 से अधिक संदिग्धों को गिरफ्तार किया और कई फर्जी कॉल सेंटर्स को बंद किया। लेकिन यह केवल शुरुआत है। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में जागरूकता की बेहद आवश्यकता है। सरकार को साइबर सुरक्षा शिक्षा और प्रशिक्षण को व्यापक स्तर पर लागू करना होगा, कड़े कानून बनाने होंगे, और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना होगा ताकि अपराधियों की जड़ें कमजोर हों। सकारात्मक पहल के रूप में, इंश्योरेंस कंपनियां अब साइबर फ्रॉड कवर देने लगी हैं, जो पीड़ितों के लिए राहत और सुरक्षा का जरिया बन सकता है।

मप्र के बड़वानी जिले के घटवा गांव की घटना एक गंभीर चेतावनी है, साइबर ठगी अब जामताड़ा की मोनोपॉली नहीं रही। यह पूरे देश में फैल चुकी है, और अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह एक महामारी का रूप ले सकती है। इस जाल से बाहर निकलने का केवल एक ही रास्ता है - व्यापक जागरूकता, साइबर शिक्षा और वैकल्पिक रोजगार के अवसर प्रदान करना। डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहना अब हर नागरिक की जिम्मेदारी बन गई है। जामताड़ा अब इतिहास बन चुका है, और साइबर ठगी का नया ठिकाना अब आपका अपना गांव है। यदि हम अभी नहीं चेते, तो बहुत देर हो जाएगी, और कीमत हमारी सुरक्षा और भविष्य को चुकानी पड़ेगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 13 दिसम्बर, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, पौष कृष्णपक्ष नवमी, 16:41 तक, नक्षत्र : हस्त, 32:12 तक, योग : आयुष्मान, 11:16 तक, सूर्योदय: 06:07, सूर्यास्त: 16:53, चन्द्रोदय : 01:03, चन्द्रास्त: 13:06, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 09:42 से 10:58

## राशिफल

**मेष :** आज के दिन मेष राशि के जातक कोई महत्वपूर्ण परियोजना की शुरुआत कर सकते हैं। इसके सफलतापूर्वक पूरा होने में लगभग एक साल का समय लग सकता है।

**वृष :** वृष राशि वालों को आज के दिन थोड़ा सावधान रहना होगा। मकर राशि वाला कोई व्यक्ति आपके सामने कोई प्रस्ताव रख सकता है, लेकिन उसके बहकावे में न आएं।

**मिथुन :** जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रगति होती आज के दिन दिख रही है। भाग्य आज महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। योजनाओं से संबंधित प्रस्ताव की मंजूरी मिलेगी। घटनाएं आपके अनुकूल रहेंगी।

**कर्क :** सायंकाल के समय परिवार के सदस्यों और दोस्तों के प्रति आपका रवैया उदार रहेगा। आज आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। विलासिता पूर्ण माहौल का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा।

**सिंह :** पति-पत्नी के संबंध प्रेम पूर्ण और सहयोग पूर्ण रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहने से आप विभिन्न कार्यों में सक्रियता पूर्वक भाग लेंगे। रात्रि में आपको कोई सरप्राइज मिल सकता है।

**कन्या :** सहकर्मियों के सहयोग से आज आप एक परियोजना को पूरा करने में सफल रहेंगे। किसी महान व्यक्ति के हस्तक्षेप से पारिवारिक विवाद का समाधान हो जाएगा।

**तुला :** आज आपको त्रिकोणीय व्यापारिक साझेदारी व संबंधों से लाभ होगा, लेकिन निजी संबंधों के मामले में त्रिकोणीय रिश्ते आपके जीवन में समस्याएं उत्पन्न कर सकते हैं।

**वृश्चिक :** आपकी राशि से पंचम शनि एवं चतुर्थ में केतु, का द्विग्रही योग मिश्रित फलकारक है। कार्यक्षेत्र और परिवार में कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा।

**धनु :** सेहत और वित्तीय संसाधनों पर ध्यान देने की जरूरत है। दूसरे लोगों के कार्यों के लिए ज्यादा वक्त और ऊर्जा बर्बाद न करें, क्योंकि ऐसे लोग एक के बाद एक दूसरी फरमाइश पेश करेंगे।

**मकर :** आपकी राशि से तृतीय स्थान मीन राशि पर शनि संचार कर रहा है। आप परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण मुहाने पर खड़े हैं। किसी कठिन दौर से गुज़र सकते है।

**कुम्भ :** राशि स्वामी शनि के द्वितीय भाव में होने से निजी संबंधों पर भावनाएं हावी रहेंगी। अंतर्मन की पुकार को सुनें। हर मामले में अतिवादी से बचें। जीवन के कड़वे अनुभवों से सबक सीखें।

**मीन :** आज चंद्रमा कन्या राशि पर संचार कर रहा है। जो कि आपकी राशि से सप्तम भाव है। जो उम्मीदें संजो रखी हैं, उनके पूरा न होने पर आप खिन्न रहेंगे।

## विदेश की खबरें

### आदित्य धर की 'धुरंधर' पर पाकिस्तान में तीखी प्रतिक्रिया, सटीकता पर सवाल

**कराची :** आदित्य धर की जासूसी थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' भारत के साथ ही पाकिस्तान में भी विवादों का केंद्र बन गई है। फिल्म की कहानी जिस पाकिस्तानी पृष्ठभूमि पर आधारित है, वहां के समीक्षकों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने इसमें तथ्यात्मक अशुद्धियां होने और इतिहास से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए कड़ी आलोचना की है।

रणवीर सिंह अभिनीत यह जासूसी रोमांचक फिल्म पांच दिसंबर को प्रदर्शित हुई है। इसकी कहानी कंधार विमान अपहरण, 2001 संसद हमला और 26/11 मुंबई हमलों जैसी भू-राजनीतिक और आतंकी घटनाओं की पृष्ठभूमि पर आधारित गुप्तचर अभियानों को दर्शाती है। भारत में कई समीक्षकों और लोगों से मिली-जुली प्रतिक्रियाएं प्राप्त करने वाली यह फिल्म, मुख्य रूप से कराची के ल्यारी इलाके पर आधारित है, जो अपने गैंग वॉर और हिंसक क्षेत्रीय लड़ाइयों के इतिहास के लिए जाना जाता है। अब पाकिस्तानी समीक्षक, अभिनेता और कंटेंट क्रिएटर भी इस चर्चा में शामिल हो गए हैं। जाने-माने फिल्म समीक्षक उमैर अलवी ने कहा कि फिल्म अच्छी बनी है, लेकिन कराची और 2007-2008 की अवधि का चित्रण सटीक नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शकों को शायद इन अशुद्धियों की परवाह न हो और उनके लिए यह बड़े सितारों वाली एक मनोरंजक एक्शन फिल्म है।

### म्यांमा : विद्रोहियों के नियंत्रण वाले क्षेत्र में अस्पताल पर हमले में 34 लोगों की मौत, 80 अन्य घायल

**बैंकॉक :** म्यांमा में एक प्रमुख हथियारबंद विद्रोहियों के नियंत्रण वाले क्षेत्र में सेना द्वारा किए गए हमले में एक अस्पताल नष्ट हो गया।

इस घटना में 34 मरीज और चिकित्सा कर्मचारी मारे गए जबकि 80 अन्य घायल हो गए। बृहस्पतिवार को एक बचावकर्मी और स्वतंत्र मीडिया रिपोर्ट से यह जानकारी मिली। पश्चिमी राज्य रखाइन के जातीय अराकान आर्मी के नियंत्रण वाले क्षेत्र म्राउक-यू कस्बे में बुधवार रात को जनरल अस्पताल पर हुए हमले में लगभग 80 अन्य लोग घायल हो गए। म्यांमा की सत्ता पर 2021 में कब्जा करने वाली और तब से जातीय मिलिशिया एवं सशस्त्र विद्रोही बलों से लड़ रही सेना ने इस क्षेत्र में किसी भी हमले का जिक्र नहीं किया है। रखाइन में बचाव सेवाओं के एक वरिष्ठ अधिकारी वाई हुन आंग ने 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) को बताया कि एक जेट लड़ाकू विमान ने रात 9.13 बजे दो बम गिराए, जिनमें से एक अस्पताल के 'रिकवरी वार्ड' में गिरा और दूसरा अस्पताल की मुख्य इमारत के पास गिरा। उन्होंने बताया कि वह सहायता प्रदान करने के लिए बृहस्पतिवार तड़के अस्पताल पहुंचे और वहां 17 महिलाओं और 17 पुरुषों की मौत की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि बमों से अस्पताल की इमारत का अधिकतर हिस्सा नष्ट हो गया और अस्पताल के पास खड़ी टैक्सियां एवं मोटरसाइकिलें भी क्षतिग्रस्त हो गईं।

## वर्ग पहेली नं. 3290



*बायें से दायें:-* 1) गरजना *(बादलों का)*, 4) एक भारतीय शहर, 7) अधिक प्रबल, 9) लिबास, 10) वकील का पेशा, 13) एक फल, 15) धूल, 16) निकलने का मार्ग, 18) पर्यन्त, 19) भजन, 20) अखंडनीय, 21) विद्यालय, 23) शक्ति, 24) सही, 25) ज़मीन में डालना *(बीज)*, 26) वर्णन, 28) सरस्वती, 29) साँप का बच्चा, 30) बचा-खुचा.

*ऊपर से नीचे:-* 2) ज़हर, 3) गर्व, 4) समूहगान, 5) अर्धगंगा, 6) गंजीफ़ा, 8) जन्मदिन, 10) विशेष पहनावा, 11) कार्य; *बटनहोल*, 12) अल्पतम, 14) चमकदमकवाला, 17) गुनगुना; हल्का गर्म, 18) बैठने-सोने के लिए काठ की बड़ी चौकी, 20) पूर्वज, 21) रसोईघर, 22) वैभवशाली, 23) यौवन, 25) लाभांश *(अंग्रेजी)*, 27) रग.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | रा | ण | सी | ■ | चं | गु | ल | ■ | इ |
| हि | ■ | ■ | ना | लं | दा | ■ | गा | ■ | म |
| या | मि | नी | ■ | बो | ■ | व | न | मा | ली |
| त | ल | ■ | पा | द | चा | री | ■ | ला | ■ |
| ■ | न | ट | व | र | ■ | य | ज | मा | न |
| चु | ■ | क | ■ | ■ | प | त | ■ | ल | ट |
| प | ■ | ट | ह | ल | ना | ■ | क्र | ■ | खा |
| चा | ला | की | ■ | च | ह | क | ना | ■ | टि |
| प | ■ | ■ | गु | र | ■ | ■ | त | न | या |

## सुडोकू-पहेली-3248

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 1 | | 2 | | | | |
| | | | | | 5 | | 2 | |
| | 8 | | 4 | | 1 | | | |
| | | | | | 9 | | 7 | 8 |
| 4 | 1 | | | | | | | |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 4 | 3 | | |
| 3 | | | | | | 7 | 8 | 9 |
| | | 8 | 5 | | | 1 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3247 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 8 | 5 |
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 4 | 7 | 6 |
| 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 7 | 8 | 4 | 6 | 2 | 3 | 9 | 5 | 1 |
| 2 | 6 | 8 | 9 | 1 | 7 | 5 | 3 | 4 |
| 3 | 4 | 7 | 5 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 8 | 7 | 6 | 2 |

# बंगाल में एसआईआर के तहत 1.67 करोड़ मतदाताओं के दस्तावेजों की घर-घर जाकर जांच करेंगे बीएलओ

❑ चुनाव आयोग को मतदाताओं द्वारा जमा गणना फार्म में मिली भारी गड़बड़ी
❑ घर-घर जाकर जांच में संदेह होने पर सुनवाई के लिए भी बुलाया जाएगा

**कोलकाता :** बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया के तहत चुनाव आयोग को जो राज्यभर से करोड़ों भरे हुए गणना पत्र प्राप्त हुए हैं, उसकी जांच में बड़ी संख्या में मतदाताओं के दस्तावेजों में गड़बड़ी का पता चला है। गुरुवार को गणना फार्म जमा करने की समय सीमा समाप्त होने के बाद अब बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) राज्य के करीब एक करोड़ 67 लाख 45 हजार 911 वैसे मतदाताओं के घर-घर जाकर उनके दस्तावेजों व सबूतों की जांच करेंगे, जिनके कागजातों में गड़बडियां मिली है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि बीएलओ इन मतदाताओं के घर-घर जाकर उनके दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल करेंगे। फिर भी संदेह होने पर उन्हें सुनवाई के लिए भी बुलाया जाएगा। आयोग सूत्रों के अनुसार, 1.67 करोड़ में से 85 लाख ऐसे मतदाता हैं जिनके पिता के नाम में गड़बड़ी है। 13.5 लाख मतदाता ऐसे हैं जिनके मां व पिता का नाम एक ही है। और भी बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता हैं जिनके डेटा में भारी गड़बड़ी का पता चला है। चुनाव आयोग इसकी गहन जांच करेगा।

मालूम हो कि बंगाल में गुरुवार को एसआईआर प्रक्रिया के तहत गणना फार्म जमा करने की समय सीमा समाप्त होने के 24 घंटे के भीतर चुनाव आयोग ने विधानसभा वार मतदाता सूची से हटाए गए नामों के आंकड़े जारी कर दिए हैं।

एसआईआर के पहले चरण में कुल 58 लाख से अधिक नाम सूची से हटाए गए हैं। चुनाव आयोग 16 दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित करेगा। इसके बाद बीएलओ घर-घर जाकर जांच करेंगे और जरूरत पड़ने पर सुनवाई के लिए संबंधित मतदाता को बुलाया जाएगा। इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता राहुल सिन्हा ने बुधवार को दावा किया था कि सीईओ मनोज अग्रवाल के साथ बैठक में उन्हें बताया गया कि राज्य में एसआईआर के तहत मतदाता सूची का मसौदा जारी होने के बाद एक करोड़ लोगों को सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा।



## बंगाल एसआईआर विवाद में फलता रिपोर्ट आयोग को भेजी गई, मुख्यमंत्री की महिलाओं संबंधी टिप्पणी पर उठे सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल एसआईआर विवाद के बीच फलता की घटना पर राष्ट्रीय चुनाव आयोग को भेजी गई रिपोर्ट ने राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल मचा दी है। रिपोर्ट में न केवल महिलाओं के विरोध प्रदर्शन का उल्लेख किया गया है, बल्कि मुख्यमंत्री की हालिया टिप्पणी पर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। रिपोर्ट में पूछा गया है कि मुख्यमंत्री ने महिलाओं को रसोई के बर्तन लेकर तैयार रहने का निर्देश क्यों दिया था और इस टिप्पणी की जांच चुनाव आयोग द्वारा की जानी चाहिए।

दक्षिण 24 परगना के रोल ऑब्जर्वर आईएएस अधिकारी सी. मुरुगन एसआईआर से जुड़े डेटा सत्यापन के लिए फलता के देबीतला पंचायत क्षेत्र गए थे। उनके साथ फलता के बीडीओ शानू बक्सी और पुलिस बल भी मौजूद था। वहां पहुंचते ही बड़ी संख्या में महिलाएं उनके सामने जमा हो गईं और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। महिलाओं ने नारे लगाए- पहले 100 दिन की मजदूरी और आवास योजना का घर, उसके बाद होगा एसआईआर। इस विरोध के बीच मुरुगन को पुलिस सुरक्षा में निकलना पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम का विस्तृत विवरण केंद्रीय चुनाव आयोग को भेजी गई रिपोर्ट में शामिल है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण 24 परगना जैसे संवेदनशील जिलों में तैनात सभी रोल ऑब्जर्वरों को केंद्रीय सुरक्षा बल की सुरक्षा दी जानी चाहिए। रिपोर्ट में यह भी मांग की गई है कि ऑब्जर्वरों को मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान की जाएं, ताकि वे बाधारहित तरीके से एसआईआर प्रक्रिया की निगरानी कर सकें। सूत्रों के अनुसार, विशेष रोल ऑब्जर्वर भी अपनी अलग रिपोर्ट भेजने वाले हैं। सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा मुख्यमंत्री की उस टिप्पणी से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने महिलाओं को रसोई के सामान के साथ तैयार रहने के लिए कहा था। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि यह टिप्पणी और अगले दिन फलता में महिलाओं के विरोध के बीच स्पष्ट समानता दिखाई देती है। रिपोर्ट में आयोग से आग्रह किया गया है कि इस बयान की भूमिका और संभावित प्रभाव की गहन जांच की जाए। एसआईआर एन्यूमरेशन चरण गुरुवार को समाप्त हुआ, और उसी दिन फलता में विरोध की यह घटना सामने आई। अब पूरा ध्यान इस बात पर है कि चुनाव आयोग सुरक्षा, शक्तियों और मुख्यमंत्री की टिप्पणी की जांच पर क्या निर्णय लेता है।

## एसआईआर फॉर्म में गलत फोटो, चुनाव आयोग ने बीएलओ ऐप में सत्यापन के लिए नया फीचर जोड़ा

**कोलकाता, समाज्ञा :** डुप्लिकेट वोटरों को पकड़ने के लिए चुनाव आयोग ने बीएलओ ऐप में नया विकल्प पेश किया है, जो 'सिमिलर फोटो इलेक्टर वेरिफिकेशन' नाम से जारी किया गया है। एन्यूमरेशन प्रक्रिया के दौरान आयोग के संज्ञान में ऐसे कई मामले आए, जिनमें मतदाताओं के नाम और एपिक नंबर अलग थे, लेकिन फॉर्म पर लगी तस्वीर एक ही पाई गई। आयोग की जांच में यह भी सामने आया कि फॉर्म भरते समय कई वोटरों द्वारा गलती या गड़बड़ी के कारण एक ही फोटो का उपयोग किया गया, जिससे भ्रम की स्थिति पैदा हुई। इस विसंगति को दूर करने और डुप्लिकेट पहचान को रोकने के लिए नया विकल्प ऐप में जोड़ा गया है। आयोग पहले से ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता और फेसियल रिकग्निशन तकनीक का उपयोग कर रहा था, लेकिन नए फीचर के साथ पहचान की प्रक्रिया और अधिक सटीक होगी। यह विकल्प सभी बीएलओ के लिए अनिवार्य नहीं है, बल्कि केवल उन क्षेत्रों में लागू किया जाएगा जहां ऐसे मामलों की पुष्टि हुई है। बीएलओ संबंधित ऐप विकल्प में जाकर संदिग्ध तस्वीरों वाले मतदाताओं की सूची देखेंगे और फिर चेहरों का पुनः सत्यापन करेंगे। वोटकर्मियों और बीएलओ ऐक्य मंच के सामान्य सचिव स्वप्न मंडल ने इसे चुनाव आयोग की तैयारी में कमी बताया, क्योंकि एन्यूमरेशन चरण समाप्त होने के बाद नया फीचर जारी किया गया है। उनका यह भी कहना है कि सीमा से सटे जिलों में ऐसे मामलों की संख्या अधिक हो सकती है, इसलिए नया विकल्प जारी करने का मुख्य कारण यही भी हो सकता है।

## तृणमूल पर भ्रष्टाचार का आरोप, सुकांत ने बोला जमकर हमला

**कोलकाता :** भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने तृणमूल कांग्रेस पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की सभायें अब 'चोर-उचक्कों के महा-सम्मेलन' के समान प्रतीत होती हैं। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर साझा एक टिप्पणी में उन्होंने इसके साथ एक मिनट 37 सेकंड का वीडियो भी पोस्ट किया।

मजूमदार ने बताया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की हालिया जनसभा में शामिल एक महिला अपने गले की सोने की चेन खो बैठीं। भीड़ में मौजूद किसी अनुभवी चोर ने चालाकी से चेन निकाल ली या फिर खुलेआम छीना-झपटी की। घटना के बाद वह महिला असहाय होकर रोते हुए शिकायत करती दिखाई देती हैं।

केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि वोट चोरी, नौकरी चोरी और राशन चोरी जैसी घटनाओं के बीच तृणमूल सरकार के संरक्षण में राज्य के युवाओं के भविष्य तक से 'दिन-दहाड़े चोरी' हो रही है। उनके अनुसार, ऐसी परिस्थितियों में किसी महिला का भीड़ में हार खो देना असामान्य नहीं रह गया है।

उन्होंने कहा कि चोरी, भ्रष्टाचार और दुर्व्यवस्था आज तृणमूल सरकार की पहचान बन चुकी है। अब समय आ गया है कि बंगाल की जनता एकजुट होकर राज्य को 'चोरतंत्र' के प्रभाव से मुक्त करे और प्रवंचना तथा आपराधिक तत्वों के शासन को समाप्त करने में अपनी जिम्मेदारी निभाए।

## एन्यूमरेशन फॉर्म में पिता की जगह अन्य रिश्तेदार का नाम, मसौदा वोटर लिस्ट में क्या आएगा नाम? जानें पूरा मामला

**कोलकाता, समाज्ञा :** एन्यूमरेशन फॉर्म जमा करने और अपलोड करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब मसौदा वोटर सूची को लेकर कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। इनमें सबसे बड़ा प्रश्न उन लोगों का है, जिनके 2002 की मतदाता सूची में माता-पिता, दादा-दादी या नाना-नानी-इन छह में से किसी का भी नाम मौजूद नहीं था। ऐसे कई आवेदक नामांकन फॉर्म में बड़े भाई, चाचा या अन्य रिश्तेदारों के नाम का उपयोग कर रहे हैं। लेकिन क्या ऐसा करने पर उनका नाम मसौदा वोटर लिस्ट में शामिल किया जाएगा?

चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार, यदि किसी आवेदक ने आयोग द्वारा निर्धारित छह रिश्तेदारों के बजाय किसी अन्य रिश्तेदार के दस्तावेज लगाए हैं, तो ऐसे नाम सीधे मसौदा वोटर सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे। सभी ऐसे आवेदकों को सुनवाई (हियरिंग) के लिए बुलाया जाएगा, जहां उन्हें आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा।



सुनवाई की तारीख, कारण और आवश्यक कागजात की जानकारी कैसे मिलेगी? आयोग के अधिकारियों के मुताबिक, जिन लोगों को सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा, उन्हें संबंधित ईआरओ स्वयं घर जाकर नोटिस थमाएंगे। नोटिस में सुनवाई की तिथि, स्थल, कारण और सभी आवश्यक विवरण दर्ज होंगे।

गौर करने वाली बात है कि चुनाव आयोग आगामी 16 दिसंबर को मसौदा वोटर सूची जारी करने वाला है। जिनका नाम इस सूची में होगा, उन्हें फिलहाल विशेष चिंता की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, यदि किसी दस्तावेज पर संदेह हुआ तो ईआरओ बाद में भी बुला सकते हैं। मसौदा सूची जारी होने के बाद सुनवाई की प्रक्रिया शुरू होगी, जो 7 फरवरी तक जारी रहेगी। अंतिम वोटर सूची 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है।

## कोलकाता-हावड़ा की सड़कों की बदहाल स्थिति पर केएमडीए ने हाइकोर्ट में रिपोर्ट पेश की

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हाइकोर्ट में अधिवक्ता आकाश शर्मा द्वारा दायर जनहित याचिका के तहत कोलकाता शहर, हावड़ा और आसपास के निकाय क्षेत्रों में सड़कों, फ्लाईओवरों और कनेक्टरों की खराब स्थिति पर केएमडीए ने शुक्रवार को अदालत में रिपोर्ट पेश की। यह याचिका शहर और आसपास की प्रमुख सड़कों की खतरनाक और जर्जर अवस्था को लेकर दायर की गई थी, और हाइकोर्ट ने केएमडीए समेत अन्य सरकारी संस्थानों से इस पर विवरण मांगा था।

केएमडीए की रिपोर्ट में कई मरम्मत कार्यों और सुधारों का उल्लेख किया गया है। इसमें कहा गया है कि अंबेडकर ब्रिज, ढाकुरिया ब्रिज, जीबानानंदा सेतू (जादवपुर-अनवर शाह कनेक्टर), चिंगरीघाटा फ्लाईओवर और सॉल्टलेक के कई हिस्सों में सड़कों की मरम्मत की जा चुकी है।

इसके अलावा, सियालदह फ्लाईओवर (विद्यापति सेतु) का नवीनीकरण कार्य 31 दिसंबर 2025 तक पूरा होने का अनुमान है। रिपोर्ट में मां फ्लाईओवर, गार्डन रीच फ्लाईओवर, उल्टाडांगा फ्लाईओवर सहित अन्य फ्लाईओवरों पर नियमित सफाई और सतह मरम्मत की बात भी शामिल है। हालांकि, अधिवक्ता आकाश शर्मा ने रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि केएमडीए हर साल यही रिपोर्ट देती है, लेकिन सामान्य बारिश में ही सड़कों की हालत फिर से खराब हो जाती है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट में किसी दीर्घकालिक, वैज्ञानिक और संरचनात्मक योजना का कोई उल्लेख नहीं है और केवल पोटहोल भराई, पैचवर्क और मस्टिक एस्फाल्ट को समाधान बताया गया है। महत्वपूर्ण मार्ग जैसे ईएम बाईपास, आनंदपुर-रूबी मोड़, साइंस सिटी कनेक्टर, सेक्टर पांच एप्रोच रोड, गरियाहाट फ्लाईओवर, पाटुली फ्लाईओवर, विद्यासागर सेतु के एंट्री-एग्जिट पॉइंट और ढाकुरिया रेल ओवर ब्रिज का जिक्र नहीं किया गया है।

शर्मा ने कहा कि यह जनता की सुरक्षा और टैक्स के उपयोग के दृष्टिकोण से गंभीर सवाल उठाता है। उन्होंने हाइकोर्ट से वैज्ञानिक और टिकाऊ सड़क निर्माण सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि मौसमी पैचवर्क के बजाय स्थायी समाधान लागू किया जा सके।

## ममता बनर्जी को चुनाव में हार का डर, इसलिए फर्जी वोटरों को हटाने का कर रही विरोध : भाजपा सांसद

❑ **एसआईआर का विरोध करने को लेकर सांसद जगन्नाथ सरकार ने मुख्यमंत्री पर साधा निशाना**

**कोलकाता :** बंगाल के राणाघाट से भाजपा सांसद जगन्नाथ सरकार ने एसआईआर का विरोध करने को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में हार का डर है, इसलिए फर्जी वोटरों को हटाने का विरोध कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएससी द्वारा रोहिंग्या और बांग्लादेशी मुस्लिम वोटरों के नाम बीएलओ पर दबाव डालकर गलत तरीके से जुड़वाए गए। उन्हें हटाना पूरी तरह से सही है। मतदाता सूची सौ प्रतिशत साफ और शुद्ध होनी चाहिए, जिसके लिए सभी राजनीतिक दलों को भी अपना सहयोग देना चाहिए।

उन्होंने जोर देकर कहा कि ममता बनर्जी को इस बार चुनाव में हार का डर है, इसलिए वह इन गैरकानूनी बांग्लादेशी और रोहिंग्या वोटरों को हटाने का विरोध कर रही हैं। उन्होंने भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के उस बयान का समर्थन किया, जिसमें उन्होंने कहा कि बंगाल में डिटेंशन सेंटर की जरूरत नहीं है। बांग्लादेशी जिस रास्ते आए, उसी रास्ते वापस भेजेंगे। जगन्नाथ सरकार ने कहा कि शुभेंदु अधिकारी ने बिल्कुल सही कहा है। बांग्लादेश सीमा पर खासकर अब कड़ी नजर रखी जा रही है। इसलिए, डिटेंशन सेंटर की कोई जरूरत नहीं है। एसआईआर की प्रक्रिया के बाद सजा के डर से सभी बांग्लादेशी और रोहिंग्या वापस भाग जाएंगे।

## बच्चे की मौत पर अस्पताल में हंगामा, डॉक्टर को थप्पड़ मारने का आरोप

**कोलकाता :** एक बच्चे की मौत को लेकर दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर ग्रामीण अस्पताल में शुक्रवार को तनाव का माहौल हो गया। इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिवार ने विरोध प्रदर्शन किया। एक डॉक्टर को थप्पड़ मारने का भी आरोप लगा है। इस घटना के बाद सुरक्षा की कमी का हवाला देते हुए डॉक्टरों ने काम बंद कर दिया। पूरा माहौल तनावपूर्ण हो गया। बाद में पुलिस ने पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। अस्पताल और पुलिस सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार सुबह परिवार के सदस्यों ने डेढ़ साल के एक बच्चे को बुखार और दस्त के लक्षणों के साथ अस्पताल में भर्ती कराया। बच्चे की शारीरिक स्थिति तेजी से बिगड़ने लगी। डॉक्टरों ने आधे घंटे तक बच्चे का इलाज किया और नेबुलाइजर भी दिया गया। लेकिन जब उसकी हालत और खराब होने लगी, तो उसे दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया गया। परिवार के सदस्य जब बच्चे को लेकर निकल रहे थे, तभी उसकी मौत हो गई। इसके बाद इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिवार के सदस्यों ने अस्पताल परिसर में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। पल भर में स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। आरोप लगाया गया कि डॉक्टर सौरभ हलदार को थप्पड़ भी मारा गया। अस्पताल में पुलिस सुरक्षा की मांग करते हुए डॉक्टरों ने काम बंद कर दिया। खबर मिलने पर घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में लिया। करीब पांच घंटे डॉक्टरों ने काम बंद रखा। इसके बाद स्थिति सामान्य हुई। डॉक्टर पर हमले के आरोप में पुलिस ने मृत बच्चे के दादा को हिरासत में लिया है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## शुभेंदु ने गीता पाठ कार्यक्रम में चिकन पैटी विक्रेताओं पर हमला करने वाले तीन लोगों को सम्मानित किया

❑ **जमानत पर रिहा होने के बाद तीनों को सम्मानित किया**
❑ **कहा : एक हिंदू के रूप में अपना कर्तव्य निभाने वालों के साथ हूं**

**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने कोलकाता में हाल में गीता पाठ कार्यक्रम में चिकन पैटी बेचने वाले दो विक्रेताओं पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार तीन लोगों को जमानत पर रिहा होने के बाद गुरुवार को सम्मानित किया। शुभेंदु ने कहा कि वह एक हिंदू के रूप में अपना कर्तव्य निभाने वालों के साथ हैं।

कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सात दिसंबर को 'गीता पाठ' कार्यक्रम में मांसाहार सामान बेचने वाले दो विक्रेताओं पर हमला करने के आरोप में बुधवार रात गिरफ्तार किए गए तीन लोगों को बैंकशाल अदालत ने गुरुवार को 1,000 रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी।

शुभेंदु ने फेसबुक पर एक पोस्ट में तस्वीर साझा करते हुए कहा, मैं ममता बनर्जी को बताना चाहता हूं कि आप 'सनातनियों' पर अपनी वफादार पुलिस लगाकर उन्हें दबा नहीं सकतीं।

धर्म की रक्षा की लड़ाई जारी रहेगी और इस लड़ाई में मैं हिंदुत्व के अनगिनत समर्थकों के साथ हर हिंदू के लिए खड़ा हूं।

उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री बनर्जी ने अहंकारपूर्वक कहा था कि हमला करने वाले तीनों लोगों को कुछ घंटों के भीतर ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

शुभेंदु ने सवाल किया कि गिरफ्तारी का फैसला करने वाली वह कौन होती हैं?

उन्होंने कहा, मैं एक विधायक हूं, विपक्ष का नेता हूं, भाजपा सदस्य हूं - ये सब बाद में आता है। सबसे पहले, मैं एक हिंदू हूं। अगर मेरे हिंदू भाई-बहन मुसीबत में हैं, तो मेरा प्राथमिक कर्तव्य अपने 'धर्म' की रक्षा करना है। गीता ने मुझे यही सिखाया है।

दो विक्रेताओं ने शिकायत की थी कि धार्मिक आयोजन में मांसाहारी भोजन की बिक्री पर आपत्ति जताते हुए युवाओं के एक समूह ने उनके साथ मारपीट की और उन्हें कान पकड़कर उठक-बैठक करने के लिए मजबूर किया।

घटना का एक कथित वीडियो इंटरनेट मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बुधवार रात तीन लोगों को गिरफ्तार किया। हालांकि गिरफ्तारी के कुछ घंटों बाद ही तीनों को जमानत मिल गई।

# बंगाल में बीएलओ की सुरक्षा के लिए राज्यपाल ने राज्य सरकार को दिए तीन सुझाव

**कहा- बीएलओ की सुरक्षा सुनिश्चित करना और एसआईआर के काम में रुकावटें हटाना राज्य सरकार की ड्यूटी**



**कोलकाता :** बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर तृणमूल कांग्रेस और भाजपा नेताओं में जुबानी जंग जारी है। इस बीच शुक्रवार को राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस ने तृणमूल सरकार को एसआईआर में रुकावटें हटाने और इस काम में लगे बूथ-लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की सुरक्षा के लिए तीन सुझाव दिए। इसके साथ ही राज्यपाल ने बंगाल सरकार को याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेशों के अनुसार, बीएलओ की सुरक्षा सुनिश्चित करना और एसआईआर के काम में रुकावटें हटाना राज्य सरकार की ड्यूटी है। शुक्रवार को राजभवन द्वारा जारी एक बयान में सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी का भी जिक्र किया गया, जिसमें चुनाव आयोग से इन मुद्दों पर ध्यान देने को कहा गया था। इसमें कहा गया था कि अराजकता की इजाजत नहीं दी जा सकती और अगर बीएलओ को धमकाया या रोका जाता है तो स्थिति को गंभीरता से लिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का हवाला देते हुए राज्यपाल ने बंगाल सरकार से यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रणाली बनाने को कहा कि न तो बीएलओ को धमकाया जाए और न ही जरूरी एसआईआर प्रक्रिया में किसी भी तरह की रुकावट आए। राज्यपाल ने तीन सुझाव दिए। पहला सुझाव यह है कि चूंकि बीएलओ जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं, इसलिए जिला प्रशासन को गांवों, कस्बों और शहरों में बूथ स्तर पर उन्हें सुरक्षा देने का निर्देश दिया जा सकता है। दूसरा सुझाव यह है कि राज्य सरकार पुलिस को निर्देश दे सकती है कि वह बीएलओ के साथ उनके गिनती के काम में बूथ स्तर पर पर्याप्त संख्या में तैनात रहे। तीसरा और अंतिम सुझाव यह है कि राज्य सरकार को बीएलओ को आवश्यक बुनियादी सुविधाएं देनी चाहिए ताकि वे अपना काम आसानी से कर सकें। बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद से तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ कई शिकायतें आई हैं कि वह बीएलओ पर बेवजह दबाव डाल रही है।

## ममता ने पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर शोक जताया

**कोलकाता :** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। ममता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा- वरिष्ठ जननेता, लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल के निधन से दुखी हूं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री और लोकसभा सदस्य के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न मुद्दों पर उनसे हुई मेरी बातचीत के दिन मुझे याद हैं। उनके शोक संतप्त परिवार, मित्रों और अनुयायियों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पाटिल का शुक्रवार को महाराष्ट्र में उनके गृह नगर लातूर में निधन हो गया। वह कुछ समय से बीमार थे। वह 90 वर्ष के थे। लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष रहे पाटिल ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में कई महत्वपूर्ण विभागों का कार्यभार संभाला था।

## बंगाल में फिर गिरा पारा : कोलकाता में तापमान 14 से नीचे, पूरे राज्य में कड़ाके की ठंड का दौर जारी

**कोलकाता :** उत्तर दिशा की तेज़ हवा और साफ आसमान के असर से बंगाल में ठंड ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। पूरे हफ्ते तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहा, लेकिन शुक्रवार को कोलकाता का न्यूनतम तापमान और नीचे खिसक कर 14.8 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। यह सामान्य से 1.3 डिग्री कम है। राज्य के अन्य जिलों में भी पारा नीचे गिरने से ठंड का असर तेज़ हो गया है। गुरुवार को दार्जिलिंग का तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस, श्रीनिकेतन में 9.5 डिग्री सेल्सियस और अलीपुरद्वार में 9.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि ठंड का यह सिलसिला अब पूरे सप्ताह चलेगा। आने वाले सात दिनों में न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास ही रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी जिलों में न्यूनतम तापमान नौ से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। वहीं तटीय जिलों में पारा 13 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/719, दिनांक 11.12.2025;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3512; कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के संवेदनशील एलसी गेट में सीसीटीवी की स्थापना के प्रस्ताव के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 4,87,076; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 9,800; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 05.01.2026 को 15.00 बजे। **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3516; कार्य का नाम:** बीडब्ल्यूएन यार्ड में सीसीटीवी की स्थापना के प्रस्ताव के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 7,94,086; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 15,900; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 02.01.2026 को 15.00 बजे। **क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3569-आर2; कार्य का नाम:** (i) एईएन/बीडीसी के अधीन बीडीसी (3 अदद), एमवाईएम (1 अदद) एवं बीओआई (1 अदद) में 50000 गैलन क्षमता की आरसीसी ओएच टैंक द्वारा स्टील ओएच टैंक के प्रतिस्थापना के साथ पाइपलाइन एवं अन्य आनुषंगिक कार्यों के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। (ii) एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधीन बीडब्ल्यूएन (4 अदद) में 50000 गैलन क्षमता की आरसीसी ओएच टैंक द्वारा स्टील ओएच टैंक के प्रतिस्थापना के साथ पाइपलाइन एवं अन्य आनुषंगिक कार्यों के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। (iii) डीईएन/1/एचडब्ल्यूएच के अधीन एलएलएच (2 अदद), एसएचई (1 अदद) एवं टीएके (1 अदद) में 50000 गैलन क्षमता की आरसीसी ओएच टैंक द्वारा स्टील ओएच टैंक के प्रतिस्थापना के साथ पाइपलाइन एवं अन्य आनुषंगिक कार्यों के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 30,65,655; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 61,300; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 01.01.2026 को 15.00 बजे। **समापन अवधि:** प्रत्येक के लिए 180 दिन। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। (HWH-455/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या: एंटी-ग्रेफिटी-950, तारीख: 11.12.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (कैरेज वर्क्स), खड़गपुर वर्कशॉप, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **कार्य का नाम:** 950 कोचों में बाहरी सुंदरता बनाए रखने के लिए एंटी-ग्रेफिटी कोटिंग। **कार्य की जगह:** खड़गपुर वर्कशॉप, दक्षिण पूर्व रेलवे, पोस्ट-खड़गपुर, जिला- पश्चिम मिदनापुर, पिन-721301। **मात्रा:** 950 कोच। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,66,79,800। **बयाना राशि:** ₹ 2,83,400। **अनुबंध की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 18 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 12.01.2026 को अपराह्न 3:00 बजे। **निविदा दस्तावेज़ की लागत:** शून्य। **बोली प्रणाली:** एकल लिफाफा प्रणाली। **अनुबंध का प्रकार:** सामान्य खुली कार्य निविदा। **निविदा का प्रकार:** खुली। विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज़ ई-पोर्टल वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (PR-943)

**पश्चिम मध्य रेल**

**सिविल इन्जीनियरिंग ▪ कोटा मण्डल ▪ ई-निविदा सूचना सं. डब्ल्यू/623/15, दि. 10.12.2025 ▪ शुद्धिपत्र**

निम्नलिखित टेण्डर जो कि निविदा संख्या-डब्ल्यू/623/15, दिनांक 04.12.2025 के द्वारा प्रकाशित किये गए थे एवं जिन्हे दिनांक 22.12.2025 को खोला जाना था, इन्हे अब एतद् द्वारा **रद्द** किया जाता है।

| टेंडर संख्या | कार्य का विवरण |
|---|---|
| 221/2025 ए | अम्मुनिशन ड़िपो भरतपुर - ट्रेक रिन्यूवल वर्क विद 60 के.जी. रेलस एण्ड स्लीपर इन्कुलिड़िग बैलास्ट कुशन एण्ड अर्थ वर्क |

*वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेल, कोटा*

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

Office of the Municipal Councillors
**Serampore Municipality**
1, N. S. Avenue, Serampore, Dist.: Hooghly, Pin: 712201

**Notice Inviting e-Tender**

e-Tender is invited from experienced and resourceful bidders vide **NIT No-WBMAD/ULB/SRMP/APAS/NIT-46/2025-26, Date:12/12/2025.** Number of work- SL. 01 to 31. Bid Submission Start Date (online): **12/12/2025 at 01.00 P.M.** Bid Submission Closing Date (online): **24/12/2025 at 5.00 P.M.** Bid Opening Date for Technical Proposals (online): **26/12/2025 at 05.00 P.M.** For details of the project go through http://tenders.wb.gov.in/nicgep/app and www.seramporemunicipality.net/tenders

Sd/-
Chairman
Serampore Municipality

**हावड़ा मंडल के तहत रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

इंजीनियरिंग, ओवरहेड इक्विपमेंट और सिग्नल एवं टेलीकम्यूनिकेशन रखरखाव कार्य के लिए, हावड़ा मंडल के विभिन्न खंड में **दिनांक 14.12.2025 (रविवार)** को **दिन के समय ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी:-

- **निरस्तीकरण [दिनांक 14.12.2025 (रविवार)]: (1) हावड़ा से** - 36823 **(2) बैण्डेल से** - 37749 **(3) बर्द्धमान से** - 36834 और **(4) कटवा से** - 37748
- **पुनर्निर्धारण [दिनांक 14.12.2025 (रविवार)]:** 53009 **कटवा - आजिमगंज पैसेंजर** कटवा स्टेशन से 12.00 बजे के बदले 12.30 बजे पुनर्निर्धारित की जाएगी।

**विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेनें और कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, मार्ग में सुविधानुसार नियंत्रित की जाएंगी/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

पूर्व रेलवे
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# 2016 की एसएससी वेटिंग लिस्ट पर हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

❑ याचिकाकर्ता उम्मीदवारों का इंटरव्यू कराने का निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** 2016 की स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) भर्ती प्रक्रिया से जुड़े मामलों में कोलकाता हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए वेटिंग लिस्ट में शामिल याचिकाकर्ता उम्मीदवारों का इंटरव्यू कराने का आदेश दिया है। यह मामला शुक्रवार को न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की बेंच में सुनवाई के लिए आया, जहां अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उम्र सीमा पार होने के कारण जिन



उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए नहीं बुलाया गया था, अब उनका इंटरव्यू अनिवार्य रूप से कराया जाए। अदालत ने यह भी कहा कि केवल याचिकाकर्ता उम्मीदवारों का ही इंटरव्यू लिया जाएगा और इंटरव्यू में प्राप्त अंक आयोग को सीलबंद लिफ़ाफ़े में अदालत में जमा करने होंगे।

न्यायमूर्ति सिन्हा ने आयोग (एसएससी) को यह बताने का भी निर्देश दिया कि इंटरव्यू प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी या नहीं–इस संबंध में आयोग अपना निर्णय अदालत को प्रस्तुत करे। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के वकील ने बताया कि सभी उम्मीदवारों ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत फॉर्म भरा था, परीक्षा दी थी और दस्तावेजों का सत्यापन भी पूरा हुआ था। इसके बावजूद उन्हें यह कहकर इंटरव्यू में भाग लेने से रोक दिया गया कि वे निर्धारित आयु–सीमा पार कर चुके हैं।

याचिकाकर्ताओं की ओर से आगे यह भी दलील दी गई कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार योग्य उम्मीदवारों को आयु–सीमा में छूट मिलनी चाहिए, लेकिन इस मामले में आयोग ने उस दिशा–निर्देश का पालन नहीं किया। इसी वजह से यह मामला अदालत में लाया गया। उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष अप्रैल में सुप्रीम कोर्ट ने 2016 की एसएससी भर्ती से जुड़ी पूरी पैनल को रद्द कर दिया था, जिसके परिणामस्वरूप करीब 26,000 शिक्षक और शिक्षाकर्मियों की नौकरी चली गई थी। शीर्ष अदालत के आदेश के बाद नई भर्ती प्रक्रिया फिर से शुरू की गई है।

इस परिप्रेक्ष्य में हाई कोर्ट का यह नया आदेश बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इससे वेटिंग लिस्ट में शामिल 2016 बैच के उम्मीदवारों को राहत मिलने की संभावना बढ़ गई है।

## पश्चिम बंगाल में एआईएमआईएम ने हुमायूं कबीर के साथ गठबंधन की संभावना जताई

**कोलकाता, समाज्ञा :** असदुद्दीन ओवैसी की अगुवाई वाली एआईएमआईएम के केंद्रीय नेतृत्व ने हुमायूं कबीर को 'राजनीतिक रूप से असंगत' घोषित किए जाने के कुछ ही दिन बाद, पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई ने शुक्रवार को आगामी विधानसभा चुनाव में निलंबित तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर के साथ गठबंधन की संभावना व्यक्त की। एआईएमआईएम के पश्चिम बंगाल प्रदेश अध्यक्ष इमरान सोलंकी ने कहा कि कबीर के साथ बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है। कबीर, जिन्होंने छह दिसंबर को मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद शैली की मस्जिद की नींव रखकर राजनीतिक हलचल मचाई थी, अब अल्पसंख्यक समुदाय की आवाज को मुखरता से उठाने वाले प्रमुख नेता के रूप में उभरे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष इमरान सोलंकी ने बताया कि कबीर के साथ बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है और दोनों पक्ष अगले साल के विधानसभा चुनाव में कुछ सीटों पर गठबंधन के अवसर तलाश रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर ओवैसी की मजबूत पकड़ के कारण कबीर भी एआईएमआईएम के साथ गठबंधन करने के इच्छुक हैं और पश्चिम बंगाल इकाई भी कुछ चुनी हुई सीटों पर उनके सहयोग में रुचि रखती है। अंतिम निर्णय राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा लिया जाएगा।

सोलंकी के बयान ने पश्चिम बंगाल के पहले से अस्थिर चुनावी परिदृश्य को और जटिल बना दिया है। इससे चार दिन पहले राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद असीम वकार ने कबीर के साथ किसी भी गठबंधन से साफ इनकार किया था और उन्हें भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी तथा पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निकट होने के कारण 'राजनीतिक रूप से संदिग्ध और वैचारिक रूप से असंगत' बताया था। सोलंकी ने इस विरोधाभास पर कहा, हां, हां, हमें वकार के बयान की जानकारी है, लेकिन फिलहाल यह पश्चिम बंगाल इकाई का आधिकारिक रुख नहीं है।

पश्चिम बंगाल इकाई का यह लचीला रुख संकेत देता है कि जमीनी स्तर पर चुनावी समीकरण अलग तरह से आकार ले रहे हैं, खासकर मुर्शिदाबाद और मालदा के अल्पसंख्यक बहुल जिलों में, जहां कबीर और एआईएमआईएम दोनों को लगता है कि वे सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के प्रभाव में सेंध लगा सकते हैं।

### केंद्र ने पश्चिम बंगाल का पैसा रोकने का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया : तृणमूल सांसद

**नयी दिल्ली :** तृणमूल कांग्रेस की सांसद रचना बनर्जी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से पश्चिम बंगाल की विभिन्न योजनाओं की बकाया धनराशि देने की मांग की और दावा किया कि पैसा रोकने का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया है। बनर्जी ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए दावा किया कि पश्चिम बंगाल का केंद्र पर सर्व शिक्षा अभियान के तहत 90 हजार करोड़ रुपये बकाया है और कुल मिलाकर सभी योजनाओं के तहत केंद्र को दो लाख करोड़ रुपये से अधिक देना है। उन्होंने कहा, 'केंद्र की तरफ से इस राशि को एकपक्षीय तरीके से रोकने का आज तक कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया।' तृणमूल सांसद ने सरकार से राज्य का बकाया जल्द जारी करने की मांग की।

## फर्जी पासपोर्ट मामले में ईडी ने इंदुभूषण सहित छह लोगों के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

### आयकर रिटर्न बदलकर बनाया जाता था पासपोर्ट

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए ईडी ने कोलकाता की अदालत में अतिरिक्त चार्जशीट दाखिल की है। एजेंसी ने शुक्रवार को अपने बयान में बताया कि इस चार्जशीट में नदिया जिले के चाकदह निवासी इंदुभूषण हलदार सहित कुल छह लोगों का नाम शामिल किया गया है। आरोप है कि यह पूरा गिरोह आयकर रिटर्न के दस्तावेज़ों में नाम और पैन नंबर बदलकर फर्जी पासपोर्ट तैयार करता था।

इस मामले की शुरुआत तब हुई, जब ईडी ने सबसे पहले आजाद मल्लिक नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। ईडी का दावा है कि आजाद पाकिस्तान का नागरिक है, जो बांग्लादेश के रास्ते फर्जी दस्तावेज़ों का इस्तेमाल करके भारत में घुसा था। उसके पास पाकिस्तान का ड्राइविंग लाइसेंस भी मिला है। आजाद से मिली जानकारी के आधार पर ईडी ने चाकदह में छापेमारी कर इंदुभूषण को पकड़ लिया। अतिरिक्त चार्जशीट में जिन अन्य लोगों के नाम दर्ज हैं, वे सभी इंदुभूषण के सहयोगी बताए गए हैं।

ईडी के अनुसार, इंदुभूषण और उसका गिरोह आयकर रिटर्न के दस्तावेज़ों में केवल नाम और पैन नंबर बदलकर पासपोर्ट के लिए आ-वेदन करता था। इसी तरीके से लगभग 300 फर्जी पासपोर्ट बनाने का आरोप उन पर है। इंदुभूषण को इस वर्ष 14 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। जांच में खुलासा हुआ कि वह वर्ष 2016 से इस गैरकानूनी काम में शामिल था और उसने आजाद के लिए भी पासपोर्ट बनवाया था।

फर्जी दस्तावेज़ों का इस्तेमाल कर पासपोर्ट बनाने का मामला पहली बार पिछले वर्ष सामने आया था। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय की जानकारी के आधार पर कोलकाता पुलिस ने शुरुआती जांच में 10 लोगों को गिरफ्तार किया था। बाद में पता चला कि यह नेटवर्क पूरे राज्य में फैला है। इसके बाद इस मामले की जांच ईडी को सौंप दी गई। ईडी अब पूरे नेटवर्क, धन के प्रवाह और अंतरराष्ट्रीय कड़ियों की जांच कर रही है।

## एकल श्रीहरि सत्संग समिति द्वारा आयोजित पंचदिवसीय श्री मीरा चरित्र का शुभारंभ 15 दिसम्बर से

**कोलकाता :** देश के करोड़ो वनवासी एवं ग्रामीण बंधुओं को विकास की मुख्य धारा में शामिल करने और सनातन संस्कृति की चेतना को जागृत करने हेतु देश की अग्रणी संस्था एकल श्रीहरि सत्संग समिति, कोलकाता की ओर से 15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर 2025 तक (108 गीता पाठ सहित) पंच दिवसीय श्री मीरा चरित्र का भव्य विराट आयोजन तोपसिया स्थित ओजस बैंक्वेट हॉल में किया गया है। श्रीहरि सत्संग समिति के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व मंत्री विकास पोद्दार, वनबन्धु परिषद, कोलकाता चैप्टर के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार अग्रवाल और सचिव मनोज कुमार चेतानी व कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप गोयनका ने यह जानकारी देते हुए बताया कि परम श्रद्धेय श्री गौरदास जी महाराज (श्रीधाम वृंदावन) के श्रीमुख से प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक कथा प्रवचन होगा। आयोजकों ने बताया कि कथा शुभारंभ से पूर्व एक एकल श्रीहरि रथ





वनवासियों की सेवार्थ लोकार्पित होगा। 16 दिसम्बर को कथा स्थल पर सुबह 11 बजे से सामूहिक सुन्दरकांड पाठ का भी आयोजन होगा। उल्लेखनीय है कि वनवासियों को सुशिक्षित करने के लिए चलाए जा रहे एकल अभियान की इकाई श्रीहरि सत्संग समिति अपनी सहयोगी संस्थाओं वनबंधु परिषद, एफटीएस युवा और एकल अभियान के संयुक्त तत्वावधन में प्रतिवर्ष धर्मप्राण नगरी कोलकाता के जनमानस को आध्यात्म की वर्षा में सराबोर करने के क्रम में देश–विदेश में अपने शास्त्रज्ञान व सुचिंतित विचारों के आधार पर आध्यात्मिक कीर्तिध्वज फैलाने वाले पूज्य संतों के दर्शन, शुभाशीष व कल्याणकारी प्रवचनों से उपकृत करती आ रही है और समिति के इस वार्षिक आयोजन के जरिए अभी तक विजय कौशल जी महाराज, रमेश भाई ओझा, अवधेशानंद गिरि जी महाराज, मुरारी बापू, गोविन्ददेव गिरि जी महाराज (किशोर जी व्यास), ब्रह्मलीन धर्मेन्द्र जी महाराज, भूपेन्द्र भाई पाण्डया, परम पूज्यनीया संतोषी माताजी, कृष्णचंद्र जी शास्त्री (ठाकुर जी महाराज), बाल व्यास राधाकृष्ण जी महाराज, गिरीशानंद जी महाराज, सोमगिरि जी महाराज, नवलराम जी एवं ब्रह्मचारी शक्तिरामजी महाराज, पं. विजय शंकर जी मेहता, अनुराग कृष्ण शास्त्री, पुण्डरीक गोस्वामी जी महाराज, मलूकपीठाधीश्वर परम गोवत्स राजेन्द्रदास जी महाराज, गौरदास जी महाराज, सद्गुरु श्रद्धेय ऋतेश्वर जी महाराज व अन्य विभूतियों ने समिति की परियोजनाओं को सदा अपने आशीर्वचनों तथा समर्थन से अतिशय पुष्ट किया है। सजन भजनका, सज्जन कुमार बंसल, रमेश कुमार सरावगी, रमेश कुमार माहेश्वरी सहित इस आयोजन हेतु गठित विभिन्न समितियों के मार्गदर्शक, प्रमुख व सदस्य आयोजन की सफलता हेतु विशेष रुप से सक्रिय हैं।

## सियालदह बीआरएल टीम ने समय पर पुल बदलकर बेहतरीन सटीकता और दक्षता दिखायी

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन ने रेलवे अवसंरचना रखरखाव में एक नया मानदंड स्थापित करते हुए बीती रात अपने ब्रिज लाइन (बीआरएल) यूनिट के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य-संपादन का परिचय दिया। रेलवे संचालन को निर्बाध बनाए रखने के उद्देश्य से 11/12 दिसंबर की रात 00.00 बजे से 03.30 बजे तक स्वीकृत ट्रैफिक ब्लॉक के दौरान ब्रिज नंबर 1 (लाइन 5) और कॉमन पैसेंजर लाइन (सियालदह–विधाननगर रोड) पर महत्वपूर्ण पुल घटकों के प्रतिस्थापन का जटिल कार्य पूरा किया गया। उल्लेखनीय है कि पूरी प्रक्रिया स्वीकृत ब्लॉक अवधि के अंदर ही संपन्न हुई और एक भी मिनट का ओवररन नहीं हुआ। इस कार्य में 3 क्रॉस गर्डर और 6 स्ट्रिंगर का प्रतिस्थापन शामिल था, जो



तकनीकी रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण माना जाता है। इसके लिए टीम ने ट्रैक का पूर्ण विघटन किया, लगभग 200 बोल्ट–नट खोलकर पुराने गर्डर और स्ट्रिंगर हटाए तथा नए घटकों को सटीकता के साथ स्थापित किया। इसके बाद स्लीपर, पैड, रेल और फिटिंग्स की दोबारा असेंबली की गई। कार्य क्षेत्र में स्थित पुल के तीन स्पैन में कुल 26 क्रॉस गर्डर और 46 गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त स्ट्रिंगर बदले गए। यह कार्य न केवल इंजीनियरिंग क्षमता का प्रदर्शन है, बल्कि टीमवर्क, अनुशासन और समय–प्रबंधन का भी बेहतरीन उदाहरण है। सियालदह डिवीजन के अधिकारियों ने बताया कि यह सफल ऑपरेशन रेलवे संरचना की सुरक्षा, मजबूती और दीर्घकालिक विश्वसनीयता को बढ़ाता है।

## श्रीलंकन एयरलाइंस ने सर्दियों में भारतीय यात्रियों के स्वागत की पूरी तैयारी की

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्रीलंकन एयरलाइंस सर्दियों के अवकाश सीजन में भारतीय यात्रियों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत से मजबूत कनेक्टिविटी के साथ एयरलाइन यात्रियों को श्रीलंका की प्राकृतिक सुंदरता, गर्मजोशी और सांस्कृतिक विविधता का सहज अनुभव देने पर केंद्रित है। कोलंबो, गाले, नेगोंबो, मिरिस्सा और वेलिगामा जैसे समुद्री तटों के साथ–साथ सिगिरिया, दंबुला, पोलोननरुवा और अनुराधापुरा जैसे ऐतिहासिक स्थलों की लोकप्रियता यात्रियों को आकर्षित करती है। एयरलाइन होटल्स, टूर ऑपरेटरों और पर्यटन प्राधिकरणों के समर्थन से स्थिरता से संचालन कर रही है। वर्तमान में श्रीलंकन एयरलाइंस भारत के नौ शहरों से लगभग 90 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है। इस वर्ष भारतीय यात्रियों की हिस्सेदारी कुल पर्यटकों में 22% रही। एयरलाइंस के हेड ऑफ कमर्शियल दिमुथु तेनकून ने कहा, दिसंबर और जनवरी समुद्र तट और सांस्कृतिक यात्राओं के लिए सर्वश्रेष्ठ महीने हैं। वहीं, टीए–चएएसएल के अध्यक्ष अशोक हेटिगोडा ने कहा, हम भारतीय मित्रों का अपनी गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हैं; सभी प्रमुख होटल पूरी तरह संचालित हैं।

## धर्म सापेक्ष जीवन जीने वाले सज्जनों का संगठित होना आवश्यक – स्वामी त्र्यंबकेश्वर चैतन्य जी महाराज

**कोलकाता :** करपात्री जी फाउंडेशन की ओर से स्वामी त्र्यंबकेश्वर चैतन्य जी महाराज ने गोविन्द भवन में श्रद्धालु भक्तों के जीवन में सुख – शान्ति की शुभकामना दी। स्वामी त्र्यंबकेश्वर चैतन्य जी महाराज ने भक्तों का मार्गदर्शन करते हुए कहा भारत की वर्तमान परिस्थिति में धर्म सापेक्ष जीवन जीने वाले सज्जनों का संगठित होना आवश्यक है। अकेले मणि, मोती का उतना महत्व नहीं होता, बल्कि माला में मणि, मोती की शोभा बढ़ती है। स्वामी जी ने कहा विद्वान, कथावाचक जब अकेले में रहता है, उसका समय धर्म साधना, ज्ञान अर्जित करने में व्यतीत होता है लेकिन सत्संग में बहुसंख्यक श्रद्धालु भक्तों का मार्गदर्शन करने से भक्तों के



जीवन में धार्मिक निष्ठा बढ़ती है, अच्छे संस्कार जागृत होते हैं। राष्ट्र प्रथम, सनातन धर्म प्रथम पर स्वामी त्र्यंबकेश्वर चैतन्य जी महाराज ने कहा सनातन धर्म के पौराणिक ग्रन्थ, साहित्य अनुपम, प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा संगठन से पृथक होकर व्यक्ति को क्षणिक, सांसारिक सुख मिल सकता है लेकिन संगठन से जुड़ कर अपनी प्रतिभा, ज्ञान, शक्ति का सदुपयोग समाज एवम् राष्ट्र हित में करने से दीर्घकालिक आत्मीय सुख का अनुभव होता है। ब्रह्मचारी प्रणवानंद चैतन्य महाराज, आचार्य सागर महाराज, आचार्य आदर्श महाराज, शास्त्री विश्वजीत शर्मा, सज्जन वर्मा एवम् श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

### कनाडा के उच्चायुक्त ने किया ईस्ट–वेस्ट मेट्रो का दौरा



**कोलकाता :** भारत में कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस कूटर ने आज कोलकाता की ईस्ट–वेस्ट मेट्रो में हावड़ा और न्यू एस्प्लेनेड स्टेशनों के बीच हुगली नदी के नीचे बने अंडरवॉटर मेट्रो कॉरिडोर में यात्रा की। उनके साथ कनाडा उच्चायोग के अधिकारियों का एक दल, कोलकाता मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अनुज मित्तल, मेट्रो रेलवे के प्रधान मुख्य अभियंता एवं प्रधान मुख्य संचालन प्रबंधक सत्याकी नाथ तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। उच्चायुक्त ने इस जलमग्न मेट्रो खंड की संरचना, सुरक्षा प्रबंधन व यात्री सुविधाओं को देखकर संतोष व्यक्त किया। अधिकारियों ने उन्हें ईस्ट–वेस्ट मेट्रो के निर्माण तकनीकों, विशेषकर टनल बोरिंग मशीन द्वारा खोदी गई सुरंगों और परियोजना के दौरान आए विभिन्न इंजीनियरिंग चुनौतियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। कूटर ने इस अत्याधुनिक मेट्रो परियोजना की सराहना करते हुए इसे शहरी परिवहन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

## कोलकाता मेट्रो 15 दिसंबर से ग्रीन लाइन में बढ़ाएंगी सेवाएं, हावड़ा से अंतिम ट्रेन 22.05 बजे

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो द्वारा 15 दिसंबर से ग्रीन लाइन में अतिरिक्त सेवाओं का संचालन किया जाएगा। सोमवार से शुक्रवार तक अब 228 सेवाएं (114 अप और 114 डाउन) संचालित होंगी, जो पहले 226 सेवाओं के मुकाबले अधिक हैं। शनिवार को यह संख्या 204 सेवाओं तक बढ़ जाएगी, जबकि पहले यह 202 सेवाएं थीं। रविवार को ग्रीन लाइन में 104 सेवाओं के बजाय अब 108 सेवाएं संचालित होंगी। इस विस्तार के साथ, हावड़ा मैदान से आखिरी मेट्रो 22.05 बजे रवाना होगी और यह सेंट्रल पार्क स्टेशन तक चलेगी।

सामान्य सप्ताह के दिनों में पहली सेवा सॉल्ट लेक सेक्टर पांच से हावड़ा मैदान 06.39 बजे और हावड़ा मैदान से सॉल्ट लेक सेक्टर पांच 06.45 बजे शुरू होगी। आखिरी सेवा सॉल्ट लेक सेक्टर पांच से हावड़ा मैदान 21.55 बजे और हावड़ा मैदान से सॉल्ट लेक सेक्टर पांच 21.55 बजे चलेगी। इसके अतिरिक्त हावड़ा मैदान से सेंट्रल पार्क के लिए नई सेवा 22.05 बजे शुरू होगी।

रविवार को पहली सेवाएं सॉल्ट लेक सेक्टर पांच से हावड़ा मैदान 09.02 बजे, हावड़ा मैदान से सॉल्ट लेक सेक्टर पांच 09.00 बजे, और सिटी सेंटर से हावड़ा मैदान 09.00 बजे (नई सेवा) शुरू होंगी। आखिरी सेवाएं सॉल्ट लेक सेक्टर पांच से हावड़ा मैदान 21.55 बजे, हावड़ा मैदान से सॉल्ट लेक सेक्टर पांच 21.55 बजे और हावड़ा मैदान से सेंट्रल पार्क 22.05 बजे के समय पर संचालित होंगी।

### कोलकाता मेट्रो 14 दिसंबर को सेट परीक्षा के लिए चलाएगी विशेष सेवा



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो ने 27वें स्टेट एलीजिबिलिटी टेस्ट (सेट) परीक्षा में शामिल उम्मीदवारों के लिए 14 दिसंबर को विशेष सेवाओं की व्यवस्था की है। इस दिन ब्लू लाइन और ग्रीन लाइन में मेट्रो सेवाएं सुबह 7:00 बजे से शुरू होंगी। सुबह 7:00 से 8:00 बजे तक सेवाएं 20 मिनट अंतराल पर उपलब्ध रहेंगी, जबकि 8:00 से 9:00 बजे तक यह अंतराल घटाकर 15 मिनट कर दिया जाएगा। ब्लू लाइन में दक्षिणेश्वर से पहली सेवा सुबह 7:00 बजे और शहीद खुदीराम से 7:03 बजे शुरू होगी। ग्रीन लाइन में हावड़ा मैदान और सॉल्ट लेक सेक्टर पांच से पहली सेवाएं सुबह 7:00 बजे से संचालित होंगी। सुबह 9:00 बजे के बाद दोनों कॉरिडोर में सामान्य रविवार सेवाएं चालू रहेंगी। इस विशेष व्यवस्था के तहत ब्लू लाइन में कुल 144 सेवाएं (72 अप और 72 डाउन) चलाई जाएंगी, जबकि सामान्यत: 130 सेवाएं होती हैं। ग्रीन लाइन में 118 सेवाएं (59 अप और 59 डाउन) उपलब्ध रहेंगी, सामान्य 104 सेवाओं के स्थान पर। येलो लाइन पर सामान्य सेवाएं जारी रहेंगी, जबकि पर्पल और ऑरेंज लाइन पर इस दिन कोई सेवा नहीं होगी। कोलकाता मेट्रो ने परीक्षा उम्मीदवारों की सुविधा और समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष इंतजाम किए हैं।

## डॉ. सुनील कुमार श्रॉफ को मिलेगा मारवाड़ी सम्मेलन का 'राजस्थानी व्यक्तित्व सम्मान'

**कोलकाता :** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की पुरस्कार चयन उपसमिति ने मोहन फाउंडेशन के तहत अंगदान जागरूकता और प्रत्यारोपण क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चेन्नई के प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट व रीनल ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार श्रॉफ को इस वर्ष का 'राजस्थानी व्यक्तित्व सम्मान' (सौजन्य: रामनिवास आशारानी लखोटिया ट्रस्ट) प्रदान करने का निर्णय लिया। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पद्मश्री प्रह्लाद राय अग्रवाला की अध्यक्षता में हुई बैठक में गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, पवन कुमार गोयनका, सीताराम शर्मा, नन्द लाल रुँगटा, संतोष सराफ, केदारनाथ गुप्ता और संजय हरलालका मौजूद रहे। डॉ. श्रॉफ द्वारा 30,000 से अधिक सर्जरी और अनेक जटिल किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक करने के



साथ–साथ अंगदान आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर गति देने के लिए उन्हें यह सम्मान 25 दिसंबर को कलामंदिर में सम्मेलन के 91वें स्थापना दिवस पर प्रदान किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित सम्मान पूर्व में अनुराधा लोहिया, रमेश चंद्र लाहोटी, राजश्री बिड़ला, अनिल अग्रवाल, ओम बिड़ला, अरविंद केजरीवाल, आदर्श कुमार गोयल, अमला रुइया, देवेन्द्र राज मेहता और वेणुगोपाल बांगड़ जैसे दिग्गजों को मिल चुका है।

### नैहाटी में 'रॉबिन्सन स्ट्रीट कांड' की छाया, पति और पुत्र के साथ कमरे से मिली महिला की लाश

**कोलकाता :** नैहाटी नगरपालिका के वार्ड 17 के शास्त्री रोड स्थित एक घर से 55 वर्षीय तृप्ति नंदी का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका के पति गौर नंदी, जो गंभीर रूप से बीमार हैं, और उनका दिव्यांग पुत्र उसी कमरे में मौजूद थे। पड़ोसियों को घटना की भनक तक नहीं लगी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शाम को तृप्ति नंदी की बहन जब हावड़ा से बहन के घर पहुँचीं, तो कमरे से तेज दुर्गंध आ रही थी। दरवाज़ा खोलने पर उन्होंने तृप्ति नंदी का शव पड़ा देखा। इसके बाद उन्होंने पड़ोसियों को सूचना दी, जिन्होंने तुरंत पुलिस को खबर दी। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। गंभीर रूप से बीमार गौर नंदी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जांच जारी है।

### पूर्व रेलवे ने ट्रैक मेंटेनेंस पर जागरूकता बैठक का किया आयोजन




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने शुक्रवार को कोलकाता स्थित मुख्यालय के न्यू कॉन्फ्रेंस हॉल में ट्रैक मेंटेनेंस के डूज और डोन्ट्स विषय पर एक व्यापक जागरूकता बैठक आयोजित की। इस बैठक में विभिन्न डिवीजन से बी और सी कैटेगरी के एसएसई, जेई और पी.वे अधिकारी उपस्थित रहे, जिनका चयन उनके कार्य अनुभव और तकनीकी ज्ञान के आधार पर किया गया था। बैठक का मुख्य उद्देश्य ट्रैक मेंटेनेंस से जुड़े सुरक्षा पहलुओं की जानकारी बढ़ाना और फील्ड इंजीनियर्स के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में प्रिंसिपल चीफ इंजीनियर, पूर्व रेलवे और इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन, निरंतर सीखने और उच्च मानकों के साथ ट्रैक मेंटेनेंस करने का महत्व बताया। इस अवसर पर उन्होंने ट्रैक मेंटेनेंस के महत्वपूर्ण कार्यों पर आधारित डूज और डोन्ट्स पुस्तिका का भी विमोचन किया, जिसे फील्ड सुपरवाइजर और इंजीनियर्स के लिए संदर्भ के रूप में तैयार किया गया है।

## मनुष्य की आवश्यकता है योग : स्वामी निरंजनानंद सरस्वती

**कोलकाता :** वेदांत शान्त सागर है,भक्ति तरंगायित सागर है ,ऐसा दोनों संतों ने बताया पर सागर की भीतर की जो स्थिरता है उसका नाम योग है। योग आज मनुष्य की आवश्यकता है। यह धर्म–दर्शन नहीं। बेचैन मन को संयमित करने का नाम है योग। योग दर्शन में कहा जाता है कि वृतियों का निरोध ही योग है। योग हमें मन को बांधना सिखाता है।जब योग से मन संभलता है तो जीवन में शुभ परिवर्तन होता है। हमारे ऋषियों ने परमतत्व परमात्मा को पाने के अनेक मार्ग बताए हैं। उपासना,पूजा,मंत्र,अनुष्ठान आदि ये मार्ग हैं, जो हमारे अंत:करण को शुद्ध करते हैं और हम उस परमतत्व को पाने के लिए अग्रसर होते हैं। हमारे शोधकर्ता बताते हैं, जैसी मनुष्य की वृत्तियां होगी वैसी उसकी समझ होगी। अध्यात्म छतरी है तो जिसके भीतर धर्म पनपते हैं।

ये बातें आध्यात्मिक–सांस्कृतिक



संस्था श्रीशरणम् के तत्वावधान में दिव्य संत सभा में योग विषय पर प्रवचन करते हुए परमहंस परिब्राजकाचार्य पद्म भूषण स्वामी निरंजनानंद सरस्वती महाराज ने कला मंदिर सभागार में कही। भक्ति विषय पर प्रवचन करते हुए श्रद्धेय स्वामी गिरिशानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि वेदांत शान्त समुद्र है तो भक्ति तरंगायित समुद्र।भगवान राम हो, भगवान कृष्ण हो या आपके इष्टदेव के प्रति लगाव –अपनापन हो जाए। इसी का नाम भक्ति है। अपने इष्ट या सद्गुरु के चरणों में बिना शरणागति हुए बिना भक्ति नहीं मिलती।प्रेम की शक्ति का नाम है भक्ति। भक्ति को भगवान ने हमें जन्मजात दिया है। भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, मुझे बुला लो तुम्हारे हृदय को स्वच्छ कर दूंगा। रूक्मणी के पास केवल ईमानदारी थी, बुलाने पर आए और अपना बना लिये। जब आपके बच्चे रोते हैं तब आप सब छोड़कर उसके पास जाते हैं। यदि आप संसार के मालिक ठाकुर को पुकारोंगे तो वे अवश्य आपके पास आएंगे। इसी कलयुग नरशी मेहता को भगवान श्रीकृष्ण ने दर्शन दिया है। अपनी मान्यताएं छोड़कर भगवान, किशोरी जी और सद्गुरु के शरण में जाना चाहिए तभी ठाकुर की कृपा बनी रहेंगी।

वेदांत विषय पर प्रवचन करते हुए परमहंस डा .स्वामी मुक्तानंद महाराज ने कहा कि मनुष्य का जीवन दिव्यता को लाने के है। दिव्यता का मतलब प्रकाश। प्रकाश परमात्मा में है। परमात्मा से हमारा संबंध कैसा है? इसका प्रयास करना चाहिए। व्यक्ति क्या चाहता है? अनुसंधान करने ऋषियों ने कहा है कि सभी की इच्छा है शाश्वत(स्थायी) सुख मिले, जो व्यापक हो। सांसारिक सुख क्षणिक है। अज्ञानता की स्थिति में सांसारिक वस्तुएं सच दिखती है पर ज्ञान की स्थिति में आत्मा–परमात्मा ही दिखता है। जगत मिथ्या (जैसा हमें प्रतीत होता है वैसा नहीं) है, ब्रह्म ही सत्य है। जीव जब अपने स्वरूप को पहचान लेता है तो वह ब्रह्म हो जाता है। इसे शाश्वत सुख (आनंद) कहते हैं। हमारे शास्त्र बताते हैं कि ब्रह्म को पाने के लिए गुरु के शरण में जाना चाहिए। जीव निर्माण का साधन है। सत्संग कार्यक्रम का संचालन व संस्था का परिचय डा.ब्रजेश दीक्षित ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्टीगण सज्जन कुमार सिंघानिया, मुरारीलाल दीवान, अरविन्द नेवर, राम अवतार केडिया, ओमप्रकाश जाजू, राजेन्द्र बिहानी, राजू चौधरी, बिनोद माहेश्वरी, वर्षा अग्रवाल व संदीप अग्रवाल सक्रिय रहे। ट्रस्टी मुरारीलाल दीवान ने बताया कि दिव्य संत सभा 14दिसम्बर तक प्रतिदिन संध्या 5से रात 8बजे तक आयोजित की गई है।

# बालागढ़ थाने में उग्र भीड़ का तांडव, थाने में तोड़फोड़, युवक की मौत के बाद फूटा गुस्सा

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के बालागढ़ थाना क्षेत्र में 26 वर्षीय शेख असादुल मंडल की रहस्यमय मौत को लेकर शनिवार सुबह इलाके में भारी तनाव फैल गया। परिवार का आरोप है कि शुक्रवार देर रात पुलिस ने असदुल को नशे की हालत में उठाकर थाने ले गई। युवक ने अपने जीजा शेख राजा को मैसेज भेजकर इस बात की जानकारी भी दी थी। परिजनों के अनुसार, रातभर कई बार संपर्क करने की कोशिश के बावजूद न तो पुलिस और न ही असादुल से कोई संपर्क हो पाया। इसके बाद भीड़ उग्र हो गई और थाने पहुंचकर भीड़ ने जमकर तांडव मचाया। आरोप है कि युवक को शराब



पीकर गाड़ी चलाने के आरोप में पकड़ा गया था। शनिवार सुबह उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर मिला। इसके बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने बालागढ़ पुलिस स्टेशन में जमकर तोड़फोड़ की। मृतक की पहचान शेख असदुल मंडल के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, उसे गुरुवार देर रात बालागढ़ पुलिस ने शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप में हिरासत में लिया था। हिरासत में ले जाने से पहले असदुल ने अपने जीजा बाबू शेख राज को मैसेज भेजकर पुलिस कार्रवाई की जानकारी दी थी। जीजा ने पुलिस और असदुल दोनों को कई बार फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। असदुल का शव बालागढ़ स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर मिला। खबर फैलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में थाने के बाहर जमा हो गए और पुलिस पर हत्या का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन जल्द ही हिंसक हो गया, भीड़ ने थाने के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे और चाइल्ड-फ्रेंडली कॉर्नर को नुकसान पहुंचाया। हुगली ग्रामीण पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को काबू में करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, असदुल को शराब पीकर ड्राइविंग के लिए गिरफ्तार किया गया था, लेकिन निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया था। उसके बाद उसका शव ट्रैक पर कैसे मिला। इसकी जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए चुंचुड़ा सदर इमामबाड़ा अस्पताल भेजा गया है।

## 27 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में कोलकाता पुलिस ने मुंबई से कोआपरेटिव सोसाइटी के चेयरमैन को गिरफ्तार किया

### कोलकाता की एक कंपनी को उच्च रिटर्न का लालच देकर धोखाधड़ी का आरोप

**कोलकाता :** कोलकाता पुलिस की जासूसी शाखा की टीम ने 27 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी के मामले में मुंबई से एक को-आपरेटिव सोसाइटी के चेयरमैन को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम विजय तुलसीराम कोटे है। उसे मुंबई के सिरसी इलाके में उसके आ-लीशान घर से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, इस धोखाधड़ी गैंग के बाकी दो सरगना नरेश मुंद्रा और सुनील अग्रवाल अभी भी फरार है। उन दोनों को पकडऩे के लिए भी पुलिस अलग-अलग शहरों में दबिश दे रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुंबई की उक्त कोआपरेटिव सोसाइटी के अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने मध्य कोलकाता के



बऊबाजार इलाके में एक शेयर इन्-वेस्टमेंट कंपनी को सोसाइटी के फंड में रुपये रखने पर उच्च रिटर्न का लालच देकर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की। सोसाइटी के अधिकारियों ने जुलाई महीने में कंपनी से संपर्क किया था और वादा किया कि महज डेढ़ महीने तक सोसाइटी के फंड में रुपये रखने पर उच्च रिटर्न मिलेगा।

इस झांसे में आकर कंपनी ने 30 जुलाई से 13 अगस्त के बीच कोआपरेटिव सोसाइटी के अधिकारियों द्वारा दिए मुंबई के एक निजी बैंक के खाते में कई किश्तों में 27 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए। लेकिन कोलकाता की उक्त कंपनी को डेढ़ माह से ज्यादा समय बीते जाने के बावजूद नवंबर तक पैसे वापस नहीं मिले। संपर्क करने पर, मुंबई में कंपनी के अधिकारियों ने टालमटोल की कोशिश की। इसके बाद शेयर इन्वेस्टमेंट कंपनी के अधिकारियों ने कोलकाता पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए को-आपरेटिव सोसाइटी के चेयरमैन को गिरफ्तार किया। उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता लाया जा रहा है।

### उत्तरपाड़ा स्टेट जनरल हॉस्पिटल में इलाज के दौरान वृद्ध ने की आत्महत्या!

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के उत्तरपाड़ा थाना अंतर्गत स्टेट जनरल अस्पताल में एक इलाजरत रोगी के आत्महत्या का मामला सामने आने से सनसनी फैल गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम नरेंद्रनाथ भुइंया है, घर चक लेन, उत्त-रपाड़ा के निवासी थे। सांस से जुड़ी समस्याओं से पीड़ित थे और हाल ही में उनमें टीबी की पुष्टि हुई थी। कैथेटर लगा हुआ था। शुक्रवार की सुबह अस्पताल प्रशासन ने देखा कि गले में तौलिया जैसी किसी चीज से फंदा लगाकर उन्होंने आत्महत्या कर ली है। डॉक्टरों ने जांच कर उन्हें मृत घोषित किया। हालांकि इस मामले पर अस्पताल के सुपर और डिप्टी सुपर ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। अस्प-ताल में भर्ती मरीज आखिर कैसे आत्महत्या कर सकता है? क्यों अस्प-ताल प्रशासन इसे देख नहीं पाया? इसको लेकर अन्य मरीजों के परिजन सवाल उठा रहे हैं।

## परीक्षा देने के बहाने घर से फरार तीन छात्र दिघा से सकुशल बरामद

**कोलकाता :** समुद्र देखने के शौक में तीन नाबालिग छात्र परीक्षा देने के बहाने घर से फरार होकर दिघा पहुंचे। घटना प्रकाश में आने के बाद 24 घंटे के भीतर तीनों को दिघा से सकुशल बरामद कर पुलिस ने उनके परिजनों के हवाले कर दिया गया। पूरी कार्रवाई नदिया जिले के चापड़ा थाना पुलिस ने की। यह जानकारी थाना प्रभारी (आईसी) पार्थ प्रतिम राय ने दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरामद तीनों बच्चों में दो निजी विद्यालय के कक्षा सात के छात्र और एक ग्रामीण स्कूल के कक्षा पांच का छात्र है। तीनों चापड़ा थाना क्षेत्र के छोटा अन्दुलिया तथा आसपास के गांव के निवासी हैं। स्कूली पोशाक में ही उन्हें दिघा से पकड़ा गया। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि तीनों विद्यार्थियों ने स्कूल-टिफिन के लिए मिलने वाला हाथ-खर्च बचा-बचाकर बस किराए के पैसे जुटाए थे। दिघा पहुंचने के बाद उनके पास भोजन और वापसी के लिए पर्याप्त पैसे भी नहीं बचे थे।

एक निजी विद्यालय के शिक्षक ने बताया कि विद्यालय की लिखित परीक्षा सात दिसंबर को समाप्त हुई थी और मौखिक परीक्षा जारी थी। मंगलवार को मौखिक परीक्षा देने के नाम पर दो छात्र घर से निकले थे, लेकिन स्कूल पहुंचे ही नहीं। अभिभावकों से जानकारी मिलने पर विद्यालय प्रबंधन भी चिंतित हो उठा था। पुलिस द्वारा छात्रों को सकुशल वापस लाया गया जिसके बाद परिजनों को राहत मिली है।

एक अभिभावक ने बताया कि मंगलवार दोपहर तीन बजे के बाद भी बेटा घर नहीं लौटा तो शिक्षकों से संपर्क किया। पता चला कि वह उस दिन स्कूल गया ही नहीं। परिजनों ने रिश्तेदारों के यहां भी खोजबीन की, फिर थाने पहुंचे। बच्चे को सुरक्षित पाकर अब सभी ने राहत की सांस ली।

थाना प्रभारी ने बताया कि सूत्रों के माध्यम से सूचना मिली कि बच्चे दिघा पहुंचे हैं या वहां ठहरे हो सकते हैं। इसके बाद पुलिस टीम मंगलवार रात को ही दिघा रवाना हुई और तीनों बच्चों को वहां से बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार, छात्र पहले चापड़ा से बस द्वारा कृष्णनगर और फिर दूसरी बस से दिघा पहुंचे थे।

## बीएलओ अधिकारियों का विरोध प्रदर्शन : एसआईआर की समयसीमा विस्तार की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा**

बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीए-लओ) के एक वर्ग ने शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सवाल उठाया कि जब चुनाव आयोग ने अन्य राज्यों को विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) के पहले चरण के लिए समय विस्तार दिया है, तो पश्चिम बंगाल को क्यों नहीं दिया गया।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि 11 दिसंबर को गणना फॉर्म भरने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बावजूद, गुरुवार रात को चुनाव आयोग द्वारा उन्हें नई गाइडलाइन भेजी गई हैं।

बीएलओ अधिकार रक्षा समिति के सदस्यों ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के सामने धरना दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग गणना चरण समाप्त होने के बाद भी नए निर्देश जारी कर रहा है, जिससे जमीनी स्तर के अधिकारियों पर दबाव और बढ़ गया है।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि एसआईआर शुरू होने के बाद से पूरे राज्य में बीएलओ अत्यधिक मानसिक और शारीरिक दबाव में हैं। उन्होंने दावा किया कि कार्यभार के कारण प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान कई अधिकारी टूट गए हैं।

प्रदर्शनकारियों ने विभिन्न जिलों में एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद से कई बीएलओ की मौत की खबरों का भी हवाला दिया।

आंदोलनरत अधिकारियों ने सवाल उठाया कि चुनाव आयोग ने एसआईआर संबंधी कर्तव्य के दौरान बीमार पड़ने या मृत्यु होने वाले बीएलओ के लिए किसी मुआवजे की घोषणा क्यों नहीं की है।

एक प्रदर्शनकारी ने पूछा कि राज्य सरकार चुनाव ड्यूटी के दौरान हुई दुर्घटनाओं के लिए मुआवजा देती है। अनिवार्य कर्तव्यों का पालन करते समय बीमार पड़ने वाले बीएलओ को बुनियादी सहायता देने से भी चुनाव आयोग क्यों इनकार कर रहा है?

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कई अन्य राज्यों के विपरीत पश्चिम बंगाल में एसआईआर की समयसीमा बढ़ाने से इनकार ने बीएलओ को निराश और अतिभारित कर दिया है। उन्होंने तत्काल समानता की मांग की।

समिति के नेताओं ने आरोप लगाया कि बार-बार अभ्यावेदन और सीईओ कार्यालय में पहले के प्रदर्शनों के बावजूद, कार्यभार, समयसीमा और चिकित्सा सुरक्षा से संबंधित उनकी मुख्य मांगें अभी तक अनसुलझी हैं।

## भादुतला-लालगढ़ राज्यमार्ग की खराब स्थिति पर शालबनी में पथावरोध

**पश्चिम मेदिनीपुर :** पश्चिम मेदिनीपुर जिले के भादुतला-लालगढ़ राज्यमार्ग का च्यांशोल से लालगढ़ तक लगभग 20 किलोमीटर लंबा हिस्सा लंबे समय से अत्यंत बुरी स्थिति में है। सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि यह किसी भी ग्रामीण सड़क की तुलना में जर्जर नजर आती है। इसी वजह से शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने पिंड्राकुली इलाके में सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि खराब सड़क के कारण रोज़ाना हादसे हो रहे हैं। गंभीर रूप से बीमार मरीजों को अस्पताल ले जाने से जान जोखिम में पड़ जाती है। स्कूल जाने वाले बच्चों को भी दिक्कत हो रही है। शालबनी के पिंड्राकुली से लालगढ़ के कौमा तक लगभग 13 किलोमीटर की सड़क की स्थिति लंबे समय से बदहाल है। सड़क पर बड़े गड्ढे हैं और पिच की परत लगभग समाप्त हो चुकी है।

स्थानीय प्रशासन ने शिकायत मिलने के बाद अस्थायी सुधार कार्य शुरू किया है। जिला परिषद के पूर्ति कार्याध्यक्ष निर्मल घोष ने बताया कि च्यांशोल से पिंड्राकुली तक सड़क का अस्थायी रूप से सुधार कर दिया गया है। पिंड्राकुली से कौमा तक सड़क अत्यंत बुरी स्थिति में है।

उन्होंने बताया कि पूरी सड़क के नवीनीकरण के लिए 60 करोड़ रुपये की परियोजना प्रस्तावित की गई है और अनुमोदन की प्रतीक्षा है।

पूर्ति विभाग के कार्यपालक अभियंता चिन्मय साहा ने



कहा कि फिलहाल सड़क का अस्थायी सुधार किया जा रहा है, जिससे समस्या कुछ हद तक कम होगी। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष और जिला परिषद के मत्स्य कार्याध्यक्ष ज्योतिप्रसाद महतो ने कहा कि इस तरह की अस्थायी मरम्मत से अगले वर्ष मानसून से पहले सड़क फिर से खराब हो जाएगी। इस महत्वपूर्ण राज्यमार्ग को पूरी तरह से और स्थायी रूप से सुधारने की आवश्यकता है।

उल्लेखनीय है कि इस राज्यमार्ग की खराब स्थिति के कारण पिछले मानसून में सड़क मृत्युदायिनी रूप में बदल गई थी। उस समय समाचार प्रकाशित होने के बाद च्यांशोल से पिंड्राकुली तक सात किलोमीटर सड़क का अस्थायी सुधार किया गया था।

## शुभेंदु अधिकारी का घुसपैठियों पर बड़ा बयान, डिटेंशन कैंप बनाने की जरूरत नहीं

**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता और बीजेपी विधायक शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को राज्य में बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों को लेकर अपनी सख्त प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि राज्य में घुसपैठियों के लिए डिटेंशन कैंप बनाने की कोई जरूरत नहीं है और जो लोग पश्चिम बंगाल में अवैध रूप से प्रवेश कर चुके हैं, उन्हें जिस रास्ते से आए हैं, वहीं लौटाया जाएगा।

शुभेंदु अधिकारी ने यह टिप्पणी मानिकतला में बीजेपी के नए पार्टी कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान की, जिसमें पूर्व सांसद अर्जुन सिंह, पूर्व विधायक तापस रॉय और अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के एसआइआर से संबंधित बयान पर भी तंज कसा और कहा कि पश्चिम बंगाल में केवल भारतीय नागरिक ही रहेंगे, चाहे वे हिंदू हों या मुस्लिम।

अधिकारी ने यह भी कहा कि एसआइआर के तहत खसड़ा वोटर तालिका में संदिग्ध नामों को हटाने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र, चौरंगी, कोलकाता पोर्ट और अन्य प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों में हजारों फर्जी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे जाएंगे। शुभेंदु अधिकारी के इस बयान ने पश्चिम बंगाल में घुसपैठ और एसआइआर से जुड़े राजनीतिक विवाद को फिर से गर्मा दिया है।

## कोलकाता हाइकोर्ट में पार्क सर्कस मैदान में सर्कस की अनुमति को चुनौती

### कोलकाता नगर निगम पर नियमों की अनदेखी का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम द्वारा पार्क सर्कस मैदान में सर्कस आयोजित करने की हालिया अनुमति को लेकर कलकत्ता हाइकोर्ट में याचिका दायर की गई है। यह अनुमति पिछले लगभग एक दशक बाद मिली है, जब पिछली बार यह मैदान दिसंबर 2014 में सर्कस के आयोजन के लिए इस्तेमाल हुआ था। याचिकाकर्ता का आरोप है कि नगर निगम ने हाइकोर्ट के पूर्व आदेशों और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों की अनदेखी की है। अदालत में पेश याचिका में कहा गया कि हाइकोर्ट पहले ही प्रदूषण और पर्यावरण



संरक्षण के दृष्टिकोण से मैदान में पुस्तक मेले के आयोजन पर रोक लगा चुका है। ऐसे में नगर निगम द्वारा दो महीने तक चलने वाले सर्कस की अनुमति देना अनुचित है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजय पॉल और न्यायाधीश पार्थ सारथी सेन की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता को विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। नगर निगम के अधिवक्ता ने अनुमति दिए जाने की पुष्टि की, जिसके बाद अदालत ने याचिकाकर्ता के वकील से यह स्पष्ट करने को कहा कि वे किस प्रकार की राहत चाहते हैं। मामले की अगली सुनवाई 17 दिसंबर को होगी। याचिकाकर्ता का कहना है कि नगर निगम का यह कदम जनता और पर्यावरण दोनों के हित के खिलाफ है और इससे शहर के सबसे प्रमुख सार्वजनिक स्थानों में नियमों के पालन पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

## जागृति हावड़ा में विशेष निशुल्क नेत्र और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**हावड़ा, समाज्ञा :** जागृति हावड़ा और एम.पी. बिड़ला आई क्लिनिक, कोलकाता के सौजन्य से रागिनी साव की 4वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विशेष निशुल्क नेत्र और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शुक्रवार को जागृति हावड़ा के दूसरी मंजिल पर आयोजित किया गया। जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निशुल्कत्र परीक्षण, स्वास्थ्य जांच, चश्मे का वितरण, नेत्र सर्जरी, रक्तचाप और शुगर जांच जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग और आयोजक उपस्थित रहे, जिनमें महेंद्र साव, तरुण साव, कैलाश शर्मा, राजेश सिंह, शिव यादव, संजय जोशी, आनंद खत्री, कुलदीप लूनिया, अजय साव, विजय साव, मदन जायसवाल, नागेश्वर सिंह पारस जी शामिल थे। जागृति हावड़ा ने इस शिविर के माध्यम से स्थानीय लोगों को सर्वोत्तम नेत्र देखभाल और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया।

## कोलकाता में 74वें वार्षिक डोवर लेन म्यूजिक कॉन्फ्रेंस का प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** शहर में सर्दियों के आगमन के साथ ही सांस्कृतिक उत्सवों की शुरुआत हो गई है और इसका आरंभ भारत के सबसे प्रतिष्ठित और प्रतीक्षित संगीत महोत्सवों में से एक, 74वें वार्षिक डोवर लेन म्यूजिक कॉन्फ्रेंस से हुआ। इस अवसर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें संगीत जगत के कई प्रतिष्ठित हस्तियों और कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं सचिव उप-स्थित रहे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल प्रमुख शख्सियतों में अनुब्रत चटर्जी, बुधादित्य मुखर्जी, समर साहा, अनिंदो चटर्जी, शिन्जिनी कुलकर्णी (पंडित बिरजू महाराज की पोती), डोवर लेन म्यूजिक कॉन्फ्रेंस के पैट्रन संजय बुधिया, अमान हुसैन, रचिरा केदार, मोनोटोष मुखर्जी (सचिव), सुलग्ना भट्टाचार्य, बतिंद्र मुस्ताफी




(अध्यक्ष) और सुभेन चटर्जी शामिल थे। संजय बुधिया ने बताया कि यह महोत्सव न केवल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का आदर्श चित्र प्रस्तुत करता है, बल्कि संगीतकारों और संगीत प्रेमियों के बीच सशक्त बंधन भी स्थापित करता है। उन्होंने इस वर्ष केयरिंग माइंड्स इंटरनेशनल यंग टेलेंट अवार्ड 20 वर्षीय सारंगी कलाकार मास्टर अमान हुसैन को देने की घोषणा की। इस वार्षिक संगीत महोत्सव में देश-विदेश से संगीत प्रेमी शामिल होते हैं और यह कार्यक्रम कोलकाता को अंतरराष्ट्रीय संगीत मानचित्र पर प्रतिष्ठित बनाता है।

### भाजपा की नीतियों के खिलाफ तृणमूल एससी-ओबीसी सेल की विरोध रैली

**जलपाईगुड़ी :** भाजपा सरकार की दमनकारी नीति और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस के एससी-ओबीसी सेल की ओर से राजगंज ब्लॉक के आमबाड़ी में एक विरोध रैली और सभा का आयोजन किया गया। जलपाईगुड़ी जिला तृणमूल कांग्रेस के एससी-ओबीसी सेल के अध्यक्ष कृष्ण दास के नेतृत्व में शुक्रवार को यह रैली निकाली गई। राजगंज के आमबाड़ी अंचल मोड़ से शुरू होकर यह रैली आमबाड़ी के तारघेरा मैदान में जाकर समाप्त हुआ। इस विरोध रैली में कई हजार कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। रैली समाप्त होने के बाद तारघेरा मैदान में एक जनसभा का आयोजन किया गया। जहां भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ जिलाध्यक्ष कृष्ण दास सहित कई नेताओं ने संबोधन किया।

## दक्षिण कोलकाता के बाजार में आग लगी, 40 दुकानें जलकर खाक



❑ **बाजार की संकरी बनावट के कारण आग तेजी से फैल गई**

**कोलकाता :** दक्षिण कोलकाता के रामगढ़ स्थित एक बाजार में गुरुवार देर रात आग लग गई, जिससे करीब 40 दुकानें जलकर खाक हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि घनी आबादी वाले इलाके में कई दुकानों में देर रात करीब डेढ़ बजे आग लग गई। उन्होंने बताया कि आग बुझाने में दमकल की सात गाड़ियों को करीब दो घंटे का समय लगा। उन्होंने बताया कि घटना में अब तक किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है, हालांकि बाजार में लगभग 40 दुकानें जलकर नष्ट हो गई हैं। बाजार की संकरी बनावट के कारण आग तेजी से फैल गई। एक अधिकारी ने बताया, 'शीतलन (कूलिंग) प्रक्रिया जारी है। आग लगने का वास्तविक कारण अभी पता नहीं चल पाया है।'

## ठाकुर ने सदन में ई-सिगरेट पीने के लिए तृणमूल सांसद के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखित शिकायत सौंपकर सदन के अंदर कथित तौर पर ई-सिगरेट पीने वाले एक तृणमूल कांग्रेस सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ठाकुर ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में तृणमूल सांसद का नाम लिये बिना यह मुद्दा उठाया था। अपनी शिकायत में भाजपा सांसद ने कहा, 'तृणमूल कांग्रेस के एक सांसद को सदन की कार्यवाही के दौरान खुलेआम इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट का इस्तेमाल करते हुए देखा गया।' उन्होंने यह भी कहा कि सदन में मौजूद कई सदस्यों को यह कृत्य 'स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था'। ठाकुर ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के 'पवित्र स्थान' लोकसभा के



भीतर प्रतिबंधित पदार्थ और निषिद्ध उपकरण का 'खुलेआम उपयोग' न केवल संसदीय मर्यादा और अनुशासन का घोर उल्लंघन है, बल्कि संसद द्वारा बनाये गये कानूनों के तहत एक संज्ञेय अपराध भी है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब सरकार और संसद ने तंबाकू और निकोटीन उत्पादों के सभी रूपों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है, इस तरह का आचरण न केवल सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाता है, बल्कि एक बेहद गलत मिसाल भी कायम करता है और देश के युवाओं को एक खतरनाक संदेश देता है। भाजपा सांसद ने अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में कहा, 'इसलिए, मैं आपसे विनम्र निवेदन करता हूं कि आप नियमों और कानून के इस गंभीर उल्लंघन का तत्काल संज्ञान लें एवं सदन की उचित समिति या प्रणाली के माध्यम से घटना की जांच का निर्देश दें।' उन्होंने बिरला से लोकसभा की कार्य प्रक्रिया एवं संचालन नियमों के अनुसार संबंधित सदस्य के खिलाफ उचित अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने का भी आग्रह किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अध्यक्ष से अनुरोध किया, 'कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और इसे रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए, ताकि सदन की गरिमा और मर्यादा बनी रहे।' बिरला ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में ठाकुर द्वारा यह मुद्दा उठाने पर कहा था कि यदि इस मामले में लिखित शिकायत दर्ज की जाती है, तो वह कार्रवाई करेंगे। देश में कुछ साल पहले ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। तृणमूल सांसद कीर्ति आजाद ने ठाकुर पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने सदन में यह मुद्दा उठाकर लोकसभा का समय बर्बाद किया। आज़ाद ने ठाकुर की शिकायत के बारे में पूछे जाने पर संसद परिसर में पत्रकारों से कहा, 'अगर आप किसी सांसद या पार्टी के खिलाफ कोई आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराते हैं, तो उसे साबित करना होगा। लोकसभा के नियम-कानून होते हैं। वह (ठाकुर) केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। क्या उन्हें नियम-कानून की जानकारी नहीं है, तो आरोप लगा रहे हैं। इसे साबित करना होगा।' उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, 'अगर मैं अनुराग ठाकुर और भाजपा सांसदों पर सरकारी कामों में 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाऊं, तो मुझे इसे साबित करने के लिए सबूत पेश करने होंगे। मुझे पता है कि वे कमीशन लेते हैं, लेकिन मेरे पास कोई सबूत नहीं है। फिर मैं क्या करूं?' आजाद ने यह भी कहा कि लोकसभा में शून्यकाल सभी सांसदों के लिए सदन में अपने मुद्दे उठाने का अवसर होता है। तृणमूल सांसद ने आरोप लगाया, 'लेकिन, वह (ठाकुर) समय बर्बाद कर रहे थे और अध्यक्ष ने उन्हें फटकार लगाई।'

## सियालदह डिवीजन में डिजिटल टिकटिंग की शुरुआत, दो हॉल्ट स्टेशनों पर नई सुविधा लागू

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने डिजिटल परिवर्तन की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाते हुए सिर गुरुदास बनर्जी हॉल्ट और पीरतला हॉल्ट पर डिजिटल टिकटिंग सिस्टम की शुरुआत कर दी है। यह पहल महाप्रबंधक मिलिंद के. देउस्कर की आधुनिक और पारदर्शी रेलवे सेवाओं की दृष्टि को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। इस परियोजना की नींव वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (सियालदह) जसराम मीणा और डिवीजन के हॉल्ट कॉन्ट्रैक्टर्स के बीच हुई पहली रणनीतिक बैठक में रखी गई, जहां डिजिटल टिकटिंग को अपनाने पर सहमति बनी। इसके तहत मैनुअल टिकटिंग से जुड़ी समस्याओं को समाप्त करते हुए तेजं, सटीक और आसानी से उपलब्ध टिकटिंग की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। सियालदह के डीआरएम राजीव सक्सेना ने कहा कि दो हॉल्ट स्टेशनों पर यह सफल शुरुआत हॉल्ट संचालन के डिजिटल युग का पहला बड़ा कदम है। डिवीजन जल्द ही अन्य हॉल्ट स्टेशनों पर भी इस सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से लागू करेगा, जिससे यात्रियों के लिए 'ईज ऑफ ट्रैवल' को और मजबूत किया जा सकेगा।

## बर्नपुर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कोर्ट के निर्देश को लेकर सीपी और डीएम को पत्र लिखा

**बर्नपुर :** वर्ष 2023 में बर्नपुर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी में हुए चुनाव को अवैध करार देते हुए आसनसोल कोर्ट ने बीते पांच दिसंबर को बर्नपुर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पक्ष में फैसला सुनाया था। कोर्ट ने चुनाव के बाद गठित कमेटी को भी अवैध करार दिया। इस मामले में जीत होने के बाद सुरेंद्र सिंह अत्तू ने आठ दिसंबर को राज्य के डीजीपी, आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर, एसीपी वेस्ट एवं हीरापुर थाना प्रभारी को कोर्ट के फैसले की प्रति के साथ नोटिस भेजते हुए कोर्ट के आदेश का पालन कर बर्नपुर गुरुद्वारा को कब्जामुक्त करने की अपील की थी। नोटिस भेजने के 72 घंटे बीतने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने पर सुरेन्द्र सिंह अत्तू अब अपने अधिवक्ता से बातचीत कर पुनः कोर्ट में गुहार लगाने का विचार किया है। बर्नपुर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रवक्ता परमजीत सिंह ने कहा कि शुक्रवार को आसनसोल कोर्ट ने इस मामले में एक महत्वपूर्ण निर्णय दिया है। कोर्ट से निर्णय का सर्टिफाइड की मांग की गयी है। साथ ही पश्चिम बर्दवान जिला के सभी प्रशासनिक अधिकारियों को नोटिस भेजा गया है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों को भेजी गई नोटिस के 72 घंटे पूरे हो चुके हैं। इस कारण अब वे अपने अधिवक्ता से बातचीत कर बर्नपुर गुरुद्वारा को कोर्ट के फैसले के आलोक में कब्जामुक्त करने की पहल तेज करेंगे। उन्होंने बर्नपुर गुरुद्वारा पर अनैतिक तरीके से कब्जा कर बैठे लोगों से अपील किया कि अब कोर्ट के फैसले का सम्मान कर स्वयं बर्नपुर गुरुद्वारा को कब्जामुक्त कर दे।

# बिहार के समग्र विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं 'जीविका दीदियां': नीतीश कुमार



--नवादा: बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 'जीविका दीदियों' के प्रयासों की सराहना करते हुए शुक्रवार को कहा कि ''वे अपनी कड़ी मेहनत से राज्य के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।' 'जीविका दीदियां' बिहार ग्रामीण आजीविका परियोजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं हैं। मुख्यमंत्री ने नवादा जिले के रजौली प्रखंड के हरिदीह पंचायत के दौरे के दौरान विद्यार्थियों और जीविका दीदियों से बातचीत की तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक वितरित किए। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, 'जीविका दीदियों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने उनके कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि उनके प्रयासों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की आर्थिक स्थिति तेजी से सुधर रही है। उन्होंने जीविका दीदियों से कहा कि 'आपकी कड़ी मेहनत की राज्य के समग्र विकास में अहम भूमिका है।' कुमार ने कहा कि सरकार जीविका दीदियों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है ताकि हर परिवार प्रगति कर सके। उन्होंने कहा, 'पहले महिलाओं को पैसों के लिए परिवार पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे घरों में तनाव उत्पन्न होता था। लेकिन अब विभिन्न सरकारी योजनाओं के कारण लोग, खासकर जीविका दीदियां, खुद कमाई कर रही हैं और अपने परिवारों में योगदान दे रही हैं।' वर्ष 2006 में शुरू की गई बिहार ग्रामीण आजीविका परियोजना, जिसे 'जीविका' के नाम से जाना जाता है, इसे गया, खगड़िया, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, नालंदा और पूर्णिया जिलों के 42 प्रखंडों में 4,000 गांवों तक पहुंचने के लक्ष्य के साथ शुरू किया गया था, जिससे 5.9 लाख परिवारों को लाभ मिला। परियोजना का उद्देश्य बिहार के ग्रामीण गरीबों का सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण बढ़ाना था। अब जीविका दीदियों का नेटवर्क पूरे राज्य में फैल चुका है और राज्य सरकार की मदद से उनके प्रयासों के जरिए लाखों महिलाएं उद्यम शुरू कर रही हैं और अपने समुदायों में परिवर्तन ला रही हैं। मुख्यमंत्री ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण ले रही स्कूली छात्राओं से भी बातचीत की। उन्होंने कहा, 'पूरी निष्ठा के साथ पढ़ाई करें। आप सब भारत का भविष्य हैं। आपको जो भी सहायता चाहिए, सरकार उपलब्ध कराएगी।'' कुमार ने 'हर घर नल का जल' योजना का निरीक्षण किया, जिसका उद्देश्य प्रत्येक घर तक सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फुलवरिया जलाशय में फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र का निरीक्षण किया

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को नवादा जिले के रजौली स्थित फुलवरिया जलाशय में 10 मेगावाट क्षमता वाले फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र के निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए। यह परियोजना 'ऊपर बिजली, नीचे मछली' मॉडल पर आधारित है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि फुलवरिया जलाशय 30 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है और इसी जलाशय के पानी को रजौली बहुग्रामीय जलापूर्ति योजना के तहत साफ कर फ्लोराइड प्रभावित 90 गांवों में पीने के पानी की आपूर्ति की जा रही है। मुख्यमंत्री ने जलाशय में 182 फिश केज वाले आधुनिक मत्स्य पालन मॉडल का भी अवलोकन किया।

## हम जनता की उम्मीदों पर खरा उतरे: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को दावा किया कि उनकी सरकार ने दो साल के कार्यकाल में जनता की उम्मीदों को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने 'संकल्प पत्र' के लगभग 70 प्रतिशत वादे पूरे कर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार में संलिप्त लोगों को चेतावनी दी कि राजस्थान की जनता का हक खाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। वह राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरा होने पर यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा,' जिस संकल्प (घोषणा) पत्र के माध्यम से हम जनता के बीच गए थे, उसके लगभग 70 प्रतिशत वादे हमने पूरे किए हैं। प्रदेश की जनता की जो उम्मीद थी उस प खरा उतरने का काम हमने किया है।'' शर्मा ने कहा कि राजस्थान सरकार के दो वर्ष सुशासन, विकास व विश्वास के दो साल हैं और इस दौरान प्रदेश की दशा व दिशा बदलने के लिए ठोस शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा,'राज्य सरकार के ये दो वर्ष प्रदेश के चौमुखी विकास, जन-जन के कल्याण के लिए समर्पित है। इन दो साल में सरकार ने न केवल नीतिगत सुधार किए बल्कि धरातल पर दिखने वाले कामों से यह संदेश दिया है कि ईमानदारी, इच्छाशक्ति हो तो राजस्थान के अग्रणी राज्यों की पंक्ति में खड़ा करना कोई दूर की बात नहीं है।' शर्मा ने कहा, ''हमने केवल कहा नहीं बल्कि करके दिखाया है। आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं। हमने संकल्प-पत्र में कुल 392 संकल्प लिए गए थे जिसमें से 274 संकल्प या तो पूरे कर दिए गए हैं या प्रगति पर है। हमने जनता जर्नादन से जो काम पांच साल में पूरे करने का वादा किया था, उनमें से 70 प्रतिशत तक कार्य दो वर्ष में पूरे किए हैं।' उन्होंने कहा-हमारी सरकार ने साफ नीयत, प्रभावी कार्यान्वयन व पूर्ण पारदर्शिता के साथ ऐसा प्रशासन दिया है जिसने राजस्थान को देश के 'बेस्ट परफॉर्मर स्टेट' की श्रेणी में पहुंचा दिया है।

## धरती का स्वास्थ्य सही रहेगा तभी बची रहेगी सृष्टि: योगी आदित्यनाथ



**बाराबंकी:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को किसानों से कहा कि धरती का स्वास्थ्य सही रहेगा तभी सृष्टि बची रहेगी। बाराबंकी के दौलतपुर ग्राम में आयोजित प्रगतिशील किसान सम्मेलन तथा खेती की बात खेत पर नामक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रबी सत्र की किसान पाठशाला की शुरुआत करते हुए कहा कि ''धरती माता हमारा पेट भरने के लिए अन्न उत्पन्न करती है, लेकिन इसका स्वास्थ्य भी ठीक रहना चाहिए और स्वास्थ्य ठीक रहेगा तो मानव ही नहीं बल्कि सारी सृष्टि बची रहेगी।'' खेत पर पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद करने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की कृषि प्रगति, बहुफसली खेती, तकनीकी नवाचार, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) व्यवस्था की पारदर्शिता और किसानों की आय वृद्धि के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि इसके लिए अनेक कार्यक्रम वर्तमान में चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने नेशनल विजन ऑफ नेचुरल फार्मिंग के जिस अभियान को आगे बढ़ाया है ये उसी कड़ी का हिस्सा है। योगी ने कहा,' वे (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) हमेशा कहते हैं कि किसान की आमदनी को बढ़ाने का पहला मंत्र है लागत कम हो तथा उत्पादन ज्यादा हो। अन्नदाता किसान को समय पर बीज, खाद, सिंचाई की सुविधाएं तथा वैज्ञानिक पद्धतियों का सहयोग मिले तो ये संभव है।'' यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों का सम्मान भी किया गया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी किसानों को चेक व स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रदर्शनी में उन्नत किस्मों की फसलों, सब्जियों, कृषि यंत्रों और एफपीओ आधारित नवाचारों का अवलोकन भी किया गया, जबकि दौलतपुर की उन्नत खेती के मॉडल को प्रदेश के अन्य जनपदों के लिए प्रेरणा बताया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सर्वाधिक आबादी वाला राज्य है, जहां 25 करोड़ लोग निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले 11 वर्षों में राज्य ने समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उर्वर भूमि, पर्याप्त जल संसाधन और बेहतर कनेक्टिविटी के कारण राज्य कृषि और अवसंरचना के क्षेत्र में अग्रणी बना है।

## भाजपा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष को लेकर जारी अटकलें इस सप्ताहांत हो जाएंगी समाप्त

**लखनऊ:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष को लेकर जारी 'अनिश्चितता के बादल' इस सप्ताहांत छंटने की संभावना है। केंद्रीय नेतृत्व रविवार को नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा करेगा। हालांकि पार्टी सूत्रों का कहना है कि शनिवार तक ही स्थिति बहुत हद तक स्पष्ट हो जाएगी। भाजपा के प्रदेश निर्वाचन अधिकारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडेय ने शुक्रवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि निर्वाचित नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा रविवार को केंद्रीय चुनाव अधिकारी और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल करेंगे। डॉक्टर पांडेय ने प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया की समय सारिणी और मतदान के लिए अधिकृत प्रदेश परिषद के 425 सदस्यों की सूची जारी की। निर्वाचन प्रक्रिया की समय सारिणी के अनुसार शनिवार (13 दिसंबर) को दोपहर दो बजे से तीन बजे के बीच प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल होगा। शनिवार को ही अपराह्न तीन बजे से चार बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी और शाम चार बजे से पांच बजे के बीच नामांकन पत्रों की वापसी होगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अगर जरूरी हुआ तो 14 दिसंबर, रविवार को प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए मतदान होगा और इसी दिन प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों की घोषणा कर दी जाएगी। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि सत्तारूढ़ भाजपा के उप्र जैसे बड़े राज्य के अध्यक्ष का निर्वाचन आगामी पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत किया जाएगा और इसमें जातीय, क्षेत्रीय समीकरणों का ध्यान रखा जाएगा। कई नामों को लेकर जारी अटकलों के बीच भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'केंद्रीय नेतृत्व का फैसला चौंकाने वाला हो सकता है। वैसे भी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और संगठन में नेतृत्व को लेकर हमेशा चौंकाने वाले फैसले आते रहे हैं, इसलिए कोई दावा नहीं किया जा सकता।' हालांकि, पार्टी सूत्रों और वरिष्ठ नेताओं से मिल रही जानकारी के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में कई नए नाम भी उभर कर सामने आए हैं। इनमें सबसे नया नाम केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और महराजगंज संसदीय क्षेत्र से सातवीं बार सांसद बने पंकज चौधरी का है। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की कुर्मी जाति से आने वाले पंकज चौधरी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के भरोसेमंद माने जाते हैं। पूरे उत्तर प्रदेश में ओबीसी वर्ग में कुर्मी बिरादरी का खासा दबदबा है और 2024 के लोकसभा चुनाव और 2022 के विधानसभा चुनावों में कुर्मी बिरादरी ने राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रति अपना झुकाव प्रदर्शित किया था। इनके अलावा कुर्मी समाज से ही आने वाले जल शक्ति मंत्री और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह समेत कई नाम चर्चा में है।

## भारत में अवैध रूप से रह रही बांग्लादेशी महिला और उसका पति गिरफ्तार



**मुरादाबाद:** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले से बिना वैध दस्तावेजों के देश में रहने के आरोप में एक बांग्लादेशी महिला और उसके भारतीय पति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, रीना बेगम नाम की महिला ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था। सत्यापन के दौरान, वह अपने रहने की अनुमति देने वाले कोई भी कानूनी दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रही। धनाउरा की क्षेत्राधिकारी अंजली कटारिया ने बताया कि रीना और उसके पति राशिद अली की शादी को छह साल हो गए थे। क्षेत्राधिकारी ने कहा, ''रीना बेगम के खिलाफ विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है, जबकि राशिद अली पर रीना को अवैध रूप से शरण देने का आरोप लगाया गया है।'' उन्होंने कहा कि इन लोगों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इस मामले में विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ का उत्सव 31 दिसंबर को मनाया जाएगा: ट्रस्ट

**अयोध्या (उप्र):** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शुक्रवार को कहा कि राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ 31 दिसंबर को मनाई जाएगी। इस अवसर पर मंदिर परिसर में स्थित सात उप-मंदिरों के शिखरों पर ध्वज-वंदन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ट्रस्ट के अनुसार इस बार वर्षगांठ 'प्रतिष्ठा द्वादशी' के रूप में मनाई जाएगी। शनिवार को प्रस्तावित ट्रस्ट की बैठक में प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि 31 दिसंबर को होने वाले समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि उस दिन दोनों नेता संयुक्त रूप से सभी सात उप मंदिरों के शिखरों पर ध्वज फहरा सकते हैं। ट्रस्ट के सूत्रों ने बताया कि 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा के दौरान, जब उन्होंने मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वज फहराया था तब शिव, सूर्य, गणपति, हनुमान, भगवती, अन्नपूर्णा और शेषावतार मंदिरों के शिखरों पर भी ध्वज फहराने की योजना थी। सूत्रों ने कहा, 'तब इस योजना को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया था।' साथ ही कहा कि उस समय साज-सज्जा का कार्य अंतिम दौर में था। सूत्र ने आगे कहा, सातों मंदिर अब पूरी तरह तैयार हो चुके हैं, सजावट का काम भी पूरा हो गया है। 'प्रतिष्ठा द्वादशी' समारोह के दौरान ध्वज फहराने की तैयारियां चल रही हैं।'' उन्होंने कहा कि समारोह से जुड़े अनुष्ठान 27 दिसंबर से शुरू होंगे, जिनमें फहराए जाने वाले ध्वजों की पूजा भी शामिल है। इन ध्वजों के डिजाइन को पहले ही अंतिम रूप दिया जा चुका है।



## न्यूज इन ब्रीफ

### बलिया में स्कूल वैन की चपेट में आने से दो साल की बच्ची की मौत

**बलिया (उत्तर प्रदेश):** उत्तर प्रदेश के बलिया में शुक्रवार सुबह एक स्कूल वैन की चपेट में आने से दो साल की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान बुधिया पासवान के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, नारायणगढ़ गांव के पास एक निजी स्कूल के चार पहिया वाहन ने बच्ची को टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। रेवती थाने के प्रभारी राजेश बहादुर सिंह ने बताया कि घटना के तुरंत बाद पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची, वाहन को जब्त कर लिया गया और बच्ची के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सिंह ने बताया कि बच्ची के पिता आल्हा पासवान की शिकायत के आधार पर चालक राजेश यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### राजस्थान के झुंझुनू में गैंगवार में हिस्ट्रीशीटर सहित दो बदमाशों की मौत

**जयपुर:** राजस्थान के झुंझुनू जिले में शुक्रवार को हुई कथित गैंगवार में एक हिस्ट्रीशीटर सहित दो बदमाशों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह घटना नवलगढ़ के गोठड़ा थाना क्षेत्र स्थित खिरोड़ गांव के पास हुई। झुंझुनू के पुलिस अधीक्षक बृजेश उपाध्याय ने बताया कि घटना में हिस्ट्रीशीटर कृष्णकांत उर्फ रविकांत उर्फ गोलू स्वामी और सुनील सुंडा मारे गए। उन्होंने कहा, ''शुरुआती जांच से पता चलता है कि यह घटना दो आपराधिक गुटों के बीच पुरानी दुश्मनी का नतीजा है। हम मामले की जांच कर रहे हैं और इसमें शामिल सभी लोगों की पहचान की जा रही है।'' उपाध्याय ने बताया कि कृष्णकांत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुनील सुंडा की मौत इलाज के दौरान अस्पताल में हुई।

### धनबाद में खदान में गैस रिसाव से प्रभावित क्षेत्रों का ड्रोन सर्वेक्षण शुरू

**धनबाद:** कोल इंडिया की सहायक कंपनी केन्द्रीय खान नियोजन एवं डिजाइन संस्थान (सीएमपीडीआईएल) के विशेषज्ञों की एक टीम ने शुक्रवार को झारखंड में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के कोयला खदान क्षेत्रों में भूमिगत खदानों से गैस उत्सर्जन से प्रभावित इलाकों का ड्रोन सर्वेक्षण शुरू किया। इससे पहले राजपूत बस्ती, मस्जिद मोहल्ला और एरिया नंबर पांच से गैस रिसाव की खबरें आई थीं - जो बीसीसीएल के पुटकी-बालिहारी कोयला खदान क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। गैस रिसाव की खबर के बाद अधिकारियों ने लगभग 1,000 स्थानीय लोगों को स्थानांतरित करने का फैसला किया था। केंदुआडीह बस्ती में इस महीने की शुरुआत में इन खदानों से कार्बन मोनोक्साइड का रिसाव होने से एक महिला की कथित तौर पर मौत हो गई थी, जबकि 12 लोग बीमार पड़ गए थे।

### रोहतास में 12 वर्षीय लड़की का शव मिला, परिजनों ने बलात्कार के बाद हत्या किये जाने का आरोप लगाया

**सासाराम:** बिहार के रोहतास जिले में 12 वर्षीय एक लड़की का शव बृहस्पतिवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया है कि नसरिगंज थाना क्षेत्र में ट्यूशन से लौटते समय लड़की की 'बलात्कार करके गला घोंटकर हत्या कर दी गई।'' हालांकि, पुलिस ने बताया कि मृत्यु का सटीक कारण और यौन शोषण का प्रमाण पोस्टमार्टम परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस अधीक्षक (एसपी) रौशन कुमार ने बताया, पुलिस ने अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए एक अभियान शुरू कर दिया है। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम परीक्षण पूरा हो चुका है और शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### भीमबांध वन्यजीव अभयारण्य विश्वस्तरीय होगा, विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

**पटना:** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुंगेर जिले के भीमबांध वन्यजीव अभयारण्य को विश्वस्तरीय बनाने के लिए शुक्रवार को अधिकारियों को विस्तृत परियोजना प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि प्रस्तावित परियोजना में वन अनुभव केंद्र-सह-कार्यशाला एवं प्रशिक्षण केंद्र, वेलनेस सेंटर, योग ग्राम, आयुर्वेद केंद्र, इनडोर गतिविधि क्षेत्र, कैफेटेरिया एवं भोजनालय, प्रशासनिक भवन, रेस्टोरेंट और सभा-कक्ष, गरम पानी की झील, ट्री हाउस-सह-कॉटेज, व्यू प्वाइंट, ट्रैकिंग मार्ग, लैंडस्केपिंग, भीम-सेन कुंड, फल उद्यान और निगरानी मीनार सहित विभिन्न संरचनाओं के निर्माण और विकास को शामिल किया जाए।

## न्यूज अपडेट

### कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में अगली सुनवाई 30 जनवरी को

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मथुरा स्थित कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में शुक्रवार को सुनवाई के बाद अगली तिथि 30 जनवरी, 2026 तय की। न्यायमूर्ति अविनाश सक्सेना ने मुकदमों में कुछ संशोधनों से जुड़े दस्तावेजों का शुक्रवार को सत्यापन किया जिसके बाद सुनवाई की अगली तिथि निर्धारित की। इससे पूर्व, अदालत ने कहा था, यह रिकॉर्ड स्थूल है। पक्षकार सभी लंबित आवेदनों में आपत्तियां दाखिल कर सकते हैं ताकि इन आवेदनों पर जल्द निर्णय किया जा सके। कार्यालय को सामान्य नियम (दीवानी) के मुताबिक फाइल को पुनः व्यवस्थित करके उसे क्रमवार रखने का निर्देश दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि हिंदू पक्ष ने शाही ईदगाह मस्जिद का ढांचा हटाने के बाद जमीन का कब्जा लेने और मंदिर का पुनर्निर्माण करने के लिए 18 वाद दाखिल किए हैं। इससे पूर्व, एक अगस्त, 2024 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हिंदू पक्षों द्वारा दायर इन मुकदमों की पोषणीयता (सुनवाई योग्य) को चुनौती देने वाली मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि ये मुकदमे समय सीमा, वक्फ अधिनियम और उपासना स्थल अधिनियम, 1991 से बाधित नहीं हैं। उपासना स्थल अधिनियम किसी भी धार्मिक ढांचे को जो 15 अगस्त, 1947 को मौजूद था, उसे परिवर्तित करने से रोकता है।

### रांची में लूटे गए सोने-चांदी के आभूषण कटिहार में बरामद, 'कोढ़ा गिरोह' की संलिप्तता उजागर

**पटना:** झारखंड के रांची में सोने-चांदी के आभूषण की लूटपाट के मामले में बिहार के कटिहार के कुख्यात 'कोढ़ा गिरोह' की संलिप्तता सामने आने के बाद दोनों राज्यों की पुलिस ने संयुक्त अभियान में बड़ी मात्रा में आभूषण बरामद कर वारदात को सुलझाने का दावा किया है। कटिहार पुलिस के आधिकारिक बयान के अनुसार रांची के सदर क्षेत्र में आठ दिसंबर को हुई इस घटना के बाद झारखंड पुलिस ने तकनीकी जांच, सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के आधार पर पाया कि वारदात की कड़ी कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र के जुराबगंज निवासी राम कुमार यादव से जुड़ी हुई है। सूचना की पुष्टि होने पर झारखंड पुलिस की एक टीम कटिहार पहुंची और स्थानीय अधिकारियों के साथ संयुक्त कार्रवाई की योजना बनाई। बयान में कहा गया, कोढ़ा थाना प्रभारी सुजीत कुमार के नेतृत्व में की गई छापेमारी में आरोपी के घर से 426 ग्राम सोने और 452 ग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए गए, जिन्हें अग्रिम कार्रवाई के लिए रांची पुलिस को सौंप दिया गया है। जांच में यह भी सामने आया कि कोढ़ा गिरोह लंबे समय से अंतरराज्यीय अपराधों में सक्रिय रहा है और बिहार, झारखंड तथा पश्चिम बंगाल की सीमाओं का फायदा उठाकर वारदात के तुरंत बाद ठिकाना बदल लेता है, जिससे अपराधियों की गिरफ्तारी मुश्किल हो जाती है।

### यूपी विधान मंडल का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर से

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश विधान मंडल (विधानसभा एवं विधान परिषद) के दोनों सदनों का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर से शुरू होगा। शुक्रवार को राज्यपाल ने इसकी मंजूरी दे दी। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे और विधान परिषद के प्रमुख सचिव डॉ. राजेश सिंह ने शुक्रवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने गत दिवस विधानमंडल सत्र 19 दिसंबर से आहूत करने का निर्णय लिया था, जिसे राज्यपाल ने मंजूरी दे दी। अभी सत्र का तिथिवार कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है। अधिकारियों की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राज्यपाल ने दोनों सदनों को शुक्रवार 19 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे वर्ष 2025 के उसके तृतीय सत्र के लिए आहूत किया है।

### लखनऊ में युवती ने फेसबुक पर 'लाइव' आकर फंदा लगाया, मौत

**लखनऊ:** लखनऊ के विभूति खंड थाना क्षेत्र में 24 वर्षीय एक युवती ने फेसबुक पर 'लाइव' आकर कथित तौर पर फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विभूति खंड थाना प्रभारी अमर सिंह ने बताया कि युवती मूलरूप से आंबेडकर नगर जिले की रहने वाली थी और लखनऊ में किराए के कमरे में रहती थी। युवती ने आंबेडकर नगर जिले के एक स्थानीय पत्रकार के खिलाफ तथा सेना में कार्यरत एक व्यक्ति के खिलाफ भी मामला दर्ज कराया था। सेना के व्यक्ति पर आरोप था कि उसने शादी का झांसा देकर करीब पांच से सात महीने तक उसे धोखा दिया। पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे युवती फेसबुक पर 'लाइव' आईं। इसकी सूचना मेटा ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को दी। थाना प्रभारी ने बताया कि कमरा अंदर से बंद था, इसलिए दरवाजा तोड़ने में समय लगा। युवती को तुरंत डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि लाइव वीडियो में युवती को यह कहते सुना जा सकती है कि वह नाटक नहीं कर रही, बल्कि वास्तव में आत्महत्या कर लेगी।

### झारखंड के हजारीबाग में एनआईए ने आईएसआईएस से जुड़े संदिग्ध के घर पर छापा मारा

**हजारीबाग:** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक टीम ने आईएसआईएस आतंकी नेटवर्क से कथित संबंध के आरोप में झारखंड के हजारीबाग जिले में एक व्यक्ति के घर पर छापा मारा। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए की टीम ने बृहस्पतिवार को अंसार नगर इलाके में शाहनवाज आलम के घर पर छापा मारा और एक लैपटॉप, एक प्रिंटर और अन्य उपकरण जब्त किए जिनका इस्तेमाल आतंकी संबंधों के लिए किया जा सकता था। संदिग्ध के आवास से जब्त किए गए लैपटॉप और अन्य दस्तावेजों के बारे में एनआईए के अधिकारी चुप्पी साधे रहे। जिला पुलिस सूत्रों ने पुष्टि की कि ये छापे एनआईए की एक टीम द्वारा मारे गए थे। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई एनआईए द्वारा पहले गिरफ्तार किए गए एक डॉक्टर से मिली सूचना के आधार पर की गई थी। यह अभियान संदिग्ध आतंकवादी शाहनवाज आलम से जुड़े नेटवर्क की जांच के तहत चलाया जा रहा है, जिसे दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने अक्टूबर 2023 में गिरफ्तार किया था। शाहनवाज आलम मूल रूप से हजारीबाग का निवासी है और उसे दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने अक्टूबर 2023 में गिरफ्तार किया था।

## संभल में हिंसा के दौरान पुलिसकर्मियों के फेंके गए पत्थरों का इस्तेमाल कर बनाई गई पुलिस चौकी




**संभल (उप्र):** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के दीपा सराय इलाके में एक नयी पुलिस चौकी का शुक्रवार को उद्घाटन किया गया। बताया जा रहा है कि इस चौकी के निर्माण में उन पत्थरों का इस्तेमाल किया गया जो पिछले साल शाही जामा मस्जिद के पास हुई हिंसा के दौरान कथित तौर पर पुलिस पर फेंके गए थे। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आठ साल की मुस्लिम लड़की जुनैरा फैसल ने औपचारिक तौर पर पुलिस चौकी का उद्घाटन किया। संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने कहा, 24 नवंबर की हिंसा के बाद, हमने इलाके की जांच की और पुलिस चौकी बनाने का फैसला किया। पुलिसवालों पर हमला करने और उन्हें घायल करने के लिए इस्तेमाल किए गए पत्थरों की 15 ट्रॉलियां चौकी के निर्माण में इस्तेमाल की गई हैं। चौबीस नवंबर 2024 को, मुगल-काल की जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान संभल के कोट गरवी इलाके में हिंसा भड़क गई थी। इस घटना में गोली लगने से चार लोगों की मौत हो गई थी जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारी ने कहा कि इलाके में कई आदतन अपराधियों का रिकॉर्ड खोला गया, उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए हैं, और आतंकी गतिविधियों से जुड़े संदिग्धों के खिलाफ आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) की मदद से कार्रवाई जारी है। संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि संभल में 37 पुलिस चौकियों का निर्माण किया जाना है, जिनमें से कई का निर्माण पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि आज दीपा सराय पुलिस चौकी का निर्माण पूर्ण हुआ है।

# अस्पृश्यता उन्मूलन के प्रयासों के लिए सावरकर को वह सम्मान कभी नहीं मिला जिसके वह हकदार थे: शाह

**श्री विजयपुरम :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि देश में अस्पृश्यता उन्मूलन के प्रयासों के लिए वी.डी. सावरकर को वह सम्मान कभी नहीं दिया गया जिसके वह हकदार थे। श्री विजयपुरम में सावरकर के गीत 'सागर प्राण तलमाला' की 115वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि उन्होंने हिंदू समाज में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ साहस के साथ लड़ाई लड़ी और समुदाय के विरोध का सामना करने के बावजूद प्रगति जारी रखी। गृहमंत्री ने कहा, ''सावरकर ने अस्पृश्यता के उन्मूलन के लिए एक महान संघर्ष किया। उन्होंने हिंदू समाज की सभी बुराइयों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए काम किया।'' शाह ने कहा कि आजादी से पहले, यहां सेलुलर जेल में लाए गए किसी भी व्यक्ति को उसके परिवार वाले भूल जाते थे। उन्होंने कहा, ''किसी ने नहीं सोचा था कि वह कभी इस जेल से लौटेंगे। आज यह स्थान सभी भारतीयों के लिए तीर्थस्थल बन गया है क्योंकि वीर सावरकर ने अपना कठिन समय यहीं बिताया था।'' शाह ने कहा कि यहां हर राज्य से किसी न किसी व्यक्ति को फांसी दी गई थी। गृह मंत्री ने कहा कि यह स्थान सुभाष चंद्र बोस की यादों से भी जुड़ा हुआ है, क्योंकि आजाद हिंद फौज ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को मुक्त कराया था। उन्होंने कहा कि बोस ने यहां के दो द्वीपों का नाम 'शहीद' और 'स्वराज' रखा था, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आधिकारिक रूप दिया। शाह ने कहा कि सावरकर जन्मजात देशभक्त और दूरदर्शी होने के साथ-साथ एक समाज सुधारक, कवि और लेखक भी थे। उन्होंने कहा, ''बहुत कम लेखक गद्य और पद्य दोनों में महारत हासिल कर पाते हैं। मैंने उनका साहित्य गहराई से पढ़ा है, और आज भी मैं यह तय नहीं कर पाता कि वह बेहतर कवि थे या लेखक; दोनों में ही वह उत्कृष्ट थे। बाद में वह एक महान भाषाविद् बने। उन्होंने अनेक नए शब्द गढ़कर हमारी भाषा को समृद्ध किया। वीर सावरकर ने हमारी भाषाओं को समृद्ध करने के लिए 600 से अधिक शब्द दिए हैं।''



### शाह और भागवत ने सावरकर की प्रतिमा का अनावरण किया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शुक्रवार को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के बेओदनाबाद में विनायक दामोदर सावरकर की प्रतिमा का अनावरण किया। प्रतिमा को दक्षिण अंडमान जिले के एक पार्क में स्थापित किया गया है। अपराह्न तीन बजकर 15 मिनट पर प्रतिमा के अनावरण के बाद शाह और भागवत ने पार्क के भीतर रुद्राक्ष के पेड़ रोपे। कार्यक्रम स्थल पर उपराज्यपाल एवं द्वीप विकास एजेंसी (आईडीए) के उपाध्यक्ष डी.के. जोशी ने गृह मंत्री और आरएसएस प्रमुख का स्वागत किया। इसके बाद शाह और भागवत श्री विजयपुरम स्थित बी.आर. आंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान (डीबीआरएटी) के लिए रवाना हुए, जहां वे सावरकर पर आधारित एक गीत जारी करेंगे। सावरकर को अंग्रेजों ने 1911 में पोर्ट ब्लेयर (वर्तमान श्री विजयपुरम) की सेलुलर जेल में कैद किया था। अधिकारियों के अनुसार, शाह बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े 12 बजे यहां पहुंचे, जबकि भागवत शाम को ही यहां पहुंच गए थे। गृह मंत्री के शुक्रवार शाम को द्वीपसमूह से रवाना होने की संभावना है।



### प्रत्येक व्यक्ति महत्वपूर्ण, यह समय देश के लिए मरने का नहीं बल्कि जीने का : मोहन भागवत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भगवत ने शुक्रवार को राष्ट्र को सर्वोपरि रखने के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ''यह भारत के लिए जीने का समय है, न कि इसके लिए मरने का।'' भागवत ने यहां विनायक दामोदर सावरकर के गीत 'सागर प्राण तलमाला' की 115वीं वर्षगांठ मनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''हम सावरकर जी को उनकी देशभक्ति के लिए याद करते हैं...हमारे देश में हमारे अपने देश की ही भक्ति होनी चाहिए। यहां तेरे टुकड़े होंगे वैसी भाषा होनी ही नहीं चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''छोटे-मोटे मुद्दों पर टकराव हमारी आज की सोच को दर्शाता है। एक महान राष्ट्र के निर्माण के लिए हमें सावरकर के संदेश को याद रखना होगा और उसे जनता तक पहुंचाना होगा।'' भागवत ने जाति और धर्म पर आधारित विभाजन की ओर इशारा करते हुए कहा, ''सावरकर जी ने कभी यह नहीं कहा कि वे महाराष्ट्र से हैं या किसी विशेष जाति से संबंध रखते हैं। उन्होंने हमेशा एक राष्ट्र की विचारधारा का प्रचार किया। हमें अपने राष्ट्र को ऐसे सभी टकरावों से ऊपर रखना होगा। हमें यह विश्वास रखना होगा कि हम सब भारत हैं।''



## न्यूज इन ब्रीफ

### देश में 18 लाख एकड़ रक्षा भूमि में से 11,152 एकड़ पर अतिक्रमण: सरकार

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि देश भर में करीब 18 लाख एकड़ जमीन रक्षा भूमि है, जिसमें से करीब 11,152 एकड़ पर अतिक्रमण है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय से इस बारे में राज्यवार जानकारी मांगी गई थी कि देश भर में अभी कितनी रक्षा भूमि ऐसी है जिसका वर्तमान में उपयोग नहीं किया जा रहा, जिस पर अतिक्रमण है या मुकदमे लंबित हैं। उन्होंने कहा, ''देश भर में करीब 18 लाख एकड़ रक्षा भूमि में से करीब 11,152 एकड़ पर अतिक्रमण है।'' सेठ ने कहा कि रक्षा भूमि का उपयोग वास्तविक सैन्य उद्देश्यों और सशस्त्र बलों की रणनीतिक, संचालन संबंधी और सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाता है।

### लाल किला विस्फोट मामला: तीन चिकित्सकों, मौलवी को 12 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**नयी दिल्ली :** लाल किला के पास 10 नवंबर को हुए विस्फोट के मामले में गिरफ्तार किए गए तीन चिकित्सकों और एक मौलवी को दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को 12 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना की अदालत में एक अन्य आरोपी डॉ. बिलाल नसीर मल्ला को भी पेश किया गया, ताकि उसकी आवाज के नमूने की प्रामाणिकता सुनिश्चित की जा सके। चार आरोपी - डॉ. मुजम्मिल गनई, डॉ अदील राथर, डॉ शहीना सईद और मौलवी इरफान अहमद वागे - को उनकी चार दिन की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) हिरासत अवधि समाप्त होने पर अदालत के समक्ष पेश किया गया। पटियाला हाउस जिला अदालत परिसर के अंदर और बाहर कड़ी सुरक्षा के बीच जारी कार्यवाही को कवर करने से मीडियाकर्मियों को रोक दिया गया था।

### भारत ने चीनी पेशेवरों को व्यावसायिक वीजा जारी करने के नियमों में बदलाव किया

**नयी दिल्ली/बीजिंग :** भारत ने अल्पावधि के लिए देश की यात्रा करने वाले चीनी पेशेवरों के वास्ते व्यावसायिक वीजा की शीघ्र स्वीकृति सुनिश्चित करने को लेकर नियमों में बदलाव किए हैं। यह कदम पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के बाद दोनों पक्षों के बीच तनावपूर्ण हुए संबंधों में फिर से सुधार करने के प्रयासों के बीच उठाया गया है। हालांकि, घटनाक्रम से परिचित लोगों ने शुक्रवार को बताया कि सभी चीनी वीजा आवेदकों की मौजूदा जांच प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पहले, अल्पावधि के लिए भारत आने वाले चीनी पेशेवरों को छह महीने या उससे अधिक की वैधता वाले रोजगार वीजा या ''ई'' वीजा जारी किए जाते थे। मामले से अवगत लोगों ने बताया कि अब चीनी पेशेवरों को कम अवधि के लिए वैध व्यावसायिक वीजा देने का निर्णय लिया गया है।

## पोंजी घोटाले पर शिकंजा : ईडी ने मेघालय में 17.91 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**शिलांग :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक पोंजी घोटाले की जांच के तहत 17.91 करोड़ रुपये की संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ईडी के शिलांग उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने यह कार्रवाई 10 दिसम्बर को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की। कुर्क की गई संपत्तियों में 13 अचल और सात चल संपत्तियां शामिल हैं, जिनमें कई लग्जरी कारें भी बताई जा रही हैं जिन्हें कथित रूप से अपराध की आय से खरीदा गया। धनशोधन की जांच सीआईडी, मेघालय पुलिस द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी से शुरू हुई, जो आरबीआई (शिलांग) की शिकायत पर आधारित थी। इसके बाद 'पर्लवाइन इंटरनेशनल' नामक योजना चलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप-पत्र दाखिल किया गया। ईडी के अनुसार, खुद को गलत तरीके से अमेरिका की कंपनी के रूप में पेश करने वाली पर्लवाइन इंटरनेशनल ने आकर्षक योजनाओं का लालच देकर निवेश कराने शुरू किए। कंपनी ने न्यूनतम 2,250 रुपये की सदस्यता राशि ली और 2018 से मार्च 2023 तक पूरे देश में पोंजी नेटवर्क चलाया। संचालकों ने निवेश जुटाने के लिए देशभर में सेमिनार भी आयोजित किए और 2022 में दावा किया कि उनके भारत और विदेशों में 80 लाख से अधिक सदस्य हैं।

## आंध्र प्रदेश में बस दुर्घटना में नौ लोगों की मौत, 23 अन्य घायल



**चिंतूरु (आंध्र प्रदेश) :** आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में शुक्रवार को एक बस सड़क से फिसलकर नीचे गिर गई और पलट गई, जिससे कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चित्तूर से पड़ोसी राज्य तेलंगाना जा रही बस में चालक और खलासी समेत 37 लोग सवार थे। इनमें से छह लोग सुरक्षित हैं। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित बरदार ने बताया कि दुर्घटना एक दुर्गा मंदिर के पास चिंतूर-मारेदुमिल्ली घाट सड़क पर सुबह करीब 4:30 बजे हुई। बरदार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''घाट रोड सड़क से बस के नीचे गिर जाने के कारण कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। बस पलट गई... और वहीं फंस गई।'' उन्होंने कहा कि घायलों में से चार की हालत गंभीर है। अधिकारी के अनुसार, संभवतः घने कोहरे के कारण बस चालक दुर्घटनास्थल पर स्थित मोड़ को नहीं देख पाया, जो मोथुगुडेम थाना क्षेत्र में पड़ता है। पुलिस ने बताया कि बस ऊंचाई वाले घाट मार्ग से नीचे गिर गई और नीचे स्थित सड़क पर उल्टी पड़ी हुई थी। दुर्घटना 'चाइना वॉल' के पास हुई, जिसे वाहनों को सड़क से गिरने से रोकने के लिए बनाया गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''अनुमान है कि मृतकों की संख्या और नहीं बढ़ेगी और चारों गंभीर रूप से घायल व्यक्ति पहले से बेहतर हैं।'' एसपी ने बताया कि बस में चित्तूर क्षेत्र के लोग सवार थे, जो अरकु की यात्रा के बाद तेलंगाना जिले के भद्राचलम स्थित श्री राम मंदिर जा रहे थे।

## पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का निधन



**मुंबई :** कांग्रेस के सीनियर नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल चाकुरकर का निधन हो गया। शिवराज पाटिल मुंबई अटैक के वक्त देश के होम मिनिस्टर थे। महाराष्ट्र के लातूर में उनका निधन हो गया। शिवराज पाटिल चाकुरकर 91 साल के थे। उन्होंने आज यानी शुक्रवार सुबह करीब 6:30 बजे लातूर में अपने घर 'देवघर' में आखिरी सांस ली। शिवराज पाटिल चाकुरकर ज्ञश लंबी बीमारी के कारण घर पर ही इलाज चल रहा था।शिवराज पाटिल चाकुरकर लोकसभा के स्पीकर रह चुके थे। उन्होंने कई केंद्रीय मंत्री पदों पर काम किया। मुंबई में जब 2008 में आतंकी हमला हुआ था, तब देश के गृह मंत्री शिवराज पाटिल ही थे। मुंबई अटैके बाद उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। उन्होंने अपने राजनीतिक करियर में देश के लिए कई प्रतिष्ठित पदों पर काम किया और देश की संवैधानिक प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाई।

**प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर शोक जताया**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि वह समाज के कल्याण में योगदान देने के लिए बेहद उत्सुक रहते थे। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''शिवराज पाटिल के निधन से दुखी हूं। वह एक अनुभवी नेता थे, जिन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में विधायक, सांसद, केंद्रीय मंत्री, महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष और लोकसभा अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि पाटिल समाज के कल्याण में योगदान देने के लिए बेहद उत्साही रहते थे।

## छत्तीसगढ़ : सुकमा में कुल 33 लाख रुपये के इनामी 10 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण

**सुकमा (छत्तीसगढ़) :** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शुक्रवार को कुल 33 लाख रुपये के इनामी 10 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि पुलिस की 'पूना मारगेम' (पुनर्वास से पुनर्जीवन) पहल के तहत आज कुल 10 माओवादियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें छह महिलाएं शामिल हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों पर कुल 33 लाख रुपये का इनाम घोषित है। चव्हाण ने बताया कि इन आत्मसर्पण करने वाले नक्सलियों ने एक एके-47, दो एसएलआर राइफल, एक स्टेन गन, एक बीजीएल लांचर भी सौंपा। हथियारों को जमा करने पर कुल आठ लाख रुपये का इनाम घोषित था। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से कंपनी प्लाटून कमांडर मिड़यम भीमा (30) पर आठ लाख रुपये का इनाम है। वहीं चार अन्य नक्सली गंगा कुंजाम (22), लेकाम रामा, ताती सोनी (32), और शांति सोड़ी (21) पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम है। अधिकारी ने बताया कि नक्सली माडवी नवीन (20), माडवी रुकनी (24), ओयम मांगली (22), पोडियम मांगी (20) और माडवी गंगी (19) पर एक-एक लाख रुपये का इनाम है।




## जुबिन गर्ग मौत: एसआईटी के आरोपपत्र में चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाया गया

**गुवाहाटी :** गायक जुबिन गर्ग की मौत की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शुक्रवार को यहां की अदालत में दाखिल आरोपपत्र में उनके सचिव सिद्धार्थ शर्मा और महोत्सव के आयोजक श्यामकानु महंत सहित चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। वकीलों ने बताया कि जुबिन के बैंड के सदस्यों-शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रवा महंत पर भी हत्या का आरोप लगाया गया है। श्यामकानु महंत सिंगापुर में आयोजित किये गये नार्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल (एनईआईआर)का मुख्य आयोजक था और इसी में हिस्सा लेने जुबिन द्विपीय देश गए थे। उनकी 19 सितंबर को समुद्र में तैरते समय संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी। वकीलों ने बताया कि शुक्रवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में दाखिल 3,500 से अधिक पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया गया जिसमें जुबिन के रिश्ते के भाई और असम पुलिस के निलंबित अधिकारी संदीपन गर्ग के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया गया है। वकीलों ने बताया कि गायक के दो निजी सुरक्षा अधिकारियों (पीएसओ) नंदेश्वर बोरा और प्रबीन बैश्य को बीएनएस की धारा 31सी के तहत आरोपी बनाया गया है। यह धारा सौंपे गए धन या संपत्ति का गबन कर आपराधिक विश्वासघात करने से जुड़ा है। एसआईटी ने जुबिन की मौत के सिलसिले में अबतक सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

### मुंबई हवाई अड्डे पर 43 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त, बैंकॉक से आए पांच यात्री गिरफ्तार

**मुंबई :** सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 43 किलोग्राम 'हाइड्रोपोनिक वीड' जब्त की है जिसकी कीमत करीब 43 करोड़ रुपये आंकी गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विभाग ने इस मामले में बैंकॉक से अलग-अलग उड़ान के जरिये भारत आए पांच यात्रियों को गिरफ्तार किया है। सीमाशुल्क विभाग के हवाई अड्डा आयुक्तालय के अधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार और बृहस्पतिवार की दरमियानी रात छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इन यात्रियों को रोका। एक अधिकारी ने बताया कि तीन यात्रियों से 33.888 किलोग्राम 'हाइड्रोपोनिक वीड' बरामद की गई जिसकी कीमत 33.888 करोड़ रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों को स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आगे की जांच की जा रही है।

### थाईलैंड के अधिकारियों ने लूथरा बंधुओं को भारत वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू की

**नयी दिल्ली/ पणजी :** थाईलैंड के अधिकारी गोवा के उस नाइट क्लब के सह-मालिक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा को निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं, जहां छह दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास इस मामले में थाईलैंड के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है। सूत्रों ने बताया कि दूतावास के हस्तक्षेप के बाद सौरभ और गौरव लूथरा को थाई अधिकारियों ने फुकेत में हिरासत में ले लिया है। उन्होंने बताया, ''थाईलैंड के अधिकारी फिलहाल स्थानीय कानूनों के अनुसार कार्रवाई कर रहे हैं, जिसमें दोनों को भारत वापस भेजना भी शामिल है।'' उत्तरी गोवा के 'बर्च बाय रोमियो लेन'नाइटक्लब के सह-मालिक गौरव और सौरभ लूथरा आग लगने की घटना के तुरंत बाद थाईलैंड के फुकेत भाग गए। उनके खिलाफ इंटरपोल का 'ब्लू कॉर्नर' नोटिस जारी किया गया है। दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया, जबकि उनके साझेदार को आगजनी की घटना के सिलसिले में हिरासत में लिया गया। अदालत में, गौरव और सौरभ लूथरा के वकील ने उनके भाग जाने के आरोपों का खंडन करते हुए दावा किया कि यह यात्रा एक व्यावसायिक बैठक के लिए थी, और तर्क दिया कि दोनों भाई केवल लाइसेंसधारी हैं, न कि नाइटक्लब के

## नमो भारत ने दो वर्षों में दो करोड़ यात्रियों का आंकड़ा पार किया

**नयी दिल्ली :** नमो भारत ने अपनी सेवा शुरू होने के दो वर्षों के भीतर दो करोड़ यात्रियों का आंकड़ा पार कर लिया है, जिससे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर पर क्षेत्रीय परिवहन के एक पसंदीदा साधन के रूप में उसकी पहचान और पुख्ता हुई है। प्रधानमंत्री द्वारा साहिबाबाद और दुहाई डिपो के बीच 17 किलोमीटर के खंड का उद्घाटन करने के बाद 21 अक्टूबर, 2023 को नमो भारत का परिचालन शुरू हुआ। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के अनुसार, अपने पहले पूर्ण माह में, नवंबर 2023 में नमो भारत ने 72,000 से अधिक यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया था। मार्च 2024 में मोदीनगर नॉर्थ और अगस्त 2024 में मेरठ साउथ तक चरणबद्ध विस्तार के बाद यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ी। एनसीआरटीसी ने बताया कि दिसंबर 2024 तक 42 किलोमीटर और नौ स्टेशन चालू होने के साथ मासिक यात्री संख्या करीब सात लाख पर पहुंच गयी, जो एक वर्ष पहले दर्ज आंकड़ों की तुलना में लगभग दस गुना अधिक है। जनवरी 2025 में यात्रियों की संख्या में प्रमुख बढ़ोतरी उस समय आई, जब प्रधानमंत्री ने न्यू अशोक नगर से साहिबाबाद तक 13 किलोमीटर लंबे दिल्ली सेक्शन का उद्घाटन किया। इसमें आनंद विहार सहित दिल्ली में दो स्टेशन शुरू किए गए।

## रजनीकांत के प्रशंसकों के लिए दोहरी खुशी, 75वें जन्मदिन पर अभिनेता के सिनेमा जगत में 50 साल पूरे

**चेन्नई :** अभिनेता रजनीकांत के प्रशंसकों के लिए शुक्रवार का दिन दोहरी खुशी का है। इस दिन अभिनेता अपना 75 वां जन्मदिन मना रहे हैं और संयोगवश यह उनके सिनेमा जगत में उनके 50 साल पूरे होने का भी अवसर है। यह दिन अभिनेता के प्रशंसकों और फिल्म उद्योग, दोनों के लिए एक उत्सव में बदल गया है। इस अवसर पर उनकी विशेष फिल्मों को फिर से प्रदर्शित करने के साथ संगीत कार्यक्रम और पार्टियों का आयोजन कर उनके 50 वर्षों के सिनेमाई सफर का जश्न मनाया गया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन समेत कई राजनीतिक नेताओं ने रजनीकांत को 'एक्स' पर अपनी शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा, रजनीकांत, एक ऐसा आकर्षण जो उम्र को मात देता है। स्टालिन ने कहा, ईश्वर करे कि वे आगे भी कई सफल फिल्में देते रहें और जनता के प्यार और समर्थन से उनकी जीत का झंडा हमेशा ऊंचा लहराता रहे। विपक्षी नेता और अन्नाद्रमुक (ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम) के महासचिव एडप्पाडी के पलानीस्वामी ने अभिनेता को तमिल सिनेमा का अविचल शासक बताया। दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता की करीबी विश्वासपात्र वी के शशिकला ने भी अपने प्रिय भाई रजनीकांत को 'एक्स' पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, उनके सरल दृष्टिकोण और सभी के साथ समान व्यवहार करने तथा सभी के साथ मित्रता को महत्व देने वाले उनके चरित्र पर विचार करते हुए अपार गर्व महसूस होता है।



## सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता, इस साल नवंबर तक 11 ट्रेन दुर्घटनाएं हुईं : वैष्णव

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने के कारण 2025-26 में नवंबर तक ट्रेन दुर्घटनाओं की संख्या कम होकर 11 रह गई जो 2014-15 में 135 थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उनसे सवाल किया गया था कि केंद्र सरकार ने रेलवे में 'कोई दुर्घटना नहीं हो' यह सुनिश्चित करने के लिए क्या आवश्यक सुरक्षा उपाय किए हैं। इसके जवाब में वैष्णव ने कहा कि पिछले कुछ साल में किए गए अलग-अलग सुरक्षा उपायों की वजह से दुर्घटनाओं की संख्या में खासी कमी आई है। रेल मंत्री ने कहा कि 2014-15 में ट्रेन दुर्घटनाओं की संख्या 135 थी जो 2024-25 में घटकर 31 रह गई। उन्होंने कहा कि 2004-14 के दौरान ट्रेन दुर्घटनाओं की संख्या 1711 (हर साल औसतन 171) थी, जो 2024-25 में घटकर 31 और 2025-26 में (नवंबर, 2025 तक) 11 हो गई है। वैष्णव ने ट्रेन दुर्घटनओं को रोकने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, मानवीय चूक से होने वाले हादसों को कम करने के लिए 31 दिसंबर 2025 तक 6,656 स्टेशनों पर पॉइंट और सिग्नल के केंद्रीकृत परिचालन के साथ इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग व्यवस्था की है। वैष्णव के अनुसार, ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए 'कवच' को धीरे-धीरे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है और इसका वर्जन 4.0 दिल्ली-मुंबई मार्ग पर पलवल-मथुरा-कोटा-नागदा सेक्शन और दिल्ली-हावड़ा मार्ग पर हावड़ा-बर्धमान खंड में सफलता-पूर्वक चालू कर दिया गया है।



### रेलवे की 1,068 हेक्टेयर पर अतिक्रमण

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि 31 मार्च 2025 तक की स्थिति के अनुसार भारतीय रेल के पास कुल 4.99 लाख हेक्टेयर भूमि है, जिसमें से देश के विभिन्न हिस्सों में 1,068.54 हेक्टेयर भूमि पर लंबे समय से अतिक्रमण है। वैष्णव ने भूमि पर अतिक्रमण से जुड़े एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि रेलवे नियमित सर्वे कराता है और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करता है। उन्होंने कहा, अस्थायी प्रकृति के अतिक्रमण (झुग्गी, झोपड़ी और अस्थायी बस्तियां) रेलवे सुरक्षा बल और स्थानीय प्रशासन की मदद से हटाए जाते हैं। मंत्री ने कहा, जहां पक्के ढांचे बने हैं और बातचीत से समाधान संभव नहीं होता, वहां सार्वजनिक परिसर (अनधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 के तहत कार्रवाई की जाती है, और बेदखली राज्य सरकार तथा स्थानीय प्रशासन/पुलिस की सहायता से की जाती है।

## आरेडिका में दृष्टिबाधित कर्मियों के लिए विशेष तकनीकी कार्यशाला का आयोजन

**रायबरेली :** आरेडिका में महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा के संरक्षण तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त एवं प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी के संयुक्त मार्गदर्शन में राजभाषा विभाग द्वारा दृष्टिबाधित कर्मचारियों के लिए विशेष तकनीकी कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य दृष्टिबाधित कर्मियों की कार्यकुशलता बढ़ाना तथा उनकी क्षमताओं का उत्पादक और सही दिशा में उपयोग सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड, दिल्ली से हरेंद्र कुमार एवं शुभम कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने प्रतिभागियों को उपयोगी तकनीकी सॉफ़्टवेयर-जैसे चैटजीपीटी, जैमिनी, रेलवे की ई-ऑफिस प्रणाली-तथा दैनिक प्रशासनिक कार्यों के लिए आवश्यक विभिन्न कंप्यूटर अनुप्रयोगों के संचालन का प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला केवल सैद्धांतिक ही नहीं रही, बल्कि इसमें वास्तविक कार्यालय परिस्थितियों पर आधारित व्यावहारिक अभ्यास भी शामिल थे, ताकि कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर इन तकनीकों का प्रभावी उपयोग कर सकें। इस प्रशिक्षण में हरे कृष्ण योगी, उपासना अवस्थी, अंबुज कुमार सिंह, सुबोध गांधी, गोवर्धन गौर, सौरव कुमार, राजेश पाल आदि ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन के कुशल दिशानिर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



## न्यूज ब्रीफ

### युवा एशियाई पैरा खेल 2025 में भारतीयों का चमकदार प्रदर्शन

**दुबई:** भारत के पैरा खिलाड़ियों ने शुक्रवार को यहां युवा एशियाई पैरा खेल 2025 में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें बेबी सहाना रवि और विश्व विजय तांबे ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। सहाना रवि ने पैरा टेबल टेनिस के क्लास एसएफ-9 (अंडर-23) वर्ग में फिलीपींस की ले मैरी मैंगिनसे को सीधे सेटों में हराकर स्वर्ण पदक जीता। विजय तांबे ने उत्तर कोरिया के क्वांग नाम सो के खिलाफ कड़े मुकाबले के बाद क्लास एसएम-10 वर्ग में भारत के खाते रजत पदक जोड़ा। दस से 13 दिसंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट में 11 खेल स्पर्धाओं तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बोचया, गोलबॉल, पावरलिफ्टिंग, तैराकी, ताइक्वांडो, टेबल टेनिस, व्हीलचेयर बास्केटबॉल और पंजा में मुकाबला होगा। भारत ने 99 खिलाड़ियों का दल भेजा है जिसमें 61 पुरुष और 38 महिलाएं हैं जो आठ खेल स्पर्धाओं में मुकाबला करेंगे।

### विनेश फोगाट ने संन्यास से वापसी की, लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदक जीतना है लक्ष्य

**नयी दिल्ली:** भारत की शीर्ष पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को कहा कि उनका जोश और जज्बा अब भी पहले की तरह कायम है और वह 2028 में होने वाले लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों में एक बार फिर से ओलंपिक पदक जीतने के लिए संन्यास से वापसी करेंगी। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक खेलों में मिली निराशा के बाद खेल से दूरी बना ली थी। पेरिस ओलंपिक में उन्हें महिलाओं के 50 किलोग्राम वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबले से ठीक पहले निर्धारित वजन सीमा से 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था। उन्होंने खेल पंचाट (सीएएस) में संयुक्त रूप से रजत पदक देने की मांग की थी, लेकिन फैसला नहीं बदला गया, जिसके चलते उन्होंने संन्यास की घोषणा की और राजनीति में प्रवेश किया।

# सूर्यवंशी की रिकॉर्डतोड़ पारी से भारत ने अंडर-19 एशिया कप में यूएई को 234 रन से हराया

**दुबई:** वैभव सूर्यवंशी की 95 गेंद में 171 रन की ताबड़तोड़ पारी से भारत ने अंडर-19 वनडे एशिया कप के अपने शुरुआती मैच में शुक्रवार को यहां यूएई को 234 रन के बड़े अंतर से हराया। इस 14 साल के खिलाड़ी ने 14 छक्के लगाकर अंडर-19 वनडे क्रिकेट की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने अपनी पारी में नौ चौके भी जड़े। सूर्यवंशी की आतिशी पारी के अलावा विहान मल्होत्रा (55 गेंद में 69) और आरोन जॉर्ज (73 गेंद में 69) की अर्धशतकीय पारियों से भारत ने 50 ओवर में छह विकेट पर रिकॉर्ड 433 रन बनाये। यह अंडर-19 वनडे में भारत का सर्वाधिक स्कोर होने के साथ एशिया कप इतिहास का भी सर्वोच्च स्कोर है। यूएई की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए कभी भी भारत को टक्कर देने की स्थिति में नहीं दिखी।




टीम ने पृथ्वी मधु (50) और उद्धिश सूरी (नाबाद 78) की अर्धशतकीय पारियों से सात विकेट पर 199 रन बनाये। सूर्यवंशी की 171 रन की पारी अब युवा वनडे में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। यह रिकॉर्ड अंबाती रायुडु के नाम है जिन्होंने 2002 में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 177 रन बनाये थे। यह अंडर-19 वनडे में नौवा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सूर्यवंशी ने क्रीज पर आते ही यूएई के गेंदबाजों की खबर लेनी शुरू कर दी। उन्होंने 30 गेंद में अपना अर्धशतक और फिर 56 गेंद में शतक पूरा किया। बायें हाथ के इस बल्लेबाज ने जॉर्ज के साथ दूसरे विकेट के लिए 212 रन की साझेदारी की। वह 33वें ओवर में स्पिनर सूरी की गेंद पर आउट हुए। उनके आउट होने के बाद मध्य क्रम ने लय बनाए रखी, जिसमें वेदांत त्रिवेदी (34 गेंद में 38 रन), अभिज्ञान कुंडू (17 गेंद में नाबाद 32) और कनिष्क चौहान (12 गेंद में नाबाद 28) ने रनों का प्रवाह जारी रखते हुए भारत को 400 रन के आंकड़े के पार पहुंचाया। यूएई ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 53 रन तक छह विकेट गंवा दिये। सूरी और मधु ने इसके बाद सातवें विकेट के लिए 144 गेंद में 85 रन की साझेदारी कर टीम के हार को अंतर को कम किया। सूरी ने एक छोर संभाले रखा जिससे भारतीय टीम ने नौ गेंदबाजों के इस्तेमाल के बावजूद यूएई को ऑल आउट नहीं कर सकी।

## शतरंज विश्व टूर के आगाज के बावजूद विश्व चैंपियनशिप का महत्व बना रहेगा: प्रज्ञानानंदा



**मुंबई:** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने कहा कि शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर की शुरुआत के बावजूद पारंपरिक विश्व चैंपियनशिप अपना वर्चस्व बरकरार रहेगा। शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर अगले साल प्रायोगिक चरण में शुरू होने वाला है। शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर 2027 से वार्षिक आयोजन होगा जिसका उद्देश्य 'फास्ट', क्लासिक, रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज की तीनों विधाओं में चैंपियन तय करना है जबकि विश्व चैंपियनशिप क्लासिकल प्रारूप में आयोजित की जाती है। प्रज्ञानानंदा ने धारवी शतरंज चैंपियनशिप के इतर 'पीटीआई' को दिये साक्षात्कार में कहा, 'मैंने अभी नियमों को ठीक से नहीं पढ़ा है इसलिए मुझे नहीं पता कि सब कुछ कैसे आयोजित होने वाला है।' उन्होंने कहा, 'मुझे इतना पता है कि उस प्रतियोगिता (विश्व चैंपियनशिप) का विजेता कैंडिडेट्स के रूप में क्वालीफाई करेगा, जिसके मायने यह है कि विश्व चैंपियनशिप अब भी प्राथमिकता है।' नॉर्वे शतरंज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी केजेल मैडलैंड ने इस साल अक्टूबर में 'पीटीआई' को बताया था कि शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर के लिए अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के साथ एक दीर्घकालिक समझौता किया गया है। इस नये टूर्नामेंट को फिडे से आधिकारिक तौर पर मंजूरी मिल चुकी है। प्रज्ञानानंदा ने कहा कि नए टूर्नामेंटों से खिलाड़ियों के लिए शतरंज से जीविका कमाने के अवसर बढ़ेंगे। इसमें कुछ खिलाड़ी रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज की ओर भी रुख कर रहे हैं।

## पीटी उषा की सरकार से भारत में डोपिंगरोधी किट के उत्पादन को बढ़ावा देने की अपील



**नयी दिल्ली:** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य पी टी उषा ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत स्वदेशी डोपिंगरोधी परीक्षण किटों के उत्पादन को बढ़ावा देने का आग्रह किया और कहा कि इससे न केवल लागत कम होगी बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी। उषा ने राज्यसभा में यह मुद्दा उठाया और कहा कि परीक्षण किट आयात करने से परिणामों में देरी होती है और ऐसे में विदेशी कंपनियों पर निर्भरता बढ़ जाती है। एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार वर्तमान में दो स्विस कंपनियां बर्लिंगर और लॉकक्रॉन भारत में इन परीक्षण किटों की आपूर्ति कर रही हैं। उषा ने कहा, 'मैं इस सदन का ध्यान एक ऐसे मामले की तरफ खींचना चाहती हूं जो हमारे खिलाड़ियों की गरिमा और हमारे राष्ट्र की वैश्विक छवि को प्रभावित करता है। भारत को डोपिंग मुक्त खेल राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करने के लिए 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत डोपिंगरोधी किटों के स्वदेश में उत्पादन को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है।' उन्होंने कहा, ''डोपिंग बड़ा खतरा है जो निष्पक्ष खेल, खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और विश्व मंच पर हमारे देश की प्रतिष्ठा को लगातार खतरे में डाल रहा है। अभी हम उच्च गुणवत्ता वाले अधिकतर डोप परीक्षण किटों को आयात कर रहे हैं। इसमें काफी लागत आती है, परीक्षण में देरी होती है और बाहरी कंपनियों पर निर्भरता बढ़ जाती है।' भारत 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए बोली लगा रहा है और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश को अपने डोपिंग रिकॉर्ड में काफी सुधार करना होगा।

# मेस्सी भारत दौरे में धूम मचाने के लिए तैयार, लेकिन 2011 की तरह नहीं दिखेगा फुटबॉल जादू

कोलकाता, 12 दिसंबर (भाषा) अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी की 2011 के बाद शनिवार से शुरू होने वाली पहली भारतीय यात्रा चकाचौंध से भरपूर होगी लेकिन इसमें फुटबॉल का खास जादू देखने को नहीं मिलेगा। मेस्सी का यह दौरा यह 2011 की तुलना में पूरी तरह से अलग होगा जब यहां साल्ट लेक स्टेडियम में दर्शकों ने सुपरस्टार के पांवों का जादू देखा था। तब फीफा मैत्री मैच में अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 1-0 से हराया था और 85,000 से अधिक प्रशंसक स्टेडियम में जमा हुए थे। कुछ दर्शक तो स्टैंड के किनारों पर भी बैठे थे। आठ बार बैलोन डीओर जीतने वाले मेस्सी इस बार 'जीओएटी इंडिया टूर 2025' में फुटबॉल खेलने वाले नहीं हैं। यह पूरी तरह से प्रचार और व्यावसायिक रूप से आयोजित कार्यक्रम है, जो शनिवार को यहां शुरू होगा और सोमवार को नयी दिल्ली में समाप्त होगा। फिर भी एक ऐसे शहर के लिए यह बेहद खास है, जिसने कभी माराडोना तो कभी पेले सिर आंखों पर बिठाया तो कभी अपने फुटबॉल प्रेम से डुंगा को चकाचौंध किया और रोनाल्डिन्हो को गले लगाया। इसे देखते हुए फुटबॉल नहीं खेलने के बावजूद यह शहर मेस्सी को अपने सिर आंखों पर बिठाने के लिए तैयार है। आयोजकों ने सॉल्ट लेक स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम के लिए 78,000 सीटें सुरक्षित रखी हैं। यहां मेस्सी शनिवार को 45 मिनट तक चलने वाले एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके लिए टिकटों की कीमत 7,000 रुपये तक है। यह देखना हालांकि बाकी है कि फुटबॉल प्रेमी इस कार्यक्रम के प्रति कितना उत्साह दिखाते हैं। मेस्सी भारत में 72 घंटे से भी कम समय बिताएंगे, लेकिन इस दौरान वह चार महानगरों कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली का दौरा करेंगे। अपनी इस संक्षिप्त दौरे के दौरान उनके कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, कॉर्पोरेट जगत के दिग्गज, बॉलीवुड हस्तियां और यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ निर्धारित बैठक भी शामिल है। मेस्सी के प्रशंसकों में से एक भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल का भी 14 दिसंबर को धर्मशाला में होने वाले टी20 मैच के बाद उनसे मिलने की उम्मीद है। मेस्सी का पिछला भारत दौरा फुटबॉल प्रेमियों की स्मृतियों में आज भी जीवंत बना हुआ है, जब उन्होंने तीन सितंबर, 2011 को अपने पांवों का जादू दिखाकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया था। भले ही वह उस मैच में गोल नहीं कर पाए थे लेकिन उन्हें अपने सामने खेलते हुए देखना भी बहुत बड़ा रोमांच था।



लियोनेल मेस्सी आज लेक टाउन में श्री भूमि स्पोर्टिंग क्लब द्वारा बनाई गई अपनी 70 फुट ऊंची प्रतिमा का वर्चुअली उद्घाटन करेंगे

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका दौरे का समापन 4-1 की जीत से किया

**स्टेलनबोश (दक्षिण अफ्रीका):** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर एक भी मुकाबले में हार का सामना नहीं करना पड़ा जिसमें दो टेस्ट मैच और एक मैत्री मैच शामिल था। भारत ने रविवार को हुए पहले टेस्ट मैच में शिलानंद लाकड़ा, आदित्य अर्जुन लालगे और अमित रोहिदास के गोल की बदौलत 5-2 से जीत दर्ज की। सोमवार को खेला गया दूसरा टेस्ट 2-2 से ड्रॉ रहा जिसमें कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल दागे। वहीं बुधवार को खेले गए मैत्री मुकाबले में भी भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-1 से जीत हासिल की। इस मुकाबले में सुखजीत सिंह, अमित रोहिदास, हार्दिक सिंह और मनदीप सिंह ने गोल किए।

## स्क्वाश विश्व कप: दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से हराकर भारत सेमीफाइनल में

**चेन्नई:** भारत ने स्क्वाश विश्व कप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। अनुभवी जोशना चिनप्पा, उभरती स्टार अनाहत सिंह और दुनिया के 29वें नंबर के खिलाड़ी अभय सिंह ने क्वार्टर फाइनल में जबरदस्त प्रदर्शन किया। अब भारत का मुकाबला मौजूदा चैंपियन मिस्र से होगा। जोशना ने पहले महिला एकल में टीगन रसेल को महज 13 मिनट में 3-0 (7-4, 7-4, 7-2) से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दी। अभय ने डेवाल्ड वैन नीकर्क पर 3-0 (7-1, 7-6, 7-1) से जीत हासिल करके बढ़त दोगुनी कर दी। टूर्नामेंट की सबसे कम उम्र की प्रतिस्पर्धी अनाहत ने हेली वार्ड के खिलाफ 3-0 (7-3, 7-3, 7-4) की आसान जीत के साथ भारत की सेमीफाइनल में जगह पक्की कर दी। इससे पहले शीर्ष वरीय मिस्र ने ऑस्ट्रेलिया को 3-0 से हराकर आसानी से सेमीफाइनल में जगह बना ली थी।





## सड़क सुरंगों के धंसने की रोकथाम, बचाव के लिए सड़क परिवहन मंत्रालय ने दिशानिर्देश जारी किए

**नयी दिल्ली:** सड़क सुरंग परियोजनाओं की सुरक्षा और संरचनात्मक मजबूती सुनिश्चित करने के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि सुरंग मार्ग तय करते समय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग (जीएसआई) द्वारा प्रकाशित भूवैज्ञानिक मानचित्रों और राष्ट्रीय भूस्खलन संवेदनशीलता मानचित्रों का अध्ययन अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। दिशानिर्देशों के अनुसार, किसी भी परियोजना के अनुबंध से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे समय-सीमा, विभिन्न चरणों का निर्धारण, बदलावों की स्थिति में प्रावधान, जोखिम साझा करने के उपाय और अप्रत्याशित आपदाओं से संबंधित प्रावधान स्पष्ट रूप से तय होने चाहिए, ताकि परियोजना के दौरान विवाद की स्थिति न बने। मंत्रालय ने यह भी बताया कि सुरंग के आकार का निर्धारण केवल स्थान की आवश्यकता देखते हुए नहीं, बल्कि उसकी संरचनात्मक मजबूती को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। इसके साथ ही यह भी कहा गया कि सुरंग की दीर्घकालिक सुरक्षा के लिए भूजल प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस कारण डिजाइन में जलरोधक व्यवस्था और जलनिकासी के उचित प्रावधान शामिल होने चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि जहां भूकंप की गतिविधियां अधिक होती हैं, वहां सुरंग डिजाइन में भूकंप से उत्पन्न होने वाले संभावित दबाव और कंपन का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है।

## सेबी के अधिकारी निजी संपत्ति के सार्वजनिक खुलासे की गोपनीयता को लेकर चिंतित: चेयरमैन

**मुंबई :** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को कहा कि बाजार नियामक के वरिष्ठ अधिकारियों ने अपनी निजी संपत्ति का विवरण सार्वजनिक करने को लेकर गोपनीयता से जुड़ी चिंताएं जाहिर की हैं। सेबी प्रमुख ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि हितों के टकराव के प्रबंधन पर गठित समिति की रिपोर्ट को सेबी के निदेशक मंडल की अगली बैठक में चर्चा के लिए रखा जाएगा। इस समिति ने बाजार नियामक के वरिष्ठ अधिकारियों की संपत्ति और देनदारियों के विवरण को अनिवार्य रूप से सार्वजनिक करने की सिफारिश की है। पांडेय ने समाचारपत्र 'मिंट' के कार्यक्रम में कहा, इस बारे में गोपनीयता के आधार पर कुछ चिंताएं हैं। अधिकारी इस जानकारी को आंतरिक रूप से किसी स्वतंत्र इकाई को देने में हिचक नहीं रहे, लेकिन इसे सार्वजनिक करने को लेकर उन्हें आपत्ति है। उन्होंने साफ किया कि समिति की अधिकांश सिफारिशों से सेबी नेतृत्व सहमत है और उन पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। यह समिति पांडेय के कार्यभार संभालने के बाद लिए गए पहले बड़े फैसलों में से एक थी। उनकी पूर्ववर्ती माधबी पुरी बुच के खिलाफ हितों के टकराव और विवरणों के खुलासों में कमी को लेकर आरोप लगे थे। पांडेय ने यह भी कहा कि सेबी कोष प्रबंधकों के लिए एकसमान विनियमन लाने पर विचार कर रहा है, जिसमें म्यूचुअल फंड, वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ), पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाएं (पीएमएस) और अन्य श्रेणियां शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि इस समय अलग-अलग लाइसेंसों के लिए अलग-अलग योग्यता की जरूरत होती है, जिससे प्रक्रिया जटिल और महंगी हो जाती है। एकसमान नियम होने से अनुपालन लागत और समय दोनों कम होंगे।

# बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 450 अंक उछला, निफ्टी 26,000 पार

**मुंबई:** सकारात्मक वैश्विक संकेतों और धातु शेयरों में लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन चढ़कर बंद हुआ। सेंसेक्स में 449 अंकों की तेजी रही जबकि निफ्टी एक बार फिर 26,000 के स्तर के पार पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 449.53 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की बढ़त के साथ 85,267.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 502.69 अंक चढ़कर 85,320.82 तक पहुंच गया था। एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी 148.40 अंक यानी 0.57 प्रतिशत मजबूत होकर 26,046.95 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील, इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट,



एलएंडटी, मारुति और भारती एयरटेल के शेयर चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा, आईटीसी और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर में कटौती किए जाने के बाद वैश्विक निवेशकों की जोखिम लेने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इससे रुपये में गिरावट जारी रहने और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बावजूद तरलता में सुधार की उम्मीद बनी और घरेलू बाजारों को सहारा मिला। नायर ने कहा कि व्यापक बाजार सूचकांकों में हाल की गिरावट के बाद एक बार फिर खरीदारी की प्रवृत्ति देखी जा रही है। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.14 प्रतिशत उछल गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.65 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड में सर्वाधिक 2.58 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इसके साथ जिंस खंड में 1.84 प्रतिशत, रियल्टी खंड में 1.47 प्रतिशत और सेवा खंड में 1.34 प्रतिशत की बढ़त रही। सिर्फ एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान) खंड में गिरावट रही।

### मंत्रिमंडल ने भारत-ओमान व्यापार समझौते को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को भारत और ओमान के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को मंजूरी दे दी। इस समझौते पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 17-18 दिसंबर को ओमान यात्रा के दौरान हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। एफटीए पर बातचीत नवंबर 2023 में औपचारिक रूप से शुरू हुई थी जो इस वर्ष संपन्न हो गई। आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी 15 दिसंबर से जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की चार दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। बयान के मुताबिक अपनी यात्रा के तीसरे और अंतिम चरण में मोदी सुल्तान हैथम बिन तारिक के निमंत्रण पर 17 से 18 दिसंबर तक ओमान का दौरा करेंगे। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के भी समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए ओमान जाने की उम्मीद है। एफटीए में दोनों व्यापारिक साझेदार द्विपक्षीय व्यापार वाली वस्तुओं की अधिकतम संख्या पर सीमा शुल्क को काफी हद तक कम या समाप्त कर देते हैं। वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश आकर्षित करने के लिए नियमों में ढील भी देते हैं।

## बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई को मंत्रिमंडल की मंजूरी, संसद में होगा पेश

**नयी दिल्ली:** देश में बीमा कवरेज बढ़ाने और इस क्षेत्र में अधिक पूंजी आकर्षित करने के लक्ष्य के तहत केंद्र सरकार ने शुक्रवार को बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह विधेयक संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र में ही पेश किया जा सकता है। यह सत्र 19 दिसंबर को समाप्त होने वाला है। लोकसभा के एक बुलेटिन के मुताबिक, बीमा कानून (संशोधन) विधेयक, 2025 को संसद के मौजूदा सत्र की कार्यसूची में शामिल किया गया है। इस विधेयक का उद्देश्य बीमा क्षेत्र में प्रसार बढ़ाना, वृद्धि की रफ्तार बढ़ाना और कारोबारी सुगमता में सुधार लाना है। सूत्रों ने कहा कि सरकार इस विधेयक को सोमवार को संसद में पेश कर सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 का आम बजट पेश करते समय बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश सीमा को 100 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा था। अब तक बीमा क्षेत्र में 82,000




करोड़ रुपये का विदेशी निवेश आ चुका है। वित्त मंत्रालय ने बीमा अधिनियम, 1938 के कई प्रावधानों में बदलाव का प्रस्ताव रखा है। इनमें बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा को बढ़ाकर 100 प्रतिशत करना, न्यूनतम चुकता पूंजी को घटाना और संयुक्त बीमा लाइसेंस की व्यवस्था शुरू करना शामिल है। सूत्रों के मुताबिक, विधेयक में यह प्रावधान रखा गया है कि बीमा कंपनियों के शीर्ष प्रबंधन- चेयरमैन, प्रबंध निदेशक (एमडी) या मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) में से कम-से-कम एक व्यक्ति का भारतीय नागरिक होना अनिवार्य होगा। समग्र विधायी प्रक्रिया के तहत बीमा अधिनियम, 1938 के साथ एलआईसी अधिनियम, 1956 और इरडा अधिनियम, 1999 में भी संशोधन किए जाएंगे। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन इसके निदेशक मंडल को शाखा विस्तार और भर्ती जैसे संचालन संबंधी निर्णय स्वतंत्र रूप से लेने का अधिकार देगा। इससे पॉलिसीधारकों की सुरक्षा बढ़ेगी, नई कंपनियों का प्रवेश आसान होगा और बीमा क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा एवं नवाचार बढ़ेगा।

## न्यूज अपडेट

### चांदी 5,100 रुपये बढ़कर 1.99 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को चांदी की कीमत में लगातार तीसरे दिन तेजी आई और यह 5,100 रुपये बढ़कर 1,99,500 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों की सतत वैश्विक मांग के बीच चांदी के भाव में तेजी आई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। चांदी बृहस्पतिवार को 2,400 रुपये बढ़कर 1,94,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इससे एक दिन पहले बुधवार को इसमें 11,500 रुपये की तेजी आई थी। सर्राफा संघ के अनुसार, स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,110 रुपये बढ़कर 1,33,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,32,490 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### विदेशी मुद्रा भंडार एक अरब डॉलर बढ़कर 687.26 अरब डॉलर पर

**मुंबई:** देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 1.03 अरब डॉलर बढ़कर 687.26 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.88 अरब डॉलर घटकर 686.23 अरब डॉलर रह गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, पांच दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.51 अरब डॉलर घटकर 556.88 अरब डॉलर रह गईं।

### रुपया नौ पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 90.41 प्रति डॉलर पर

**मुंबई:** अमेरिका मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को नौ पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 90.41 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कीमती धातुओं की वैश्विक कीमतों में उछाल के बीच आयातकों द्वारा डॉलर की आक्रामक खरीद से भी रुपये पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.43 पर खुला। फिर लुढ़कता हुआ रिकॉर्ड निचले स्तर 90.56 प्रति डॉलर पर आ गया। अंत में यह 90.41 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की गिरावट है।

### खाने का सामान महंगा होने से नवंबर में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 0.71 प्रतिशत पर पहुंची

**नयी दिल्ली:** खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में बढ़कर 0.71 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि अक्टूबर में यह 0.25 प्रतिशत के रिकॉर्ड निचले स्तर पर थी। सरकारी आंकड़ों से शुक्रवार को यह जानकारी मिली। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में लगातार दसवें महीने आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य के नीचे रही। यह लगातार दूसरा महीना है जब खुदरा मुद्रास्फीति एक प्रतिशत से भी कम रही। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में खाद्य मुद्रास्फीति में 3.91 प्रतिशत की गिरावट रही, जबकि अक्टूबर में यह गिरावट 5.02 प्रतिशत थी। नवंबर में कुल (हेडलाइन) और खाद्य मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी मुख्य रूप से सब्जियों, अंडे, मांस एवं मछली, मसाले, ईंधन और बिजली की कीमतों में वृद्धि के कारण हुई। ईंधन और बिजली की मुद्रास्फीति नवंबर में 2.32 प्रतिशत रही, जो अक्टूबर में 1.98 प्रतिशत थी।

### वित्त मंत्रालय ने शिकायत निपटान के आधार पर बैंकों और बीमा कंपनियों की रैंकिंग शुरू की

**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्रालय ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समय पर निपटान के आधार पर सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों तथा सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों की रैंकिंग शुरू की है। इस पहल का मकसद शिकायत निवारण व्यवस्था में सुधार लाना है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस साल जून में शुरू की गई इस पहल से इन वित्तीय संस्थानों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3441 अंक 251, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in